SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 284 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 12 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक पर पुलिस अधिकारियों की कार्रवाई पेज 3 | भारत के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्री पेज 4 | ताजनगरी आगरा में दौड़ेगी ऑटोमैटिक मेट्रो, आधुनिक तकनीकों... पेज 5 | मुख्यमंत्री पैसे लेने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करें या फिर... पेज 8

## असम में बहुविवाह पर 2024 से पहले लगेगी रोक : सीएम




**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को कहा कि असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध 2024 से पहले लगाया जाएगा। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध को लागू करने पर विस्तृत अध्ययन के लिए एक समिति के गठन की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज शाम तक इसका गठन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस साल के अंत तक, 2024 से पहले हमारे पास असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून हो सकता है। शर्मा की टिप्पणी तीन दिन बाद आई है जब उन्होंने एक ट्वीट में कहा था कि असम सरकार ने यह जांचने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने का फैसला किया है कि क्या राज्य विधानमंडल को राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने का अधिकार है। समिति मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अधिनियम, 1937 के प्रावधानों की जांच भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के साथ-साथ राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत के साथ करेगी। समिति एक सुविचारित निर्णय पर पहुंचने के लिए कानूनी विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेगी। इससे पहले, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए शर्मा के दबाव की आलोचना की थी। उन्होंने जवाब में कहा था कि राज्य में बहुत -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में पेट्रोल 300 रुपए के पार, सब्जियों के दाम ने छुआ आसमान



**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 8 दिनों चल रही हिंसा के कारण आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। 100 रुपए लीटर मिलने वाले पेट्रोल की कीमत 270 से 300 रुपए के बीच पहुंच गई है। वहीं साब्जियों के दाम भी दोगुने हुए हए है। जानकारी के अनुसार सरकार ने भी संघर्षग्रस्त जिलों में कुछ घंटों के लिए कर्फ्यू में ढील दी है। राज्य के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य इंफाल वेस्ट में बीरेन सरकार ने बुधवार को सुबह 5 बजे से 11 बजे तक छह घंटे के लिए प्रतिबंध में ढील देने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार इंफाल घाटी में चिलचिलाती गर्मी में लोगों को पेट्रोल पंपों की लाइन में लगना पड़ रहा है। इंफाल के एक निवासी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि काला बाजारी के चलते उन्होंने 280 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल खरीदना पड़ा। बढ़ती कीमत के साथ ईंधन में भी अत्यधिक मिलावट देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि चीजों की कालाबाजारी के चलते उनके दैनिक चीजों को खरीदने में काफी दिक्कत हो रही है, जिसके चलते वो अपना परिवार नहीं चला पा रहे है। वहीं आपकों बता दे कि ईंधन के अलावा खाद्य तेल, दालें, -शेष पृष्ठ दो पर

### सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग, एक कमांडो शहीद, तीन घायल

**इंफाल (हि.स.)।** शांतिपूर्ण दिख रहा मणिपुर एक बार फिर अशांत हो गया है। बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के सीमावर्ती कामभाई इलाके में गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस का एक कमांडो बलिदान हो गया। इसके अलावा तीन लोग घायल हो गए। राज्य पुलिस मुख्यालय -शेष पृष्ठ दो पर

## रंजन गोगोई के खिलाफ मानहानि का मामला



**गुवाहाटी।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ असम की एक स्थानीय अदालत में मानहानि का मामला दायर किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता और असम पब्लिक वर्क्स (एपीडब्ल्यू) के अध्यक्ष अभिजीत शर्मा ने यह याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने एक करोड़ रुपए की मानहानि का दावा करते हुए पूर्व सीजेआई की आत्मकथा पर रोक लगाने की मांग की है। इस याचिका में आत्मकथा के प्रकाशक -शेष पृष्ठ दो पर

## श्राद्ध भोज में फूड पॉइजनिंग 40 लोग बीमार



**ग्वालपाड़ा।** असम के ग्वालपाड़ा जिले में चौंका देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, ग्वालपाड़ा जिले में मृत्यु भोज कार्यक्रम में कई लोग शामिल हुए थे, लेकिन वे सभी फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इस कार्यक्रम में पुरुष, महिलाओं और बच्चे शामिल हुए थे। वहां फूड पॉइजनिंग कम से कम 40 लोग बीमार पड़ गए। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों को तुरंत रंगजुली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने कहा कि यह फूड प्वाइजनिंग का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि बुधवार को ग्वालपाड़ा जिले के मरियमपुर इलाके में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम में वहां पहुंचे लोगों ने वहां भोजन किया लेकिन, भोजन करने के बाद कम से कम 40 लोग बीमार पड़ गए। पुलिस ने कहा कि मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल हुए कुछ लोगों को जब खाना खाने के बाद -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी (असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक-पत्रिकाओं के संरक्षण के लिए तैयार वेबसाइट का शुभारंभ



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को जनता भवन स्थित मुख्यमंत्री सभागार में आयोजित एक समारोह में नंद तालुकदार फाउंडेशन के तहत राज्य के बौद्धिक क्षेत्र को समृद्ध करने वाली पुस्तक पत्रिकाओं के संरक्षण के लिए तैयार की गई वेबसाइट का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। इस योजना के अनुसार डिजिटलीकरण असम परियोजना के तहत, 1813 और 1970 के बीच सभी दुर्लभ असमिया पुस्तकों को डिजिटाइज करने और उन्हें भविष्य के लिए संरक्षित करने और उन्हें दुनिया के हर हिस्से से आसानी से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के पहले हिस्से के रूप में, 1840-1970 के बीच की अवधि वाली पत्रिका के हिस्से को शामिल कर लिया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## द केरल स्टोरी मुसलमानों के नहीं, बल्कि आईएसआईएस के खिलाफ : हिमंत



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने अपने मंत्रियों और विधायकों के साथ गुरुवार को बहुचर्चित फिल्म द केरल स्टोरी देखी। यह फिल्म उन्होंने गुवाहाटी के पीवीआर सिनेमा हॉल में देखी। मुख्यमंत्री ने असम के लोगों से अपने परिवारों, खासकर अपनी बेटियों के साथ इस फिल्म को देखने का आग्रह किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम द केरल स्टोरी से बहुत कुछ सीख ले सकते हैं, जैसे भविष्य की समस्याओं से कैसे बच जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में अपनी परंपराओं और संस्कृति के साथ बचपन से ही जुड़े रहें। हमारे आस-पास, हमारी बड़ी हो रही लड़कियों को हम सिखाएं कि उसे किसके साथ दोस्ती करनी है। परिवार को इस पर नजर रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री का मानना है कि इस फिल्म को हर किसी को अपने परिवार के साथ देखना चाहिए, खासतौर पर अपनी बेटियों के साथ, ताकि न केवल आतंकवाद की लगातार हो रही घटनाओं को, बल्कि असम में लव जिहाद की घटनाओं को भी खत्म कर सकें। उन्होंने द केरल स्टोरी के निर्माताओं, कलाकारों और उन युवतियों का भी धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, -शेष पृष्ठ दो पर

door graphy
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## कोरोना संक्रमित तीन में एक बच्चे के फेफड़े सामान्य नहीं



**नई दिल्ली।** वयस्कों की तरह छोटे बच्चों के फेफड़ों पर भी कोरोना वायरस का गंभीर असर पड़ रहा है। देश में पहली बार दिल्ली के डॉक्टरों ने एक चिकित्सा अध्ययन में यह दावा किया है कि तीन में से एक कोरोना संक्रमित बच्चे के फेफड़े सामान्य नहीं मिल रहे हैं। कोविड से उभरने के बाद इन बच्चों के फेफड़ों की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और दिल्ली के सबसे बड़े कोविड केंद्र लोकनायक अस्पताल के डॉक्टरों ने मिलकर यह अध्ययन किया है जिसे मेडिकल जर्नल मेडरेक्सिव में प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा : चलती गाड़ी में किया सामूहिक दुष्कर्म, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**अगरतला।** त्रिपुरा में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, पश्चिमी त्रिपुरा जिले के आमतोली बाईपास के पास एक लड़की से हैवानियत की गई। आमतोली बाईपास पर हैवानों ने कॉलेज की एक छात्रा से चलती गाड़ी में कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे गंभीर हालत में सड़क पर अकेला छोड़ कर वहां से फरार हो गए। यह घटना सोमवार देर रात हुई। पीड़िता को जीबी पंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस निदंनीय घटना में शामिल मुख्य आरोपी गौतम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता की मुख्य आरोपी से पहले से ही जान-पहचान है। जिस दिन घटना हुई तब भी पीड़िता पूरे दिन -शेष पृष्ठ दो पर

## इमरान खान रिहा, आज इस्लामाबाद हाई कोर्ट में होगी पेशी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया है और उन्हें तुरंत रिहा करने के आदेश भी दिए है। इमरान खान को कल इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया है। खान की गिरफ्तारी के बाद से पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस बीच देश की सुप्रीम कोर्ट ने आज उन्हें अदालत में पेश करने -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*ईश्वर मूर्तियों में नहीं है। आपकी भावनाएं ही आपका ईश्वर है। आत्मा आपका मंदिर है।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### असम-मेघालय सीमा पर झड़प, दो घायल

**हामरेन।** खासी समुदाय के लोगों के एक समूह द्वारा कथित रूप से अंतर्राज्यीय सीमा पार करने और एक चाय बागान में तोड़फोड़ करने के बाद असम-मेघालय सीमा पर एक गर्म स्थिति पैदा हो गई। यह घटना असम की तरफ पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले में स्थित एक पहाड़ी शहर हामरेन से बताई गई है। सूत्रों ने कहा कि बदमाश कथित तौर पर बगीचे में घुस गए और चाय बागान को नष्ट कर दिया। परिसर में स्थित एक चौकी को भी उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान हिंसा के पीछे आरएसएस-भाजपा भारत में जश्न : शहबाज सरकार का दावा



**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई कार्यकर्ता और समर्थक देशभर में हिंसक प्रदर्शन कर रहा है। वहीं मंगलवार से पाकिस्तान में हो रही हिंसा को रोकने में असफल शहबाज सरकार अजीबोगरीब दावा कर रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक अत्ता तरार ने दावा किया है कि इस हिंसा में आरएसएस और भाजपा का हाथ है और इन्होंने भारत से लोग भेजे हैं जो पाकिस्तान में तोड़-फोड़ और आगजनी कर रहे हैं। अत्ता तरार ने बुधवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में साफ-साफ कहा कि जो लोग तोड़-फोड़ और आगजनी कर रहे हैं, वे भारत से आरएसएस और भाजपा द्वारा भेजे गए लोग हैं। तरार ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के बाद भारत में जश्न मनाया गया। भाजपा और आरएसएस ने इसका जश्न मनाया, मिठाइयां बांटी गईं। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ है वो आरएसएस के कहने पर हुआ है। दरअसल पाकिस्तान के पूर्व -शेष पृष्ठ दो पर

## नीतीश ने की शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात




**मुंबई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि अगर अधिक से अधिक विपक्षी दल एक साथ काम करते हैं और एकजुट होते हैं तो अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ मुकाबले में अच्छे परिणाम आएंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ मुंबई में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे के आवास पर उनसे मुलाकात करने के बाद कुमार संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब सभी एक साथ लड़ेंगे तो मुकाबला (भाजपा के साथ) होगा। (विपक्षी दलों को) अच्छी सफलता मिलेगी और देश सही दिशा में आगे बढ़ेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्षी दल तय करेंगे कि उनकी अगली बैठक कब होगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ही है... देश हित में काम करना। कुमार ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# जम्मू-कश्मीर के 4 जिलों में एनआईए की छापेमारी

## टेरर फंडिंग मामला

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी द्वारा आतंकी फंडिंग मामले की चल रही जांच में गुरुवार को कश्मीर में करीब 12 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़ेगाम और बारामूला जिले में 11 स्थानों पर तलाशी जारी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जम्मू-कश्मीर में एक गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेइएल) द्वारा आतंकी फंडिंग के मामले में छापेमारी की जा रही है। जेइएल को फरवरी 2019 में केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। कश्मीर में 21 से 23 मई तक होने वाली जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक से पहले (अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने वाली पहली बड़ी अंतर्राष्ट्रीय घटना है) एनआईए ने उग्रवादियों, उनके सहयोगियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स और फाइनेंसरों के खिलाफ अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने पिछले दो दिनों में दो अलग-अलग मामलों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। गौरतलब है कि गत मंगलवार को एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में राजौरी में पांच सैनिकों की हत्या के पीछे समूह सहित नए उग्रवादी संगठनों पर कारवाई की और पूरे प्रदेश में 16 स्थानों पर तलाशी ली। एक दिन बाद, एनआईए ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया। बता दें कि इससे पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी गतिविधि मामले के एक आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस कार्रवाई के तहत दक्षिणी कश्मीर जिले के अंवतीपोरा में छह दुकानें जब्त की गईं। अधिकारियों ने कहा कि यह संपत्ति फयाज अहमद माग्रे से संबंधित है, जो एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले में आरोपी है। उन्होंने कहा कि संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत की गई है।

# 10वीं और 12वीं का रिजल्ट इसी माह के अंतिम सप्ताह में जारी होने की उम्मीद

**गुवाहाटी।** बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, असम सेबा जल्द ही असम एचएसएतसी रिजल्ट 2023 जारी करेगा। पिछले रुझानों के बाद, कक्षा 10वीं का परिणाम मई के अंतिम सप्ताह में जारी होने की उम्मीद है। अभी तक, परिणाम जारी करने की तारीख और समय के बारे में कोई आधिकारिक अपडेट नहीं है। एक बार आधिकारिक घोषणा किए जाने के बाद, इसे यहां अपडेट कर दिया जाएगा। असम एचएसएलसी परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। असम बोर्ड 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 20 मार्च, 2023 के बीच आयोजित की गई थी। पिछले साल, असम एचएस परिणाम 27 जून, 2022 को घोषित किया गया था। हालांकि, इस साल परिणाम मई के अंतिम सप्ताह में आने की उम्मीद है। असम बोर्ड कक्षा 11 में प्रवेश और अन्य पाठ्यक्रम सेबा एचएसएतसी परिणाम 2023 के तुरंत बाद खोले जाएंगे। असम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड छात्रों को संदर्भित करने के लिए एक आधिकारिक सूचना जारी करेगा। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 3 मार्च से 1 अप्रैल, 2023 के बीच आयोजित की गई थीं। असम सेबा 10वीं की परीक्षा के दौरान अंग्रेजी और सामान्य विज्ञान का पेपर लीक हो गया था। पेपर लीक होने के कारण सेबा और असम सरकार ने इन परीक्षाओं को फिर से कराने का फैसला किया। असम बोर्ड परीक्षा में पास होने के लिए उम्मीदवारों को सभी विषय में कम से कम कम 30 प्रतिशत अंक हासिल करने की जरूरत होगी। अगर वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें पूरक परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उसी का विवरण परिणाम तिथि पर घोषित किया जाएगा। सेबा एचएसएतसी परिणाम 2023 की घोषणा के कुछ दिनों के बाद मूल परिणाम मार्कशीट और प्रमाण पत्र स्कूलों के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए, कोई भी आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकता है।

# अवैध लकड़ी व्यवसाय के विरुद्ध वन विभाग ने की कार्रवाई

**ग्वालपाड़ा (हिंस)।** राज्य के ग्वालपाड़ा जिला के कृष्णाई वन विभाग कार्यालय द्वारा एक अवैध लकड़ी व्यवसायी के विरुद्ध जोरदार अभियान चलाकर अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे वाहन को जब्त किया गया है। वन विभाग के सूत्रों ने आज (गुरुवार) को बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कृष्णाई के निकटवर्ती दहेला के सिंगीजानी इलाके में साल की लकड़ी ले जा रहे एक वाहन को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। लकड़ी तस्कर वाहन के जरिए दहेला होते हुए मटिया की ओर जा रहे थे, जिसे पकड़ा गया। लकड़ी समेत वाहन को कृष्णाई मध्य आंचलिक वन पदाधिकारी कार्यालय में ले जाया गया। इस सिलसिले में वन विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नगांव से तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** बांग्लादेश के तीन लोगों को नगांव जिलांतर्गत धिंग पुलिस ने धार्मिक प्रचार को बढ़ावा देने के आरोप में बुधवार की रात तीनों बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि पर्यटक वीजा पासपोर्ट पर भारत में पहुंचे बांग्लादेश के नागरिक ख्वाजा आमिर फैसल (31), मोहम्मद समसूद दोहर (33) और मोहम्मद मासूद रहमान यहां धार्मिक प्रचार को बढ़ावा देने में जुटे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने धिंग के चर इलाके सोनसेरी से बीती रात में तीनों बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

# जलशक्ति मंत्री ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**जोधपुर (हिंस)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गुरवार सुबह जोधपुर पहुंचे। जोधपुर पहुंचने पर कई भाजपा नेताओं ने अगवानी कर उनका अभिनंदन किया। बाद में मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। उनके ही मंत्री असंतुष्ट नजर आ रहे है। उनके ही सरकार के खिलाफ यात्राएं निकाल रहे है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। शेखावत ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री गहलोत ने विधायकों के खरीद फरोख्त के बारे में कह दिया कि जिन विधायकों ने पैसा लिया है वे लौटा थे, कुछ खर्च हो गए है तो वे मदद कर देंगे।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त

**कामरूप (हिंस)।** जिले के हाजो के गेरुआ में आबकारी विभाग ने छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध रूप से छुपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब जब्त की है। आबकारी सूत्रों ने गुरुवार को बताया है कि छापेमारी के दौरान शराब की 20 पेटियां जब्त की गई हैं। गेरुआ के सत्य कलिता की दुकान से अवैध शराब जब्त की गई। हाजो पुलिस स्टेशन से महज 1.5 किमी की दूरी पर दुकान में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चलने की शिकायतें मिल रही थीं। तीर्थ नगरी के रूप में प्रसिद्ध हाजो में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध है। आबकारी विभाग ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इस संबंध में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, चार घायल

**कामरूप (हिंस)।** जिले के रंगिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर मरानजान में गुरुवार को हुए सड़क दुर्घटना में चार लोग हो गए। इनमें से कार चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया कि रंगिया के खांडीकर से शुवालकुची जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। हादसे में कार चालक शुवालकुची निवासी ताजेर अली (26) गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में कार सवार तीन अन्य युवक घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने रंगिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुंबई में डी कंपनी से जुड़े छह ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई में डी कंपनी से जुड़े छह ठिकानों पर नकली भारतीय मुद्रा के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की है। इस दौरान जांच एजेंसी ने कई संवेदनशील सामग्री जब्त की है लेकिन इसकी अधिकृत जानकारी एजेंसी की ओर से मीडिया को नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2021 में ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 2.98 लाख रुपए के नकली नोट सहित रियाज और नसीर को गिरफ्तार किया था। इस मामले में इन दोनों आरोपितों की डी कंपनी के बीच कनेक्शन पाई गई थी। इसी सिलसिले में आज एनआईए की टीम ने आरोपितों के सहयोगियों के घरों और कार्यालयों पर छापा मारा और धारदार हथियार, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं।

# नगांव के शेनसोवा में ट्रक चालक से लूट

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिला के शेनसोवा में बीती रात कुछ बदमाशों ने एक ट्रक चालक की पिटाई कर उसके पास से नकदी छीन ली। इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। ट्रक चालक मैनुल हक ने बताया कि वह एक मिनी ट्रक में सामान लेकर खटवाल से गुवाहाटी जा रहा था। इसी दौरान एक कार में सवार बदमाशों के एक समूह ने शेनसोवा में ट्रक का पीछा कर रोक दिया। बाद में बदमाशों ने मेरे साथ (ट्रक चालक) मारपीट की और 27 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन छीन लिया।

**SRI SRI ANIRUDDHADEVA SPORTS UNIVERSITY, CHABUA, ASSAM**
(A State University of Assam Govt. Recognized by UGC under 2(f) Category)
**NOTICE INVITING TENDER**
Sealed Tenders are invited from reputed printing press for **"Printing & supply of Annual Reports & Newsletters"** of Sri Sri Aniruddhadeva Sports University, Chabua, Dibrugarh Assam. For further details and download the tender documents, kindly visit the official website www.sasu.ac.in & https://sppp.assam.gov.in portal.

Last date for submission of bid- 01.06.2023 upto 2.00 PM.
No. SASU/CHB/AR/92/2021/ dated. 11.05.2023.

***-- Janasanyog /C/2504/23*** Registrar

# पृष्ठ एक का शेष

### असम में बहुविवाह पर...

सारी समस्याएं हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अन्य चीजों में व्यस्त हैं। अजमल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने कहा था कि वह (बदरुद्दीन अजमल) हमारे विरोधी हैं। अगर वह मेरा समर्थन करते हैं, तो अगले चुनाव में लोग उन्हें कैसे वोट देंगे? इसलिए मैं अजमल को महत्व नहीं देता।

### मणिपुर में पेट्रोल 300...

सब्जियां, फल, मछली और मांस सहित आदि चीजों के दाम तेजी से बढ़े हैं। जो मूली अभी तक 90 रुपए किलो मिल रही थी, उसकी कीमत बढ़कर 180 रुपए हो गई है, जबकि भिंडी और खीरा की कीमत क्रमश: 100 रुपए और 90 रुपए में मिल रहा है। इस बीच, मणिपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (एमपीडीए) ने मंत्री एल सुसिंद्रो से आग्रह किया है कि कर्फ्यू में छूट के घंटों के दौरान सभी ईंधन स्टेशनों को खोलने की अनुमति दी जाए। वहीं नेशनल डेमोक्रेटिक मूवमेंट की पीपुल्स एक्शन ने सभी दुकानदारों को आवश्यक वस्तुओं की कीमत में वृद्धि नहीं करने के लिए कहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दुकानों पर खाद्य पदार्थों का औचक निरीक्षण करने का भी आदेश दिया है।

### सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग...

के एक सूत्र ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि गुरुवार को कुकी और मैतेई समुदायों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। इसकी सूचना मिलने पर मणिपुर पुलिस का कमांडो बल घटनास्थल की ओर रवाना हुआ था। बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के बीच कामभाई इलाके के मोलंगोट गांव में सुरक्षाबलों पर कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। उनकी गोली ये मणिपुर पुलिस का एक कमांडो बलिदान हो गया और तीन अन्य गोली लगने से घायल हो गए। इस घटना में हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। सरकारी सूत्र ने यह भी कहा कि इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान कुछ घरों में आग लगा दी गई। बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिले में हिंसा की ताजा घटनाओं से तनाव का माहौल है। इस बीच घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। संदिग्ध उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसंपर्क राज्य मंत्री सपम रंजन सिंह ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि राज्य सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है। प्रत्येक संवेदनशील इलाकों में शांति बनी हुई है। इस बीच आज फिर से हिंसा फैलने से राज्य सरकार की चिंता बढ़ गयी हैं।

### रंजन गोगोई के...

पर भी आरोप लगाए गए हैं। कामरूप मेट्रो जिला अदालत में दाखिल याचिका में अभिजीत शर्मा ने कहा है कि पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई और उनकी आत्मकथा *जस्टिस फॉर ए जज* में उनके खिलाफ कथित भ्रामक और मानहानिकारक बातें लिखी गई हैं। इसके लिए उन्होंने आत्मकथा के प्रकाशक रूपा पब्लिकेशन को भी याचिका में शामिल किया है। साथ ही अपनी याचिका में उन्होंने पूर्व सीजेआई और उनके प्रकाशक को ऐसी किसी भी पुस्तक के प्रकाशन, वितरण या बिक्री से रोकने के लिए एक अंतरिम निषेधाज्ञा की मांग भी की है। उनकी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की गई थी, जिसके बाद बुधवार को अदालत ने अपने फैसले में कहा कि याचिका और उससे संबंधित दस्तावेजों को देखने के बाद सामने आया है कि इसमें कानून और तथ्यों दोनों पर ठोस सवाल खड़े होते हैं जिस पर फैसला किया जाना है। फिलहाल अदालत ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादी दोनों को समन जारी किया है। साथ ही मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन जून की तारीख तय की है। वहीं, अंतरिम निषेधाज्ञा की मांग को लेकर न्यायाधीश ने कहा कि यह पाया गया कि यह मामला प्रकृति में आकस्मिक नहीं था। ऐसे में विरोधी पक्षों को सुने बिना कोई एकतरफा आदेश नहीं दिया जा सकता। गौरतलब है कि असम पब्लिक वर्क्स (एपीडब्ल्यू) के अध्यक्ष अभिजीत शर्मा ने सबसे पहले, मतदाता सूची से अवैध प्रवासियों के नामों को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसके साथ ही मामले के लंबित रहने के दौरान हाई कोर्ट की निगरानी में 2015 में असम में एनआरसी की प्रक्रिया शुरू हुई थी। उन्होंने अपनी याचिका में बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सीजेआई ने एनआरसी के समन्वयक रहे प्रतीक हजेला को पद से हटाने और उन्हें मध्य प्रदेश में स्थानांतरित करने के संबंध में कुछ बातें लिखीं, जोकि गलत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा, किताब में उनके खिलाफ कई अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। जोकि स्वाभाविक रूप से झूठे और दुर्भावनापूर्ण हैं। ये उन्हें बदनाम करने के स्पष्ट इरादे से लगाए गए है।

### श्राद्ध भोज में फूड ...

उल्टी होने लगी तो उन्हें तुरंत रंगजुली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने बताया कि यह फूड प्वाइजनिंग का मामला लग रहा है, हालांकि लोगों के बीमार होने के वास्तविक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हमें बताया कि उन्होंने मृत्यु के बाद के अनुष्ठान कार्यक्रम में अन्य भोजन के साथ मछली खाई था। वास्तविक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, हालांकि, यह फूड पॉइजनिंग का मामला लगता है। अभी तक 20-25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है और कई और बीमार लोग आ रहे हैं। हालांकि डॉक्टर लगातार उनका इलाज कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और लोगों के बीमार होने के कारणों का पता लगाने के लिए फिलहाल जांच आगे चल रही है।

### मुख्यमंत्री ने किया ...

अरुणोदय से बांही या आवाहान से रामधेनु तक 161 पत्रिकाओं के 3071 अंकों के 2 लाख 45 हजार 680 पृष्ठों का डिजिटलीकरण किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरी तरह से नि:शुल्क वेबसाइट www.assamarchive.org के माध्यम से पाठकों के सभी वर्गों के अध्ययन के लिए असम नेशनल स्कूल एजुकेशनल एंड सोशियो-इकोनॉमिक ट्रस्ट के सहयोग से नंद तालुकदार फाउंडेशन के उठाए गए कदम एक सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि असमिया भाषा और साहित्य को डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने के लिए नंद तालुकदार फाउंडेशन के सचिव और वरिष्ठ पत्रकार मृणाल तालुकदार का यह कदम असमिया साहित्य को संरक्षित करेगा। इस साहित्य को जनता के लिए आसानी से उपलब्ध कराकर अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेगा साथ ही डिजिटल माध्यम में असमिया साहित्य की उपलब्धता भविष्य की पीढ़ी को असम की बौद्धिक दुनिया की समृद्ध विरासत से परिचित कराएगी।

### द केरल स्टोरी मुसलमानों ...

जो बिना किसी डर के सच्ची कहानी बताने के लिए आगे आईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि फिल्म पर प्रतिबंध लगाने वालों ने गलत फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फिल्म पर *कर* नहीं लगेगा। क्योंकि, असम में पहले ही सिनेमा को करमुक्त कर दिया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि फिल्म को दो राज्यों तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रतिबंधित कर दिया गया है। फिल्म को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में टैक्स फ्री किया गया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले द कश्मीर फाइल्स भी देखी थी। इस बार फिर उन्होंने सिनेमाघरों में द केरल स्टोरी का लुत्फ उठाया। इस फिल्म का निर्देशन सुदीप्त सेन ने किया है।

### कोरोना संक्रमित तीन ...

कोरोना संक्रमण के बाद वयस्कों में पल्मोनरी सीक्वेल के मामले मिले हैं, लेकिन बच्चों में पल्मोनरी डिसफंक्शन के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। ऐसे में शोधकर्ताओं ने उन बच्चों में दीर्घकालिक पल्मोनरी सीक्वेल का अध्ययन किया जो कोरोना वायरस की चपेट में आए। अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि जून 2020 से अक्तूबर 2021 के बीच अस्पताल में भर्ती सात से 18 वर्ष के कुल 40 कोरोना रोगियों को अध्ययन में शामिल किया गया। इनमें 21 लड़के थे जिनकी औसतन आयु 13 वर्ष थी। अस्पताल से छुटटी मिलने के छह माह बाद तक इन मरीजों पर निगरानी रखी गई। शोधकर्ताओं ने छह महीने बाद इन बच्चों की श्वसन जांच की। इस दौरान 30 फीसदी बच्चों के फेफड़ों में कई तरह की परेशानी देखने को मिली है। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के डॉ. देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि कोरोना की वजह से गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम के मामले देखने को मिल रहे हैं। वयस्क आबादी में ऐसे मरीजों की संख्या काफी है जिनमें वायरस की वजह से फेफड़ों को नुकसान पहुंचा है। इनकी संख्या लगभग 10 फीसदी है। जिन बच्चों का वजन सामान्य की तुलना में कम है या फिर वे प्री मैच्योर हैं तो उनमें वायरस का असर ज्यादा गंभीर देखने को मिल रहा है। इसलिए यह अध्ययन किया गया जिसके निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि वायरस के कारण बच्चों को फेफड़ों से जुड़ी परेशानी हो रही है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बच्चों को लेकर पहले अध्ययन में सामने आया कि वायरस के कारण तीन में एक बच्चे में फुफ्फुसीय असामान्यताएं होती हैं और तीव्र संक्रमण की गंभीरता और इन खतरनाक असामान्यताओं के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं था। 14 में से एक बच्चे को कोरोना से ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक सांस की तकलीफ के लक्षण देखने को मिले हैं।

### त्रिपुरा : चलती गाड़ी ...

आरोपी के साथ घूम रही थी लेकिन, बाद में रात होने के बाद अकेलेपन का फायदा उठाकर आरोपी ने पीड़िता से दुष्कर्म किया और आमतोली बाईपास के पास छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस जांच में पाया गया है कि लड़की मुख्य आरोपी के साथ नियमित रूप से बातचीत करती थी और अब इस बात की जांच की जा रही है कि अपराध में अन्य व्यक्ति शामिल थे या नहीं। पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया कि उसकी बेटी को कॉलेज से घर वापस आने पर आरोपी ने उसे लिफ्ट दी थी और उसने इसे स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि गाड़ी में अंदर तीन युवक पहले से ही मौजूद थे और उन्होंने मिलकर पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में उसे आमतोली बाईपास पर दर्दनाक स्थिति में छोड़ कर फरार हो गए। परिजनों को सूचना पर वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना की खबर फैलते ही भाजपा की प्रदेश महासचिव पपिया दत्ता पार्टी के महिला मोर्चा के नेताओं के साथ अस्पताल गईं और पीड़िता के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। दत्ता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री माणिक साहा के निर्देश पर अस्पताल गई थीं। पपिया दत्ता ने कहा कि हम अपराध की कड़ी निंदा करते हैं और आरोपी व्यक्तियों को अधिकतम सजा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के कुछ ही समय बाद मुख्य आरोपी का पकड़े जाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई को दिखाता है और यह भी स्पष्ट करता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति है। भाजपा नेता ने कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि पार्टी और सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़ी रहेगी।

### इमरान खान रिहा...

का आदेश जारी किया था। पेशी के दौरान कोर्ट ने पाक के पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश जारी किए हैं। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह की तीन सदस्यीय पीठ द्वारा खान को कोर्ट में पेश करने के निर्देश जारी किया गया है। पीठ ने ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की थी। मामले में सुनवाई के दौरान पीठ ने 70 वर्षीय खान को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से गिरफ्तार किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। इमरान खान लाहौर से एक मामले के सिलसिले में हाई कोर्ट पहुंचे थे। पीठ ने एनएबी को शाम साढ़े चार बजे (स्थानीय समयानुसार) तक खान को पेश करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद अदालत की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। साथ ही मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बांदियाल ने सवाल किया कि कोर्ट परिसर से किसी व्यक्ति को कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है? मामले में अदालत ने यह भी कहा कि रजिस्ट्रार की अनुमति के बिना किसी को भी अदालत से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा है कि परिसर में प्रवेश करने का मतलब है आत्मसमर्पण करना। अब सवाल यह है कि आत्मसमर्पण के बाद किसी व्यक्ति को कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है! मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, तो उन्हें गिरफ्तार करने का क्या मतलब है। आपको बता दें, इमरान खान को पिछले मंगलवार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद बुधवार को उन्हें अल-कादिर ट्रस्ट मामले में आठ दिनों के लिए एनएबी को सौंप दिया था। जिसके बाद इमरान खान ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ एनएबी के वारंट को रद्द करने और गिरफ्तारी को *गैरकानूनी* घोषित करने के लिए बुधवार को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

### पाकिस्तान हिंसा के ...

प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान को मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के बाहर से गिरफ्तार किए जाने से पूरे देश में अशांति और हिंसक अराजकता फैल गई है। प्रदर्शनकारियों ने रावलपिंडी में जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) की ओर जाने वाली सड़कों पर टायर जलाए और ईंटें और ब्लॉक फेंके, जबकि अन्य ने जीएचक्यू के मेन गेट पर पत्थर और ईंटें फेंकी। वहीं इस्लामाबाद, लाहौर, कराची, पेशावर और देश भर के अन्य प्रमुख शहरों में पीटीआई समर्थकों ने मुख्य राजमार्गों को बाधित कर दिया। पीटीआई समर्थकों का गुस्सा सेना से जुड़े कार्यालयों और घरों पर ज्यादा निकला। उन्होंने रावलपिंडी में सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों, लाहौर में कोर कमांडर के आवास और अन्य सैन्य-प्रबंधित क्षेत्रों में जीएचक्यू की ओर मार्च करना शुरू किया। समर्थकों का मानना है कि इमरान खान के खिलाफ उन्हें सत्ता से बेदखल करने की सेना ने सत्तारूढ़ पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) सरकार के साथ साजिश रची। धीरे-धीरे विरोध और हिंसक होता गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और लाहौर में कोर कमांडर के आवास पर भी हमला कर दिया। ईंटों, पत्थरों और डंडों से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें कि फिलहाल कोर्ट ने इमरान खान को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं पीएम शहबाज शरीफ ने भी इमरान के समर्थकों पर हमला करते हुए उनको दहशतगर्द बताया था।


### नीतीश ने की शरद...

कोई विवाद नहीं होना चाहिए और सभी को एकजुट रहना चाहिए। उद्धव ठाकरे के साथ उनकी इस मुलाकात को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद नीतीश कुमार और एनसीपी नेता शरद पवार से मुलाकात की। यह पूछे जाने पर कि क्या पवार विपक्षी गठबंधन का प्रमुख चेहरा होंगे, कुमार ने कहा कि इससे ज्यादा सुखद कुछ नहीं होगा। मैंने उनसे कहा है कि उन्हें न केवल अपनी पार्टी के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए और अधिक जोश के साथ काम करना होगा। कुमार ने कहा कि जितने अधिक विपक्षी दल एक साथ आएंगे, देश हित में यह उतना ही अच्छा होगा। पवार ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी है। देश के हालात देखकर लगता है कि यदि हम मिलजुल कर काम करते हैं तो विकल्प के लिए समर्थन मिलेगा। एनसीपी प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारेगी। उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार, वहां के लोग भाजपा को हटाकर एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का चुनाव करेंगे। पवार ने कुमार से मुलाकात के बाद ट्वीट किया कि मैंने आज अपने मुंबई स्थित आवास पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी का स्वागत किया। हमने लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष की एकता को मजबूत करने पर संक्षिप्त चर्चा की।

### असम-मेघालय सीमा ...

और उन्हें और नुकसान पहुंचाने से रोकने का प्रयास किया। हालांकि, बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया और दो स्थानीय लोगों को चोटें आईं। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए होजाई अस्पताल लाया गया।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**(चार प्रकार के भक्त)**

**(जिज्ञासू)**

**गुरु से विमुख कभी नहीं, मन भरमावे नाहिं।**
**पाप उदय क्षय कीजिये, सद्गुरु शरण समाहिं॥ 07॥**

**शब्दार्थ :** (विमुख) विरुद्ध (भरमावे) भ्रम, धोखा, ठगना (क्षय) नाश।

**भाष्य :** पाप के उदय होने पर सद्गुरु के प्रति भ्रम होता है। हे प्रभो! उस उदय पाप-संस्कार को नष्ट कर दीजिए, जिससे मन के भुलावे में जीव न पड़े और में गुरु से कभी विरुद्ध न हो कर उनकी शरण में सदैव लगा रहूं।

**गुरु स्वभाव मम वृत्ति हो, अज्ञा भंग न होय।**
**उत्तर कभी न भूल से, अस सुबुधि जन होय॥ 08॥**

**शब्दार्थ :** (वृत्ति) आचरण, मन का कार्य (सुबुधि) शुद्ध बुद्धि, अच्छे पथ पर चलने वाली बुद्धि।

**भाष्य :** सद्गुरु के स्वभाव के अनुकूल मेरा आचरण हो एवं उनके आदेश का सदैव पालन हो तथा उनके वचन का उत्तर कभी भूल करके भी न हो। हे प्रभो! ऐसी सद्बुद्धि मुझे प्रदान करें।

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक पर पुलिस अधिकारियों की कार्रवाई

गुवाहाटी। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने बीते बुधवार को यहां मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की सुरक्षा में कथित रूप से सेंध लगने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों के साथ एक जरूरी बैठक की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीएम शर्मा ने आवास और शहरी मामलों और सिंचाई मंत्री अशोक सिंघल के साथ सुरक्षा कवर पर असंतोष व्यक्त किया है, क्योंकि भीड़ के प्रमुख लोग सीएम के करीब आने में कामयाब रहे, जिससे सुरक्षा चूक हुई। उपरोक्त घटना के मद्देनजर डीजीपी सिंह ने बुधवार की रात 9 बजे पुलिस के आला अधिकारियों की बैठक बुलाई। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए एक प्रगाढ़ बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा असम पुलिस के तीन पुलिस अधीक्षकों (एसपी), जो मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार थे, उनके



स्थानांतरण आदेशों को कथित तौर पर लागू किया गया था। लेकिन उनके तबादला आदेश जारी होने के कुछ घंटे के बाद ही निरस्त कर दिया गया। पूर्व में पारित आदेशानुसार अधिकारियों को निम्न पदों पर स्थानांतरित किया गया था- उत्पल बायन, एपीएस (डीआर-2002) पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा 1) से मुख्यमंत्री, असम, गुवाहाटी को पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा (सुरक्षा), असम, काहिलीपारा, गुवाहाटी के पद पर स्थानांतरित किया जाता है। वे एपीएस मंटू ठाकुरीया के तबादले के बाद पदभार ग्रहण कर सकेंगे। गुनेंद्र डेका, एपीएस (डीआर-2004), पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा-2) से मुख्यमंत्री, असम, गुवाहाटी का तबादला किया गया। वे 11वें एपीबीएन, देरगांव में एपीएस तब्बू राम पेगु के तबादले के बाद पदभार ग्रहण करेंगे। सुमन चक्रवर्ती, एपीएस (डीआर-2004), पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा-3), मुख्यमंत्री, असम, गुवाहाटी के पद से सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एपी), असम, उलुबाड़ी, गुवाहाटी में स्थानांतरित किया गया है। वे एपीएस जयंत सारथी के तबादले के बाद पदभार ग्रहण कर सकेंगे।

## कोकाझाड़ : थाना प्रभारी समेत पुलिस टीम पर हमला करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार



**कोकराझाड़ (विभास)।** कोकराझाड़ जिले के काजीगांव थाना प्रभारी समेत पुलिस टीम पर हमला करने वाले छह आरोपियों को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के पर्वतझोरा महकमे के अंतर्गत मल्लिकपाड़ा गांव में भूमि विवाह को लेकर पुलिस की टीम पहुंची थी। इस टीम का नेतृत्वा थाना प्रभारी रमजान अली ने की थी। जब गांव में पुलिस की टीम पहुंची तब स्थानीय लोगों के साथ आरोपियों के परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला हला बोल दिया। इस घटना के बाद पर्वतझोरा महकमा के पुलिस अधिकारी पार्थो प्रीतम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने आज उक्त गांव में अभियान चलाकर हमला करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो आरा मिल को सील कर दिया। पर्वतझोरा महकमा के पुलिस अधिकारी ने संवादाताओं को बताया कि पुलिस के साथ मारपीट करने वाले छह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी कई अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जिन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार सभी आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

## छह सौ बोरी रासायनिक उर्वरक जब्त, तीन गिरफ्तार

**जोरहाट( हिंस )।** जोरहाट जिला के टियक के निकटवर्ती कलियापानी इलाके में पुलिस ने गुरुवार को 600 बोरी रासायनिक उर्वरक जब्त कर लिया। ज्ञात हो कि रासायनिक उर्वरक से भरा ट्रक उसके चालक द्वारा गंतव्य पर पहुंचाने के बदले चोर बाजार में ले जाकर बेच दिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक के जरिए लायी गई उर्वरक एक लाख 60 हजार रुपए में खरीदी गई थी, जिसे कलियापानी के फूकन एग्रो सेंटर के मालिक सर्वेश्वर फूकन के हाथों एक लाख 8 हजार रुपए में बेचा गया था। जब उर्वरक निश्चित स्थान पर नहीं पहुंचा तो इसके मालिक ने इस संदर्भ में निकटवर्ती भोगदै थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस द्वारा जब मामले की छानबीन की गई तो पता चला कि रसायनिक उर्वरक से भरा ट्रक जोरहाट से सापेखाती जाने वाले रास्ते में कलियापानी में बेच दिया गया है।

## पूर्वी मोहचरा स्थित ब्रह्मपुत्र में शव मिलने से इलाके में सनसनी



**नगरबेड़ा (विभास)।** बरपेटा जिले के कासुमारा थानांतर्गत पूर्वी मोहचरा में आज नदी में तैरते शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार नदीं तैरते शव को देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर कासुमारा पुलिस स्टेशन के एएसआई आबुल हुसैन के नेतृत्व पहुंची पुलिस की टीम ने शव को नाव के जरिए बाहर निकाला। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हुई है। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बरपेटा के फखरुद्दीन अली आहमेद अस्पताल भेजा दिया। वहीं पुलिस इस संदर्भ में मामले की छानबीर कर रही है।

## बरपेटा में सुकन्या समृद्धि योजना की हुई औपचारिक शुरुआत

**बरपेटा( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित की गई अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को राज्य के बरपेटा जिला मुख्यालय में हुई। बरपेटा के जिला उपायुक्त आयुष गर्ग ने बरपेटा नर्सरी स्कूल में जाकर तीन छात्राओं के अकाउंट खुलवाकर योजना की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त ने कहा कि 10 वर्ष की उम्र के राज्य के सभी किशोरियों को इस योजना के तहत समाहित करने की प्रधानमंत्री की योजना है। उन्होंने कहा कि इसके तहत डाकघरों के साथ ही बैंकों में भी अकाउंट खोले जा सकेंगे। इन अकाउंट में ढाई सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक जमा किए जा सकते हैं। कन्या समृद्धि योजना के तहत जमा होने वाले धन पर सरकार अधिक ब्याज देगी।

## हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दो कैदी सिलचर सेंट्रल जेल से फरार




**कछार( हिंस )।** हत्या के दोषी दो आजीवन कारावास के कैदी सिलचर सेंट्रल जेल से फरार हो गए। इस खबर के फैलते ही पुलिस प्रशासन समेत पूरे शहर में हड़कंप मच गया। फरार दोनों कैदियों को ढूंढने में पुलिस मशक्कत कर रही है। जानकारी मिलने पर उपायुक्त रोहन कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक नोमल महतो ने गुरुवार को सेंट्रल जेल का दौरा किया। कछार के पुलिस अधीक्षक नोमल महतो ने बताया कि हिफजुर रहमान और दीप नुनिया नामक दो कैदी बीती रात जेल के वार्ड नंबर 10 से फरार हो गए। दोनों हत्या के आरोपित हैं। उन्हें कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पुलिस अधीक्षक महतो ने बताया कि पुलिस ने फरार दोनों कैदियों की गिरफ्तारी के लिए जिलेभर में छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि कछार जिले की सभी सीमाओं पर नाका पाइंट बनाकर सभी थानों और पुलिस चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिफजुर और दीपक को हत्या के दो अलग-अलग आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। दोनों कुख्यात अपराधी हैं। हिफजूर को बदरपुर और दीपक को नुनिया सिलचर के मेहरपुर में हत्या के आरोप में सजा हुई थी। मुकदमे में दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह दोनों सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 10 से थे। इस मामले की जांच पुलिस अधीक्षक नोमल महतो खुद कर रहे हैं। उधर, सिलचर सेंट्रल जेल की आंतरिक स्थिति का जायजा लेने के लिए कछार के उपायुक्त रोहन कुमार झा तत्काल जेल पहुंचे। उन्होंने जेल के अन्य कैदियों से बात की। दस एवं अन्य बैरकों की सुरक्षा आदि के बारे में पूछताछ की।

## समाजसेवी जय प्रकाश गुप्ता का निधन, शोक



**होजाई ( निसं )।** होजाई के जानेमाने वरिष्ठ समाजसेवी जय प्रकाश गुप्ता का निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मालूम हो कि जय प्रकाश गुप्ता का पिछले कई महीनों से गुवाहाटी स्थित अपेलो अस्पातहस्पताल इलाज चर रहा था। गुप्ता लीवर की बिमारी से ग्रसित थे। वे 72 वर्ष के उम्र में ही अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सर्व हिंदुस्तानी परिषद असम तथा होजाई जिला तेली समाज के अध्यक्ष राज गुप्ता ने गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने बताया कि जय प्रकाश गुप्ता होजाई हिंदीभाषी समाज के मार्ग दर्शक रहे हैं। साथ ही होजाई के विभिन्न समाजिक संगठनों जुड़े हुए व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। आज उनका होजाई के डमरू पार स्थित मुक्त धाम श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर आदर्श पुस्तकालय के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, सचिव विद्या सागर सिंह, ध्रुवनारायण ओझा, राष्ट्रभाषा हिंदी हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक, होजाई सर्व हिंदुस्तानी परिषद असम के अध्यक्ष बीएन सिंह, सचिव दिनेश गुप्ता, राजकिशोर भगत, सुविनदर साह सहित कई अन्य वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित थे।

## होजाई के आमतोला में अष्ट प्रहर व अखंड राम कीर्तन कल से

**होजाई ( होसं )।** होजाई के पश्चिम आमतोला हनुमान मंदिर में दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के तहत अष्ट प्रहर, अखंड राम कीर्तन एवं यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। अष्ट प्रहर व अखंड राम कीर्तन यज्ञ कमेटी के चंद्र गोविंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई शुक्रवार प्रात: 8 बजे कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात 10 बजे से विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात अष्ट प्रहर व अखंड राम कीर्तन एवं यज्ञ का शुभारंभ हुए। आयोजक कमेटी ने अंचल के धर्मप्रेमी जनों से अनुरोध किया है कि दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में सह परिवार पधार कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करें।

## चोरी की स्कूटी समेत दो युवक पुलिस हिरासत में



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया थाना के मुकदमा संख्या 273/23 यू/एस 379 आईपीसी के तहत रंगिया पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर चोरी हुई स्कूटी पंजीकरण संख्या एएस25-जी/5155 बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में अशादुल अली (18) पुत्र- जलालुद्दीन रंगिया वार्ड नंबर- 2 और हिमांशु नाथ (22) पुत्र: प्रदीप कुमार नाथ, कोलमोनी रंगिया, कामरूप से गिरफ्तार कर तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

## आगजनी में नौ व्यवसायिक प्रतिष्ठान जलकर राख

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिलांतर्गत बालाजान इलाके में बीती रात लगी भीषण आग में 9 दुकानें जलकर राख हो गई। गुरुवार को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह घटना आधी रात के बाद उस समय हुई जब बालाजान थाना के निकटवर्ती एक फल की दुकान से लोगों ने आग की लपटें उठते हुए देखी। थाना के निकट होने की वजह से तत्काल ही आग को बुझाने के लिए अग्निशामक दस्ते ने प्रयास शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक 9 दुकाने जल चुकी थी। जिसमें संतोष ग्वाला, बप्पी माली, अमीनुल इस्लाम, सुजीत चंद्र सरकार, फुलबर अली, अबू बकर, बाबुल राय, नेकीबुर जमान तथा रफीकुल इस्लाम नामक व्यक्तियों की दुकानें शामिल हैं। इस घटना के संदर्भ में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जेसीआई, बेलतला ने तिनाली पर लगाई शुद्ध पानी की मशीन




**गुवाहाटी ( विभास )।** बेलतला क्षेत्र का सबसे अधिक व्यस्ततम इलाका बेलतला तिनाली स्थित हनुमान मंदिर में जेसीआई बेलतला गुवाहाटी की सदस्योंओ ने ठंडे पानी की मशीन लगाई। जिसका उद्घाटन मशीन के प्रायोजक मेजर सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जेसीआई की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गुंजन हरलालका ने इस कार्य की सराहना की। बेलतला तीनअली के लोगों ने जेसीआई बेलतला गुवाहाटी के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तीन आली पर काफी संख्या में फल व सब्जी विक्रेता व अन्य छोटी-छोटी दुकानें हैं। जिनको काफी वर्षों से गर्मी के दिनों में ठंडे पानी की कमी महसूस हो रही थी। इस मशीन का उद्घाटन होने से यह कमी अब पूरी हो गई है। इससे सभी को गर्मी में ठंडा पानी मुहैया हो जाएगा। इस अवसर पर जेसीआई बेलतला गुवाहाटी की अध्यक्ष सुनीता कंदोई, सचिव रितु अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष मौसमी जैन, उपाध्यक्ष ममता अग्रवाल, अनीता सराफ, दीपिका नवहाल, डिंपल गर्ग, पिंकी अग्रवाल सुषमा अग्रवाल और मिट्ठू मित्तल के अलावा प्रायोजक मेजर सिंह के परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

## जुआ खेलते आठ जुआरी गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** असम पुलिस में भले ही हजारों सुरक्षाबलों की बहाली हुई हो लेकिन राज्य में जुआ पर लगाम लगाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है। राज्य भर में जुआरी जुआ खेलते नजर आते हैं। लोगों की शिकायतों पर कभी कभार पुलिस इन जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है।

## हरे कृष्णा मंदिर में लायंस उमंग ने लगवाई शीतल पेयजल मशीन




**गुवाहाटी ( विभास )।** अपने सामाजिक कार्यों को जारी रखते हुए महिलाओं की अग्रणी संस्थाओं में से एक लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से अमीनगांव स्थित हरे कृष्णा मंदिर में शीतल पेयजल मशीन लगाई गई। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषि सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में मानव सेवा का यह कार्य संपादित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती सोनी ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु इस शीतल पेयजल मशीन को स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन लायंस जिलापाल (प्रथम) सीमा गोयनका व मंदिर के प्रमुख आचार्य विजय प्रभु ने सामूहिक रूप से किया। इसका लाभ दैनिक बड़ी संख्या में लोगों को मिलेगा। प्रचंड गर्मी को देखते हुए इस मशीन के स्थापित होने से यहां आने वाले भक्तों को राहत मिलेगी। इस मशीन को स्थापित करने में महेश-संगीता मित्तल का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर सचिव कंचन पोद्दार, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, कार्यक्रम संयोजिका ममता खंडेलिया व ज्योति खेमका, सपना आर्य, संगीता भडेच, संगीता बड़जातिया, प्रभा बुड़ाकिया, तृप्ति मोर, रेनू अग्रवाल आदि सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा। शीतल पेयजल मशीन उद्घाटन समारोह के मौके पर क्लब व मंदिर प्रबंधन समिति के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डिब्रूगढ़ और सिकंदराबाद के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**गुवाहाटी।** यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, दोनों दिशाओं में डिब्रूगढ़ और सिकंदराबाद के बीच तीन ट्रिपों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार, 15 से 29 मई, 2023 तक ट्रेन सं. 07046 (सिकंदराबाद-डिब्रूगढ़) स्पेशल तीन ट्रिपों के लिए सिकंदराबाद से प्रति सोमवार को 11:00 बजे प्रस्थान कर डिब्रूगढ़ बुधवार को 20.50 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 18 मई से 01 जून, 2023 तक ट्रेन सं. 07047 (डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद) स्पेशल तीन ट्रिपों के लिए डिब्रूगढ़ से प्रति गुरुवार को 09.20 बजे प्रस्थान कर सिकंदराबाद शनिवार को 16.30 बजे पहुंचेगी। दोनों तरफ की यात्रा के दौरान, विशेष ट्रेन शिमलगुड़ी जंक्शन, मरियानी जंक्शन, लामडिंग जंक्शन, ग्वालपाड़ा, न्यू जलपाईगुड़ी, मालदा टाउन, खड़गपुर जंक्शन, भुवनेश्वर, पलासा, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, गुंटूर और नल्लगोंडा स्टेशनों से होकर गुजरेगी। 22 कोचों वाली इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य




द्वितीय श्रेणी के कोच होंगे। दक्षिण भारत की ओर जाने वाली अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षासूची वाले यात्री इस समर स्पेशल ट्रेन की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस ट्रेन का ठहराव और समय-सारणी का विवरण आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा समाचारपत्रों एवं पू. सी. रेल के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी अधिसूचित किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले विवरण को ध्यानपूर्वक देख लें।

# भारत के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्री

- देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गुरुवार को 25 साल पहले हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करके कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को एक संदेश दिया कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है, इसलिए किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्होंने भारत को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया। रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री ने 5,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 25वें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत उन असाधारण वैज्ञानिकों की दिल से सराहना करता है, जिन्होंने 1998 के पोखरण परीक्षण में योगदान दिया। आज हम तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी असाधारण राजनीतिक इच्छाशक्ति और इन परीक्षणों को सफल बनाने के नेतृत्व के लिए भी याद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने न केवल अपने लिए शांति की कामना की है, बल्कि दुनिया को संदेश दिया है। भगवान बुद्ध और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे दूरदर्शी विश्व को भारत की देन हैं। हमने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही उसे गुलाम बनाया। पोखरण परीक्षण ने संदेश दिया कि हम अपनी गरिमा के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा बताया। उन्होंने किसी राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान के महत्व को




रेखांकित करते हुए उसे शक्ति का स्रोत बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास एक शक्तिशाली मानव संसाधन है, जिसने इसे विश्व मंच पर एक सम्मानजनक स्थिति के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस मानव संसाधन का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वैश्विक मंच पर हमारा कद बढ़ा है और दुनिया भारत में आशा की एक नई किरण देख रही है। हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर 'नए भारत' के निर्माण के अपने विजन को साकार करने में सफल होंगे। इस मौके पर प्रगति मैदान के हॉल नंबर 5 और 4 में भव्य एक्सपो लगाई गई है, जिसमें अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग, डीएसटी, डीआरडीओ, डीओएस, डीएई, सीएसआईआर, डीबीटी, एमओईएस, डीओटी, एमईआईटीवाई, एआईसीटीई और डीपीआईआईटी जैसे विभाग भाग ले रहे हैं। डीआरडीओ पवेलियन में 30 से अधिक डीआरडीओ प्रयोगशालाएं, पांच डीआरडीओ युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं (डीवाईएसएल), प्रौद्योगिकी विकास निधि, डीआरडीओ उद्योग अकादमी-उत्कृष्टता केंद्र (डीआईए-सीओई) और ब्रह्मोस स्वदेशी की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया है।

## कल एक दिवसीय गुजरात दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री, कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को गुजरात का दौरा करेंगे और गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ के अधिवेशन में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर करीब 4400 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी का दौरा करेंगे। गांधीनगर में कार्यक्रम के दौरान 2450 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें नगर विकास विभाग, जलापूर्ति विभाग, सड़क एवं परिवहन विभाग और खान एवं खनिज विभाग की परियोजनाएं शामिल हैं। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है उनमें बनासकांठा जिले में बहु ग्राम पेयजल आपूर्ति योजनाओं का विस्तार, अहमदाबाद में रिवर ओवरब्रिज, नरोदा जीआईडीसी में जल निकासी संग्रह नेटवर्क, मेहसाणा और अहमदाबाद में सीवेज उपचार संयंत्र, दहेगाम में सभागार आदि शामिल हैं। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें जूनागढ़ जिले में



बल्क पाइपलाइन परियोजना, गांधीनगर जिले में जलापूर्ति योजनाओं का विस्तार, फ्लाईओवर पुलों का निर्माण, नए जल वितरण स्टेशन, विभिन्न नगर नियोजन सड़कें आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही योजना के तहत निर्मित लगभग 19 हजार घरों के गृह प्रवेश में भी भाग लेंगे। वह कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभार्थियों को चाबियां सौंपेंगे। इन परियोजनाओं का कुल परिव्यय लगभग 1950 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी), गांधीनगर जाएंगे। यात्रा के दौरान वह गिफ्ट सिटी में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करेंगे। गिफ्ट सिटी में उनके अनुभव और भविष्य की योजनाओं को समझने के लिए गिफ्ट आईएफएससी संस्थाओं के साथ बातचीत भी होगी। प्रधानमंत्री अंडरग्राउंड यूटिलिटी टनल और ऑटोमेटेड वेस्ट कलेक्शन सेग्रीगेशन प्लांट सहित शहर की प्रमुख बुनियादी सुविधाओं का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री अखिल भारतीय शिक्षा संघ अधिवेशन में भाग लेंगे, जो अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का 29वां द्विवार्षिक सम्मेलन है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की जनता को दिया जीत का बड़ा तोहफा : गोपाल राय

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली सरकार के अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार देने के फैसले को दिल्लीवालों की बड़ी जीत और भाजपा की करारी हार बताया। आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर इस ऐतिहासिक फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट का दिल से धन्यवाद किया। गोपाल राय ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साबित किया है कि सच्चाई की जीत में देर हो सकती है लेकिन सच्चाई की जीत जरूर होती है। प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि साल 2014 से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों की लड़ाई लड़ रहे थे। आज दिल्ली की जनता जीत गई है। आज इस पूरी लड़ाई में




एक बात स्थापित हुई है कि देश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय एक ऐसा इंस्टीट्यूशन है, जब-जब देश के ऊपर ही विपत्ति आएगी या देश के अंदर कॉन्स्टिट्यूशन को ताक पर रखा जाएगा, यह इंस्टीट्यूशन खड़ा होकर देश के अंदर व्यवस्था को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब फिल्मों में जज की भूमिका में नायक नजर आएंगे। आज देश को एक बहुत बड़े नायक के रूप में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ मिले हैं। वह दिल्ली की जनता की तरफ से चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट की बेंच के पांचों न्यायाधीशों को धन्यवाद देते है। वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली की जनता का फैसला पूरी सरकार पर बाध्य है। आज सबसे बड़ी जीत दिल्ली की जनता की हुई है। आज सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र और संविधान के हित में फैसला लिया है। 2015 में दिल्ली की जनता ने एकतरफा भरोसा अरविंद केजरीवाल पर दिखाया और 70 में से 68 सीट आम आदमी पार्टी को दी। लेकिन भाजपा को सहन नहीं होता है कि कोई दूसरी पार्टी जीत जाए और उनकी पार्टी हार जाए। अगर एक चुनी हुई सरकार की ताकत छिन जाए तो जनता के वोट का कोई मतलब नहीं बचता है।

## भाजपा में शामिल हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरसीपी सिंह

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता आरसीपी सिंह भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्थिति में आरसीपी सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने कई बार लोगों के साथ विश्वासघात किया है। वे पल्टीमार हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश




कुमार बड़ी- बड़ी बातें कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि देश कहां से कहां चला गया और बिहार कहां रह गया। उन्होंने बिहार और वहां के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्हें तो बस कुर्सी का मोह है।

## 'आप' ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया है। एनसीटी दिल्ली के पास सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि को छोड़कर सेवाओं पर दिल्ली सरकार को विधायी शक्ति दी गई है। सभी जजों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट की सुनवाई के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा- दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद संजय सिंह व राघव चड्ढा ने फैसले के बाद खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लंबे संघर्ष के बाद जीत मिली है। उन्होंने इस जीत पर केजरीवाल के जज्बे को सलाम किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की दो करोड़ की आबादी को इस फैसले की



बधाई।

**आप के इन नेताओं ने जताई खुशी**

- दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है। उन्होंने ट्ववीटर पर सत्यमेव जयते लिखते हुए कहा कि आखिरकार लंबी लड़ाई के बाद दिल्ली की जनता की ओर से लड़ते हुए अरविंद केजरीवाल को विजय मिल गई है। मुख्यमंत्री ने सरकार को उसका हक दिलवाया है। दिल्ली की जनता के काम में अब कोई अड़ंगा नहीं लगा पाएगा। ये ऐतिहासिक निर्णय दिल्ली की जनता की जीत है। अब दिल्ली दुगनी गति से तरक्की करेगी।


-आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आठ साल तक दिल्ली की जनता के लिए लड़ाई लड़ी। आखिरकार आज जनता जीत गई हैं।

-आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली और दिल्ली वासियों के लिए बड़ा दिन है। दिल्ली को अब ऊपर से थोपे गए लोगों से मुक्ति मिलेगी और दिल्ली के लिए दिल्ली वासियों द्वारा चुनी गई सरकार फैसला कर सकेगी।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में बुलाई अहम बैठक

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मसले पर दिल्ली सचिवालय में एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में दिल्ली सरकार के मंत्री मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री केजरीवाल के बाद सरकार में दूसरे नंबर पर रहने वाले कैलाश गहलोत, दिल्ली सरकार में मंत्री और दिल्ली आप अध्यक्ष गोपाल राय, शिक्षा मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, राजकुमार आनंद सहित अन्य वरिष्ठ लोग मौजूद रहेंगे। बैठक में सभी अपनी अपनी बात रखेंगे। इस दौरान



मुख्यमंत्री सभी को बताएंगे कि आगे कैसे मिलकर काम करना है। मुख्यमंत्री आगे की रणनीति पर भी मंत्रियों को गुर देंगे, क्योंकि अब दिल्ली सरकार किसी काम के लिए एलजी को दोष नहीं दे पाएगी। बैठक होने के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल दिल्ली की जनता से रूबरू होंगे।

## केदारनाथ में 16 घोड़े-खच्चरों की मौत, तीन लोगों पर मामला दर्ज

**रुद्रप्रयाग(ईएमएस)।** केदारधाम की यात्रा को शुरू हुए 16 दिन का समय हो गया है। इन 16 दिनों में यात्रा मार्ग पर सेवा दे रहे 16 घोड़े-खच्चरों की मौत हुई है। साल 2022 की यात्रा की तुलना में घोड़े-खच्चरों की मौत का यह आंकड़ा बेहद कम है। प्रशासन और पशुपालन विभाग इस बार यात्रा में पशुओं के लिए काफी व्यवस्थाएं की हैं। वहीं, अब तक नियमों के खिलाफ काम करने वाले 100 घोड़े खच्चर संचालकों का चालान किया गया है, जबकि तीन के खिलाफ पशु क्रूरता-रोधी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि केदारनाथ धाम की यात्रा में प्रथम चरण में रुद्रप्रयाग जनपद के घोड़े-खच्चर संचालकों को ही अनुमति मिली थी, लेकिन विरोध के बाद अब चमोली व टिहरी जनपद के जिलों के घोड़े-खच्चर संचालकों को भी धाम तक जाने की स्वीकृति मिल गई है। 25 अप्रैल से अभी तक पैदल मार्ग पर संचालित होने वाले 16 घोड़े-खच्चरों की मौत हुई है।

इस बार घोड़े खच्चरों पर निगरानी रखने के लिए 30 सदस्यीय म्यूल टास्क फोर्स, सात पशु चिकित्सक एवं सात पैरावेट (सहायक) की तैनाती की गई है। इसके अलावा पैदल मार्ग के 18 स्थानों पर घोड़े-खच्चरों के लिए गर्म पानी की व्यवस्था की गई है। अभी तक 8,320 घोड़े-खच्चरों का उपचार किया गया है, जबकि 441 घोड़े-खच्चर अनफिट पाए गए हैं, जिन्हें वापस भेजा गया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि घोड़े खच्चरों का संचालन इस बार सीमित संख्या में किया जा रहा है। रोटेशन के अनुसार ही घोड़े खच्चरों की आवाजाही करवाई जा रही है। गौरतलब है कि विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2023 की शुरूआत 22 अप्रैल से हो गई है। इस बार जहां मौसम भी श्रद्धालुओं की कड़ी परीक्षा ले रहा है, तो वहीं मौसम की कड़ी चुनौतीयों के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चारधाम की यात्रा शुरू हुए अभी सिर्फ 19 दिन ही हुए हैं कि 5 लाख से भी अधिक यात्रियों ने अब तक दर्शन कर लिए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अभी तक 21 श्रद्धालुओं की मौत हार्टअटैक से हुई है।

## जून में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिर पहुंचेंगे बंगाल, भाजपा की संघठनात्मक ढांचा का करेंगे आकलन



**कोलकाता, (हि.स.)।** 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के लिए मछली की आंख की तरह महत्वपूर्ण बन चुके पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीसरा दौरा अगले महीने ही होने वाला है। वह दो दिन पहले ही नौ मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर कोलकाता में अपना एक दिवसीय कार्यक्रम पूरा कर वापस लौटे हैं। प्रदेश भाजपा सूत्रों ने गुरुवार को बताया है कि जून में एक बार फिर वह कोलकाता आएंगे। उस समय वह पश्चिम बंगाल में भाजपा की सांघठनिक स्थिति का आकलन करेंगे। हालांकि तारीख फिलहाल तय नहीं हुई है। शाह ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के अवसर पर इस सप्ताह राज्य के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान पार्टी के राज्य नेतृत्व को यह आश्वासन दिया है। हालांकि, राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा कि अगले महीने शाह की संभावित यात्रा का उद्देश्य राज्य में पार्टी के संघठनात्मक ढांचे की समीक्षा करना और इस साल होने वाले पंचायत चुनावों की पृष्ठभूमि में खामियों को दुरुस्त करना होगा। उन्होंने कहा,'पार्टी की राज्य इकाई द्वारा शाह की एस जनसभा की व्यवस्था करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, जैसा कि उन्होंने अप्रैल में बीरभूम जिले के सूरी में किया था। जहां उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की 42 में से 35 लोकसभा जीतती है तो तृणमूल कांग्रेस की राज्य सरकार 2025 से पहले भी गिर सकती है। वर्तमान सप्ताह के दौरान कोलकाता की अपनी यात्रा के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, राज्य के शीर्ष नेताओं के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने नेताओं से कहा कि पंचायत चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर जिलों का दौरा करें, ताकि जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकताओं को पार्टी के काम के लिए ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक नेता ने कहा, 'केन्द्रीय गृह मंत्री ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया है कि नेतृत्व को ग्रामीण निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह ही गंभीरता से लेना चाहिए। क्योंकि पंचायत चुनावों में पार्टी के नतीजे 2024 लोकसभा चुनाव की बड़ी लड़ाई के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों की दिशा दिखाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को फडणवीस-शिंदे ने बताया लोकतंत्र और जनमत की जीत

**मुंबई, (हि.स.)।** उद्धव ठाकरे बनाम एकनाथ शिंदे मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को महाराष्ट्र के नेताओं ने स्वागत किया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से लोकतंत्र और जनमत की जीत हुई है, जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सत्य की जीत बताया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हम संतुष्ट हैं। इस निर्णय का करारा झटका महाविकास आघाड़ी को लगा है, क्योंकि इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों के निलंबन का पूरा अधिकार विधानसभा के अध्यक्ष को सौंप दिया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के निर्णय को भी सही ठहराया है। किसी भी पार्टी के बारे में चुनाव आयोग




स्वतंत्र फैसला ले सकता है। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हैं। अब सभी को इसका आदर करना चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सत्य की जीत हुई है। लोकशाही में हमेशा बहुमत का महत्व रहता है। हमने पहले से ही सभी कानूनी पहलुओं का अध्ययन कर नियमानुसार सरकार का गठन किया था। हमारी सरकार संवैधानिक है, यह आज सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया है। सीएम शिंदे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सभी ने स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों के निलंबन का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा है, विधानसभा अध्यक्ष इस संबंध में मेरिट पर निर्णय लेंगे। सीएम शिंदे ने कहा कि तत्कालीन राज्यपाल ने उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप ही निर्णय लिया था। इसलिए राज्यपाल को इस संबंध में गलत नहीं ठहराया जा सकता।

## आबकारी घोटाला: मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया की जेल मैन्युअल के हिसाब से अपराह्न 03 से 04 बजे के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पत्नी के साथ बैठक सुनिश्चित करें। दरअसल, मनीष सिसोदिया की ओर से जमानत के लिए पत्नी के स्वास्थ्य का हवाला दिया गया था। चार मई को कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। 28 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस फैसले को सिसोदिया ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया मंत्री समूह के मुखिया थे और कैबिनेट के बारे में उनको सारी जानकारी थी। वे आबकारी नीति के बदलाव में मुख्य



भूमिका में थे। नीति में फायदा पहुंचाने के बदले रिश्वत ली गई। ईडी ने कहा था कि कोई भी नीति हवा में नहीं बनाई जाती है। मंत्री समूह की बैठक में लाइसेंस फीस और प्रॉफिट मार्जिन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। सिसोदिया के पास 18 विभाग थे। उस समय वह लोगों से मुलाकात करते थे। कुछ लोग उनकी पत्नी की देखभाल करते थे, ऐसे में जमानत के लिए सिसोदिया पत्नी की सेहत का हवाला नहीं दे सकते हैं। सिसोदिया के वकील ने कहा था कि ईडी का पूरा केस सीबीआई के केस पर ही आधारित है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत किसी भी तरह का अपराध सिसोदिया ने नहीं किया। कोर्ट को यह देखना होगा कि क्या धारा 3 के तहत कोई उल्लंघन किया गया है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## जस्टिस टीएस शिवगणनम ने ली कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की शपथ

**- आमने-सामने हुए शुभेंदु व ममता**

**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जस्टिस टी. एस. शिवगणनम ने गुरुवार को शपथ ले ली। कलकत्ता हाईकोर्ट के एक नंबर कोर्ट रूम में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल डॉ.सी.वी.आनंद बोस ने उन्हें शपथ पाठ करवाया है। उसके बाद राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश का दोनों हाथ पकड़ कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके अलावा कोलकाता के मेयर और ममता कैबिनेट में मंत्री फिरहाद हकीम, कानून मंत्री मलय घटक, चंद्रिमा भट्टाचार्य, विधानसभा में अध्यक्ष विमान बनर्जी के अलावा केंद्र सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे। एक नंबर कोर्ट रूम जो मुख्य न्यायाधीश की न्यायालय है, उसमें शपथ पाठ के दौरान भी राजनीतिक विरोध नेताओं के बीच नजर आया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सुबह 10:30 बजे के करीब कोर्ट रूम में पहुंचीं। उसके पहले मेयर फिरहाद हकीम पहुंच गए थे और उन्हीं के पास नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सीट थी। वहां जाकर शुभेंदु बैठे भी। कुछ देर तक वह अपने मोबाइल में लगे रहे। उसके बाद हकीम ने शुभेंदु से दो बार हल्की बातचीत की। उसके बाद उठकर उसी रो में बायीं ओर एकदम किनारे की सीट पर जाकर बैठ गए। जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आईं तो सारे लोग खड़े हुए उसमें शुभेंदु भी खड़े हुए। लेकिन दोनों के बीच कोई बात नहीं हुई और ममता उनके पास से गुजरते हुए अपनी सीट पर जा कर बैठीं। मुख्य न्यायाधीश के शपथ के बाद भी मुख्यमंत्री उनके पास गईं और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि मई महीने की एक तारीख को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर जस्टिस टीएस शिवगणनम को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति की घोषणा की थी। उसके पहले नौ फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस शिवगणनम का नाम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर सिफारिश की थी। 30 मार्च को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर उनके नाम का उल्लेख कर केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की थी। निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के बाद से चीफ जस्टिस का कार्यभार वह संभाल रहे थे। चेन्नई के लोयोला कॉलेज से बीएससी की डिग्री लेने वाले जस्टिस शिवगणनम ने मद्रास लॉ कॉलेज से बीएल पास किए हैं। 1986 के सितंबर महीने में वह बारकाउंसिल आफ तमिलनाडु के सदस्य बने थे। 2009 में मद्रास हाई कोर्ट में एडिशनल जज के तौर पर नियुक्त हुए। उसके बाद 2011 में वह स्थाई न्यायाधीश बने। 2021 की 25 अक्टूबर को कलकत्ता हाई कोर्ट में न्यायाधीश के तौर पर वह नियुक्त हुए थे। स्टार लाइट प्लांट, चिदंबरम के घर इनकम टैक्स की छापेमारी समेत कई महत्वपूर्ण मामलों में सुनवाई कर चुके हैं।

# मतदान में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भी कड़ा पहरा




**मीरजापुर, (हि.स.)।** निकाय चुनाव के दौरान खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। संवेदनशील इलाके में संदिग्ध लोगों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है और आपत्तिजनक या भड़काऊ संदेश प्रसारित करने वालों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई करेगी। जनपद में 97 मतदान केंद्र और 332 मतदान स्थल बनाए गए हैं। मतदान के लिए 1732 कर्मचारियों को लगाया गया है। नगर पालिका परिषद मीरजापुर में 71 मतदान केंद्र व 246 स्थल, अहरौरा में 16 केंद्र व 45 स्थल, चुनार में सात केंद्र व 25 स्थल तथा नगर पंचायत कछवां में तीन केंद्र और 16 मतदान स्थल बनाया गया है। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षाकर्मियों की मतदान केंद्रों पर ड्यूटी लगाई गई है, जिनके पास अत्याधुनिक असलहे भी हैं। जनपद में 18 संवेदनशील, 58 अति संवेदनशील, 8 अति संवेदनशील प्लस तथा 13 सामान्य श्रेणी सहित 97 मतदान केंद्र चिहिंत हैं। संवेदनशीन इलाके, जहां भीड़ जुट सकती है वहां ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान के दौरान गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के कड़े निर्देश हैं। सोशल मीडिया सेल व कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय है। सोशल मीडिया पर प्रसारित सभी संदेशों की कड़ी निगरानी की जा रही है। भ्रामक व आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने वालों के विरुद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई का निर्देश है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने किया मतदान



**हमीरपुर, (हि.स.)।** केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने गुरुवार को यहां हमीरपुर में पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील भी कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए मतदाता अपने घर से निकलें। हमीरपुर जिले में नगर पालिका की तीन और नगर पंचायत की चार सीटों के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। सात सीटों के चेयरमैन पद के लिए सौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं 124 वार्ड सभासदों के लिए 830 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हमीरपुर के रमेड़ी स्थित पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास के बहुत कार्य कराए गए है। हमीरपुर नगर में भी विकास कराए गए हैं। अबकी बार निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। मंत्री ने कहा कि मतदाताओं में वोटिंग को लेकर बड़ा उत्साह है। भाजपा निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने मतदाताओं को ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए घरों से निकलकर मतदान करने की अपील भी की।

# स्मार्ट सिटी प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान नजर नहीं आएंगी खटारा बसें

**-200 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन व चार्जिंग स्टेशन बनाने की चल रही तैयारी**




**प्रयागराज (ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश के स्मार्ट सिटी प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान आपको खटारा बसें नजर नहीं आएंगी। सड़कों पर आप इलेक्ट्रिक बसों से सफर कर सकेंगे। अब खटारा बसों के संचालन पर प्रतिबंध लग चुका है। महाकुंभ से पहले 200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण की तैयारी चल रही है। खास बात यह है कि बसों की चार्जिंग स्टेशन के लिए परिवहन निगम को नगर निगम जमीन उपलब्ध कराएगा। एक चार्जिंग स्टेशन एक से दो एकड़ में तैयार होगा। महाकुंभ के दौरान यात्रियों को सुगम यात्रा कराने और पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना है। ये बसें 30 से 50 किलोमीटर तक का सफर तय करेंगी। सफर के दौरान चार्जिंग की समस्या न हो, इसके लिए फाफामऊ, झूसी, बमरौली क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इसके लिए फाफामऊ में जमीन की पहचान कर ली गई है, जबकि झूसी और बमरौली में जमीन की तलाश की जा रही है। नगर निगम और परिवहन निगम के अधिकारी मई के अंदर ही स्थल निरीक्षण करके निर्माण को स्वीकृति भी प्रदान कर देंगे। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन के लिए तीनों स्थानों पर जमीन देखी जा रही है, जल्द से तय करके काम शुरू कराया जाएगा।

# पतरातू की खूबसूरत वादियां पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्याप्त : हेमंत सोरेन

**रामगढ़, (हि.स.)।** जिले का पतरातु किसी परिचय का मोहताज नहीं है। यहां खूबसूरत डैम और हसीन वादियां पर्यटकों को खुद-ब-खुद लुभाती हैं। अब झारखंड सरकार यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए ऐसे कार्य करेगी कि हजारों लोगों का चूल्हा भी जलेगा। यह बातें गुरुवार को रामगढ़ जिले के पतरातू में पर्यटन बिहार गेस्ट हाउस का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। पर्यटन विभाग ने 20 करोड़ की लागत से इस गेस्ट हाउस का निर्माण पूरा किया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला पर्यटन के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से काफी आगे है। पहले तो यहां रजरप्पा में लोग पहुंचते थे लेकिन अब झारखंड आने वाला व्यक्ति पतरातू डैम एक बार जरूर घूमना चाहता है। पररातू पहले से ही खूबसूरत था लेकिन इसे और आकर्षक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड पहले लोहा, कोयला तथा अन्य खनिजों के लिए जाना जाता था लेकिन अब यह राज्य पूरे देश में पर्यटन स्थल के रूप में भी जाना जाएगा। यहां हर मौसम में लोग घूमने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बासुकीनाथ, बाबा बैजनाथ, रजरप्पा और गढ़वा की तर्ज पर पतरातू को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज पतरातू रिसोर्ट और पर्यटन बिहार गेस्ट हाउस आम लोगों के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे कई लोगों का चूल्हा भी जलेगा। साथ ही पतरातू के ग्रामीणों से आग्रह किया कि अब डैम को किसी भी प्रकार से क्षति ना पहुंचाएं। इस डैम का नुकसान स्थानीय लोगों का ही नुकसान है।

पर्यटन बिहार गेस्ट हाउस के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आए पर्यटन मंत्री हाफिजुल हसन ने कहा कि पतरातू को और भी आकर्षक बनाएंगे इसके लिए कई प्रारूप बनकर तैयार हैं।

# आपदा से निबटने के लिए अररिया में एसडीआरएफ का ट्रेनिंग सेंटर : मंत्री शाहनवाज



**अररिया, (हि.स.)।** बिहार सरकार आपदा प्रभावित इलाकों में आपात स्थिति से निबटने के लिए एसडीआरएफ की ट्रेनिंग सेंटर अररिया सहित हरेक जिला मुख्यालय में बनाएगी। बकायदा इसके लिए अररिया में पहल भी शुरू हो गई है और ट्रेनिंग सेंटर बनने के बाद बाढ़,भूकंप जैसे प्राकृतिक आपदाओं से निबटने के लिए न केवल एसडीआरएफ के जवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा।बल्कि आमजनों को भी प्राकृतिक आपदा से निबटने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा।इस बात की जानकारी बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री शाहनवाज आलम ने फारबिसगंज में राजद के सचिव सुरेश पासवान के आवास पर पत्रकारों से बाते करते हुए कही। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में संभावित बाढ़ से निबटने की सारी तैयारी जिला प्रशासन और बिहार सरकार के द्वारा पूरी कर ली गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में ऊंचे स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है।साथ ही बाढ़ जैसी आपदा से निबटने के लिए नाव,मोटरबोट सहित अन्य संसाधन जुटा लिए गए हैं।उन्होंने कहा कि कोशी और सीमांचल के साथ बिहार के अन्य भागों में आने वाले बाढ़ से निबटने को लेकर जिला प्रशासन को मुक्कमल तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरेक साल नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से पानी छोड़े जाने और पहाड़ी नदियों के कारण बिहार के अधिकांश हिस्सों में बाढ़ की विभीषिका से जूझना पड़ता है। उन्होंने अपने पिता तस्लीमुद्दीन के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक महानंदा बेसिन परियोजना के कार्य को भी जल्द पूरा होने की संभावना जताते हुए कहा कि कुछ इलाकों में प्रोजेक्ट को लेकर अड़चन आ रही है, जिसको दूर कर जल्द काम पूरा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# ताजनगरी आगरा में दौड़ेगी ऑटोमैटिक मेट्रो, आधुनिक तकनीकों का होगा इस्तेमाल




**नोएडा(ईएमएस)।** गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर के बाद जल्द ही आगरा में भी ऑटोमैटिक मोड पर मेट्रो दौड़ने वाली है। जानकारी के अनुसार यूपी मेट्रो ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन मोड के जरिए आगरा में मेट्रो ट्रेनों का संचालन करेगा। इस दौरान ट्रेन में हमेशा ट्रेन ऑपरेटर मौजूद रहेगा। देश के महानगरों के अलावा मेट्रो का नेटवर्क धीरे-धीरे अन्य शहरों में भी फैलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर में मेट्रो की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। अब इस लिस्ट में आगरा भी शामिल होने जा रहा है। यहां मेट्रो का संचालन ऑटोमेटिक मोड में किया जाएगा। मेट्रो संचालन के क्षेत्र में ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन मोड सबसे सुरक्षित और कुशल तरीकों में से एक माना जाता है। यूपी मेट्रो द्वारा एटीएओ (ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन मोड) के जरिए लखनऊ एंव कानपुर मेट्रो का संचालन किया जा रहा है। एटीओ मोड में ट्रेन अपनी डिजाइन गति से चलेगी। स्टेशन पर पहुंचने के बाद, ट्रेन ऑपरेटर यात्रियों के सुरक्षित निकास के लिए बटन दबाकर गेट खोलगा। स्टेशन से ट्रेन में यात्रियों के सवार होने के बाद गेट बंद करेगा। गेट बंद होने के बाद ट्रेन फिर से एटीओ मोड में अगले स्टेशन की ओर बढ़ेगी। ताजनगरी आगरा में 29.4 किमी लंबे दो कॉरिडोर का मेट्रो नेटवर्क बनना है। 29.4 किमी के अंदर कुल 27 स्टेशन होंगे। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच 14 किमी लंबे पहले कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस कॉरिडोर में 13 स्टेशनों का निर्माण होगा। 6 एलीवेटिड जबकि 7 भूमिगत स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर के लिए पीएसी परिसर में डिपो का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, आगरा कैंट से कालिंदी विहार के बीच लगभग 16 किमी. लंबे दूसरे कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 14 ऐलीवेटेड स्टेशन होंगे। जानकार बताते हैं कि दुनिया भर में चलने वाली मेट्रो सेवाओं को संचालन तकनीक के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाता है। इसे ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन श्रेणी कहा जाता है। आगरा में जिन ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, वह अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक से लैस होंगी।

इन ट्रेनों में ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन तीन श्रेणी तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस श्रेणी की ट्रेनें ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन मोड में कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम के जरिए बिना ट्रेन ऑपरेटर के चल सकती हैं। कम्यूनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (सीबीटीसी) मेट्रो संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाला सबसे अच्छा सिंग्लिंग सिस्टम है। कम्यूनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम मेट्रो कॉरिडोर में यातायात प्रबंधन एवं बुनियादी ढांचे के नियंत्रण के लिए ट्रेन और ट्रैक उपकरण के बीच दूरसंचार का उपयोग किया जाता है। पारंपरिक सिग्नलिंग सिस्टम की तुलना में सीबीटीसी प्रणाली के जरिए ट्रेन की सटीक स्थिति पता चलती है। सीबीटीसी प्रणाली में मेन लाइन पर चल रही ट्रेनों के बीच भी संचार होता है।

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए अवश्य सहभागी बनें : योगी आदित्यनाथ

**-मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों से की बढ़चढ़कर वोट डालने की अपील**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुरू है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से बढ़चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने गुरुवार की सुबह ट्वीट कर कहा कि उ.प्र. नगर निकाय चुनाव-2023 का आज अंतिम चरण है। सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए लोकतंत्र के इस उत्सव में अवश्य सहभागी बनें। मतदान जरूर करें। आपका अमूल्य वोट आपके नगर निकाय को और अधिक सशक्त बनाएगा। ध्यान रहे, पहले मतदान, फिर जलपान !

# उर्वरक तकनीकी पर सीएसए में होगी एक दिवसीय कार्यशाला



**कानपुर (कान्हापुर), (हि.स.)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि अधिष्ठाता संकाय में शुक्रवार 12 मई को उर्वरक तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला होगी। यह जानकारी गुरूवार को कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए सीएसए में 12 मई को सुबह नौ बजे से 3.30 बजे तक फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम में फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया नॉर्दन रींजन एवं सीएसए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी. एल. मौर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह करेंगे। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा उर्वरक तकनीकी पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए : राज्यपाल

**हजारीबाग, (हि.स.)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सभी लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि किसी योजना का लाभ प्राप्त करने में समस्या आ रही हो तो लोग जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि से संपर्क स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त करें। इसमें ग्राम के मुखिया की अहम भूमिका है। राज्यपाल गुरुवार को हजारीबाग में 'दीक्षांत परेड समारोह' में भाग लेने के बाद हुटपा स्थित पंचायत भवन जाकर वहां के ग्रामीणों से संवाद में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं। दोनों को एक-दूसरे का साथ देना चाहिये। साथ ही कहा कि आय का सदुपयोग करना चाहिये। आमदनी को प्राथमिकता के आधार पर खर्च करना चाहिए। उन्होंने वहां सखी मंडल की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ग्रामीणों से झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, दिव्यांग पेंशन योजना, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना आदि की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि योजना, ट्राई साईकल योजना के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया । इसके बाद राज्यपाल राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुटपा, हजारीबाग जाकर बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए मध्याह्न भोजन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

# नहीं सुधर रहे नोएडा के बेखौफ स्टंटबाज




**नोएडा (ईएमएस)।** नोएडा ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी यहां की सड़कों पर बेखौफ स्टंटबाजो का तांडव लगातार जारी है। इसी बीच नोएडा के फेस 2 कोतवाली क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें रात में दर्जनों की संख्या में युवा सड़कों पर स्टंट करते नजर आ रहें हैं । 15 सेकंड के वायरल हुए इस वीडियो में ट्रैफिक पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए ये बाइक ड्राइवर ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहें हैं। नोएडा के फेस-2 कोतवाली क्षेत्र का वीडियो वायरल होने के बाद यूजर ने इसकी शिकायत नोएडा ट्रैफिक पुलिस से की। इसके बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले को संज्ञान में ले लिया गया है। जल्द ही सभी युवकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी क्योंकि उन्होंने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। वायरल होते इस वीडियो में कुछ युवक नाबालिग भी नजर आ रहे हैं, जो बेतरतिब तरीके से बाइक चला चला रहे हैं। वैसे बीते दिनों नोएडा क्षेत्र में ही ट्रैफिक पुलिस ने पुलिस स्टेशन के सामने स्टंट करने वाले एक युवक पर कार्रवाई करते हुए उसकी लाला बाइक को सीज कर दिया था। इतना ही नहीं उस पर हजारों रुपयों जुमार्ना भी लगाया था। बता दें ट्रैफिक जागरूकता अभियान के माध्यम से नोएडा ट्रैफिक पुलिस लगातार ड्राइवरों और आम लोगों को सड़क दुर्घटना के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक कर रही है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने भी लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यह बेहद गैर जिम्मेदाराना हरकत है। इससे खुद के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले आम लोग भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। उन्होंने इस मामले पर शिकायत करने वाले यूजर को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन युवकों पर कार्रवाई की जाएगी ।

# गर्मी में पानी व छांव के लिए तरसे अमेठी के लोग, निर्देश के बाद भी नहीं हुआ कोई इतंजाम

**अमेठी (ईएमएस)।** इन दिनों जल जीवन विभाग की लापरवाही का खामियाजा अमेठी के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल, मौसम बदलने के साथ प्रचंड गर्मी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। उसके बाद भी कहीं पर भी पानी का कोई इंतजाम नहीं है। सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्था न होने के साथ छांव की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आम जनजीवन को सिर्फ और सिर्फ समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल जीवन विभाग की तरफ से कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहा है, जबकि आपदा प्रबंधन को भी इस कार्यक्रम में नोडल बनाया गया था। उसके बाद भी सिर्फ और सिर्फ कागजों पर काम हो रहा है। धरातल पर कहीं कुछ नहीं दिख रहा। मार्च के समाप्त होने पर शासन की तरफ से जगह-जगह खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के साथ मटके रखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ

। जगह-जगह सार्वजनिक स्थानों पर छांव करने की भी व्यवस्था के निर्देश शासन स्तर से दिए गए थे। इसके लिए बकायदा पत्राचार हुआ और अमेठी की चारों तहसीलों में व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उसके बाद भी कहीं पर कोई इंतजाम नहीं है। रियलिटी चेक में गौरीगंज विकासखंड के बाहापुर गांव में बने हैंडपंप खराब मिले। वहीं, लगाई गई पानी की टोटी भी बंद मिली। नगर पालिका क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर हाल बेहाल दिखा। इसके साथ ही गेहूं क्रय केंद्र पर भी किसानों के लिए बैठने के कोई इंतजाम नहीं थे। एक स्थानीय निवासी ने मीडिया को बताया कि प्रशासन ने कहीं पर कोई इंतजाम नहीं किए हैं। इसके साथ ही व्यवस्थाओं को भी अच्छा नहीं किया है। हमारी मांग है कि जगह-जगह पानी के इंतजाम किए जाएं, इसके साथ ही व्यवस्थाएं बेहतर की जाएं, जिससे आम लोगों को दिक्कत न हो। एक और स्थानीय निवासी ने कहा कि प्रशासन सिर्फ कागजों पर काम कर रहा है। धरातल पर कुछ भी काम नहीं हो रहा है। न तो कहीं पानी के इंतजाम है, न कहीं छांव के इंतजाम है। हर जगह सिर्फ लापरवाही और उदासीनता है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि जगह-जगह इंतजाम किए गए हैं और हमने जागरूकता अभियान भी चलाया है। अगर कहीं पर कोई कमी है या शिकायत मिलती है, तो फिर उसकी जांच कर लोगों को समस्या से मुक्ति दिलाई जाएगी।

# हजारीबाग के मेरु में पासिंग आउट परेड में शामिल हुए राज्यपाल



**हजारीबाग, (हि.स.)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को हजारीबाग के मेरु में बीएसएफ कैंप में आयोजित 139 उप निरीक्षकों के पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल के हजारीबाग पहुंचने पर मेरु बीएसएफ के आईजी ने पहले उनका स्वागत किया, फिर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हजारीबाग के बीएसएफ मेरु कैंप में 139 उप निरीक्षकों का गुरुवार को 51 सप्ताह के कठिन परिश्रम के बाद प्रशिक्षण समाप्त हुआ। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बीएसएफ ने हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखा है। आज जो वीर योद्धा यहां से निकल रहे हैं वे देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवा देंगे। साथ ही भारत माता की रक्षा करेंगे। पासिंग आउट परेड पास कर उप निरीक्षक भी काफी खुश दिखे और कहा कि यहां हमें बहुत कुछ सिखाया गया है। यहां से निकलकर हम अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और देश की सेवा करेंगे।

# नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से समय पूर्व बना 50 हजार से अधिक अमृत सरोवर : गिरिराज सिंह




**बेगूसराय, (हि.स.)।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण पानी की हो रही कमी को लेकर देशभर में विभिन्न तरीके से जल संरक्षण अभियान चल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए समय सीमा से पहले ही 50 हजार अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। बिहार में भी बड़े पैमाने पर अमृत सरोवर निर्माण कार्य किए गए। जिससे कि जल संरक्षण किया जा सके। बिहार में 4002 स्थल अमृत सरोवर के लिए चिन्हित किए गए। जिसमें से 2768 पर काम शुरू किया गया तथा 1404 अमृत सरोवर दस मई 2023 तक तैयार हो गया है। गिरिराज सिंह के संसदीय क्षेत्र बेगूसराय में अमृत सरोवर के लिए 87 स्थल चिन्हित किए गए थे। जिसमें से 74 पर कार्य शुरू किया गया तथा 36 सरोवर का निर्माण किया जा चुका है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिखाए गए दिशा में हम आगे बढ़े हैं और बहुत कुछ हासिल किया है। जल हमारे लिए जीवन का महत्वपूर्ण संसाधन है और हमें उसे संरक्षित रखना हमारा दायित्व है। हमारे देश में अमृत सरोवरों की 50 हजार से अधिक की पूर्ति, इस दायित्व के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ती है। हम सब एक साथ मिलकर जल संरक्षण को अपने लिए एक प्राथमिकता बना सकते हैं। देशभर में जिला प्रशासन, पंचायतराज पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत, स्वयंसेवी संगठन एवं विभिन्न संस्थानों के समन्वित प्रयास और आमजनों की भागीदारी से दस मई तक अमृत सरोवरों के निर्माण के लिए एक लाख पांच हजार 243 स्थलों की पहचान की गई है। जिनमें से 72 हजार 297 स्थलों पर काम शुरू किया गया तथा दस मई तक 50 हजार 71 हजार अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भविष्य के लिए जल संरक्षण के दृष्टिकोण से 24 अप्रैल 2022 को मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के हर जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण और विकास करना है। इस मिशन के तहत 15 अगस्त 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे निर्धारित समय-सीमा से पहले पूरा कर लिया गया। अब तक 50 हजार 71 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। वर्षा जल संरक्षण एवं संचयन के संकल्प को साकार करने के लिए नोडल मंत्रालय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों के सहयोग से मिशन मोड में काम किया। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके सरोवरों का जीर्णोद्धार और नए सरोवरों के निर्माण का एक्शन प्लान तैयार किया गया। सभी पहलुओं में संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण और जनभागीदारी को केन्द्र में रखकर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप समय से पहले 50 हजार अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा सका।

## संपादकीय

# इमरान फौजी गिरफ्त में

**पाकिस्तान** में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ जो सलूक किया गया है, वह पाकिस्तान में ही हो सकता है। यह वाकई शर्मनाक और कानून के राज पर कलंक है। इमरान अदालत में मौजूद थे कि खिड़कियों के शीशे तोड़ कर, पाकिस्तान के ही रेंजर्स, अंदर घुसे और इमरान को दबोच लिया। सुरक्षाकर्मियों और वकीलों को मारपीट कर एकतरफ कर दिया गया। वे जख्मी भी हुए। रेंजर्स मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री को घसीटते हुए, कॉलर से पकड़े, धकियाते हुए बाहर ले गए और अदालत परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी-'अदालत में जो कुछ हुआ है, वह माफी के लायक नहीं है। यह कानून का मजाक है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा।' मुख्य न्यायाधीश ने हुकूमत के गृह सचिव और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के महानिदेशक को अदालत में तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब न्यायाधीश क्या कर सकते हैं? पाकिस्तान में ही न्यायपालिका की ऐसी नाफरमानी हो सकती है। बहरहाल इमरान की गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया में पाकिस्तानी अवाम का एक तबका उबल पड़ा है। सड़कों पर आगजनी, तोड़फोड़ और सेना के प्रतिष्ठानों की घेरेबंदी की जा रही है। एक कोर कमांडर के घर में घुसकर भीड़ ने बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया। कराची, लाहौर से क्वेटा तक पाकिस्तान किसी न किसी शक्ल में जल रहा है। यह अराजकता, अव्यवस्था 'गृहयुद्ध' में तब्दील न हो जाए, यही आशंका और भय है। अवाम का यह उबलता रोष और विद्रोह इमरान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) का ही समर्थन है। बेशक इमरान के खिलाफ 140 आपराधिक केस बताए जा रहे हैं, बेशक वह सेना के कुछ कमांडरों, आईएसआई और शरीफ हुकूमत के घोर, कट्टर आलोचक हैं, उनकी बयानबाजी आपत्तिजनक हो सकती है, बेशक वह भी दूध के धुले हुए नहीं हैं, लेकिन अर्द्धसैन्य बल के रेंजर्स, एक पूर्व प्रधानमंत्री को, अदालत के कक्ष में ही, इस तरह दबोच और गिरफ्तार नहीं कर सकते। यह विशेषाधिकार अदालत का है कि उन्हें क्या सजा दी जाए। उसकी भी एक निश्चित, शालीन प्रक्रिया है। देश के 'महानायक' रहे शख्स पर ऐसी गुंडागर्दी पाकिस्तान में ही की जा सकती है। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान में संविधान, न्यायपालिका और जम्हूरियत नाममात्र के और दिखावटी हैं। सिर्फ फौज का ही वर्चस्व है और यही पाकिस्तान का कुरूप यथार्थ है। वैसे पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्रियों को जेल में डालने या उनकी हत्या करने अथवा निर्वासन के लिए मजबूर कर देने की परंपरा रही है। जुल्फिकार अली भुट्टो को तो फांसी पर लटका दिया गया था। उनका नाती बिलावल फिलहाल विदेश मंत्री है। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लंदन प्रवास पर थे, जब पाकिस्तानी फौज ने यह कांड किया। जाहिर है कि इसकी रणनीति फौज के कमांडरों ने पहले ही तय कर ली होगी कि इमरान को दबोचने के फलितार्थ क्या होंगे? अब पाकिस्तान कितना जलेगा, कितने लोग मारे जाएंगे, कितने भवन-वाहन जला दिए जाएंगे, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। अलबत्ता सेना बनाम अवाम के समीकरण बन गए हैं। सेना में भी इमरान समर्थक सैनिक और कमांडर हैं। यदि यह विभाजन सतह पर आया, तो गृहयुद्ध को शांत करना मुश्किल होगा। इमरान को अल कादिर ट्रस्ट के भ्रष्टाचार और दलाली केस में गिरफ्तार दिखाया गया है, लेकिन कानूनी फैसला तो कोई भी इमरान के खिलाफ नहीं है। बहरहाल गंभीर सवाल यह है कि अब इमरान खान का क्या होगा? उनके सामने सीमित विकल्प हैं। पाकिस्तान में अक्तूबर, 2023 तक आम चुनाव कराए जाने हैं।

रेंजर्स मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री को घसीटते हुए, कॉलर से पकड़े, धकियाते हुए बाहर ले गए और अदालत परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी-'अदालत में जो कुछ हुआ है, वह माफी के लायक नहीं है। यह कानून का मजाक है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा।' मुख्य न्यायाधीश ने हुकूमत के गृह सचिव और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के महानिदेशक को अदालत में तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब न्यायाधीश क्या कर सकते हैं? पाकिस्तान में ही न्यायपालिका की ऐसी नाफरमानी हो सकती है। बहरहाल इमरान की गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया में पाकिस्तानी अवाम का एक तबका उबल पड़ा है। सड़कों पर आगजनी, तोड़फोड़ और सेना के प्रतिष्ठानों की घेरेबंदी की जा रही है। एक कोर कमांडर के घर में घुसकर भीड़ ने बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया। कराची, लाहौर से क्वेटा तक पाकिस्तान किसी न किसी शक्ल में जल रहा है। यह अराजकता, अव्यवस्था 'गृहयुद्ध' में तब्दील न हो जाए, यही आशंका और भय है।

## बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं

# अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरें अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर सकती है

प्रहलाद सबनानी

अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रही अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है।

**दिनांक** 3 मई 2023 को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रही अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है। असफल हो जाने की स्थिति तक पहुंचे उक्त पांच बैंकों के अतिरिक्त छोटे आकर के अन्य कई बैंकों पर अभी भी तरलता का दबाव बना हुआ है और यह समस्त बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं। दरअसल, अमेरिका में बैकों द्वारा अपनी जमाराशि का एक बड़ा हिस्सा यूएस ट्रेजरी द्वारा जारी बांड्स में निवेश किया गया है। पूर्व में इन बांड्स पर ब्याज दर कम थी, परंतु अब जारी किये जा रहे बांड्स पर ब्याज दर अधिक है, जिसके चलते पूर्व में जारी किए गए बांड्स की बाजार कीमत कम हो गई है इससे बैकों पर तरलता का दबाव आ गया है। अमेरिका में निर्मित हुई इस स्थिति के लिए पूर्ण रूप से फेडरल रिजर्व को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। साथ ही, अमेरिका ने स्वयं भी भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है और अमेरिकी सरकार को स्वयं भी बढ़ती ब्याज दर का दंश झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी वित्त सचिव ने चेतावनी भरे अन्दाज में कहा है कि यदि अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कर्ज लेने की सीमा में वृद्धि नहीं की गई तो 1 जून 2023 के बाद अमेरिका अपने ऋण के भुगतान में चूक कर सकता है। दूसरे, चूंकि अमेरिका में ब्याज दरों को लगातार बढ़ाया जा रहा है और निवेशकों द्वारा अन्य देशों से अमेरिकी डॉलर निकालकर अमेरिका में निवेश किया जा रहा हैं, अतः अन्य देशों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है और इन देशों की मुद्राओं का



अवमूल्यन हो रहा है। इन देशों की मुद्राओं के अवमूल्यन से इन देशों द्वारा आयात किए जाने वाले उत्पाद महंगे हो रहे हैं एवं यह देश आयातित महंगाई की मार झेलने को मजबूर हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अन्य कई देशों द्वारा भी ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है और अपने देश के बैकों को खतरे में डाला जा रहा हैं। इस प्रकार लम्बे समय में अमेरिकी आर्थिक नीतियों का असर अन्य देशों पर भी विपरीत प्रभाव डाल सकता है। पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक भी, अमेरिका द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए, रेपो दर में वृद्धि करने का निर्णय ले रहा था। परंतु, अप्रेल 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। भारतीय रिजर्व बैंक के इस निर्णय को एक साहसिक कदम बताया गया था। भारत को देखते हुए कुछ अन्य देशों ने भी ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि को रोक लिया है। ब्याज दरों में अब और वृद्धि भारतीय बैंकिंग उद्योग एवं उद्योग जगत को निश्चित रूप से विपरीत रूप से प्रभावित करने लगेगी क्योंकि एक तो भारत में मुद्रा स्फीति तुलनात्मक रूप से नियंत्रण में आ चुकी है और दूसरे, भारत तेज आर्थिक विकास के चक्र में शामिल हो चुका है। अप्रेल 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण का उच्चत्तम स्तर पर आना, बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या का उच्चत्तम स्तर पर आना, टोल संग्रहण में उच्छाल आना, अप्रेल 2023 माह में सेवा क्षेत्र के पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) का 13 वर्ष के उच्चत्तम स्तर 62 पर पहुंचना, जो मार्च 2023 माह में 57.8 पर था, विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई का चार माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंचना, आदि ऐसे सूचक हैं जिनसे सिद्ध होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। वर्ल्ड आफ स्टेटिक्स द्वारा जारी किए गए प्रतिवेदन में भी बताया है कि बड़े देशों में भारत अकेला एक ऐसा देश है जहां मंदी की शून्य सम्भावना है। जबकि ब्रिटेन में 75 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली एवं कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रान्स में 50 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका में 45 प्रतिशत, मंदी आने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अन्य कई देशों, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ब्राजील, चीन आदि पर भी मंदी का साया मंडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, वर्ष 2023 में दुनिया में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत ही पुनः सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर, हाल ही में भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ सम्पन्न किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का असर भी अब भारत से उत्पादों के निर्यात पर दिखाई देने लगा है। भारत वित्तीय वर्ष 2026-27 तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अपना निर्यात बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक ले जा सकता है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के कारण यह वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही है। वर्ष 2022-23 में यूएई को 31.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया था। मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद भारत और यूएई के बीच विदेशी व्यापार में काफी वृद्धि हुई है। अमेरिका एवं चीन के बाद शीघ्र ही यूएई तीसरा ऐसा देश बन जाएगा जिसके साथ भारत का विदेशी व्यापार 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी भारत से निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 322.72 अरब डॉलर का रहा था एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में 254 अरब डॉलर का रहा था। सेवा क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों के निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में 500 अरब डॉलर तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत से कुल निर्यात 900 अरब डॉलर का रहने की प्रबल सम्भावना है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 770 अरब डॉलर का रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के मामले में भी भारत पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। भारत में 75.9 करोड़ से अधिक 'सक्रिय' इंटरनेट उपयोगकर्ता हो गए हैं, जो महीने में कम से कम एक बार वेब का उपयोग करते हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2025 तक 90 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

# राजस्थान में पायलट और गहलोत के बीच घमासान के चलते बिखराव के कगार पर पहुँची कांग्रेस

गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं।

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दो फाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलो की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया। गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक ओर दांव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बंवडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोड़ने के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाए। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया था। सचिन ने दो साल पहले मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे की मौजूदगी में बहुमत का प्रदर्शन करने वाले गहलोत के दो करीबी नेताओं पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठाए हैं। सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खरगे और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दवाब डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर पायलट को दबाने का प्रयास किया। इससे पायलट ज्यादा भड़क उठे। उन्होंने रंधावा के बयान की परवाह नहीं की और गहलोत के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस के यह कहने के बाद कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री चुनाव के बाद तय होगा, गहलोत के समर्थकों ने अघोषित तौर पर उन्हें आगामी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान सहित दूसरे नेता ऐसे दुविधापूर्ण मामलों में बयान देने से बचते रहे। यह संभव है कि कांग्रेस हाईकमान पायलट और गहलोत के इस विवाद को टालता रहे, किन्तु विधानसभा चुनाव के करीब आने के साथ यह कांग्रेस में उठ रही असंतोष की ज्वाला निश्चित तौर पर बगावत के तौर पर उभरेगी।

## देश दुनीया से

# बाल साहित्य के शिखर पुरुष संतराम वत्स्य

**संतराम** वत्स्य जी प्रायः कहा करते थे कि लेखकों को अपनी पुस्तक का मानदेय या रायल्टी कभी एकमुश्त नहीं लेनी चाहिए, बल्कि रायल्टी का अनुबन्ध करना चाहिए क्योंकि रायल्टी निरन्तर चलती रहती है और एक-एक शब्द का सौ-सौ रुपया मिल जाता है। उनकी बात तो सच थी, परन्तु नए लेखकों को तो कोई छापने के लिए भी तैयार नहीं होता। वत्स्य जी का विश्वास था कि यदि लेखक अपना विशेष लेखन क्षेत्र चुन ले और उसमें दक्ष हो जाए तो प्रकाशक स्वयं आपके पीछे भागेंगे। उन्होंने अपने जीवन में ऐसा कर भी दिखाया। सभी नामी गिरामी प्रकाशकों से उनकी पुस्तकें छपती रहीं। वह कलमजीवी थे और कलम की कमाई से ही उन्होंने नवीन शाहदरा में अपना आवास बनाया, अर्थात ऐसा घर जो हिमाचली लेखकों के लिए सदा खुला रहता था। भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य के प्रकांड पंडित संतराम वत्स्य जी का जीवन प्रारम्भ से ही बड़ा संघर्षशील रहा, लेकिन उनमें अदम्य साहस एवं जिजीविषा थी, जिसके बल पर उन्होंने संकटों से जूझते हुए सफलता के शिखरों का स्पर्श किया। उनका जन्म कांगड़ा की पालमपुर तहसील के दूरस्थ स्थित गांव धनीरी में 12 मई 1923 को हुआ। पिता का नाम श्री मंगतराम वत्स्य एवं मां का नाम श्रीमती जानकी देवी था। परिवार साधारण परन्तु संस्कारी था। सन्तराम माता-पिता की इकलौती संतान थे। इनके ताया जी श्री चुन्नीलाल शर्मा के एक बेटा शशिकांत शास्त्री और एक बेटी राजरानी है। यह संयोग ही है कि शशिकांत जी की पत्नी का नाम भी शशि कला है। बालक संतराम अभी चार वर्ष के ही थे कि उनके पिता श्री का देहावसान हो गया। परिणामतः परिवार पर आर्थिक संकट मंडराने लगा। वत्स्य जी की प्रारम्भिक शिक्षा संधोल के सरकारी स्कूल में हुई। फिर संस्कृत के अध्ययन हेतु वह होशियारपुर पहुंच गए जहां उन्होंने सनातन धर्म महाविद्यालय से विशारद की उपाधि अर्जित की, परन्तु अर्थाभाव के कारण वह आगे नहीं पढ़ पाए और रोजी-रोटी की तलाश में वह सन् 1942 में लाहौर जा पहुंचे। वहां समय-समय पर कभी हिन्दी भवन और कभी राजपाल एण्ड संस और कभी आर्य प्रतिनिधि सभा में नौकरी की। भारत विभाजन के बाद सन् 1947 में वत्स्य जी दिल्ली आ गए। उनका विवाह सन् 1945 में मंडी जिला के संधोल गांव की ब्राह्मण कन्या सुश्री लज्जावती से हुआ। वत्स्य जी की चार संताने हैं: प्रेम लता वात्स्यायन, स्वर्णलता, डा. भारतेंदु और कुसुम लता। तीनों बहनें दिल्ली में बसी हुई हैं और बेटा डा. भारतेंदु अनुबन्ध कृषि व्यवसाय में मुम्बई में कार्यरत है। वत्स्य जी ने कोई नियमित नौकरी नहीं की। लाहौर से दिल्ली आए प्रकाशकों यथा राजपाल एण्ड संस, राजकमल प्रकाशन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, आत्मा राम एण्ड संस, देहाती पुस्तक भण्डार, हिन्द पाकेट बुक्स आदि संस्थानों में सम्पादक अथवा प्रकाशनाध्यक्ष का कार्य अवश्य किया। बीच में अपनी प्रिंटिंग प्रेस भी लगाई, परन्तु उसे घाटे के कारण बन्द करना पड़ा। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य का गहन अध्ययन किया था। अतः उन्होंने सम्बद्ध विषयों पर साधिकार लिखा। उनमें सहज-सरल भाषा में किसी भी दुरुह विषय को कथा रस से सराबोर कर रोचक शैली में प्रस्तुत करने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने लगभग डेढ़ सौ पुस्तकें लिखीं। बाल मित्र ज्ञान विज्ञान माला, यथा हमारा शरीर, हमारे पशु, पक्षी, विज्ञान, जीवन ज्योति माला यथा चन्द्रशेखर वेंकटरमन, न्यूटन, एडिसन, वैज्ञानिकों की जीवनियां, महाभारत और रामायण की औपन्यासिक शैली में मनोहर प्रस्तुति, महापुरुषों की जीवनियां, निबन्ध यथा अमलतास के फूल, अच्छी आदतें। वत्स्य जी ने दस उपन्यास भी लिखे जो खूब बिके भी और चर्चित भी हुए। उडने वाला गलीचा, दो बहनें, भिखारी और राजकुमार, नल दमयंती आदि। उन्होंने दो नाटक भी लिखे अर्थात जमीन का बंटवारा और मिर्च मिठाई। शिष्टाचार से सम्बद्ध लेख, कहानियां, उपन्यासों के अतिरिक्त अनेक ग्रन्थों का सम्पादन भी किया।

भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य के प्रकांड पंडित संतराम वत्स्य जी का जीवन प्रारम्भ से ही बड़ा संघर्षशील रहा, लेकिन उनमें अदम्य साहस एवं जिजीविषा थी, जिसके बल पर उन्होंने संकटों से जूझते हुए सफलता के शिखरों का स्पर्श किया। उनका जन्म कांगड़ा की पालमपुर तहसील के दूरस्थ स्थित गांव धनीरी में 12 मई 1923 को हुआ। पिता का नाम श्री मंगतराम वत्स्य एवं मां का नाम श्रीमती जानकी देवी था। परिवार साधारण परन्तु संस्कारी था। सन्तराम माता-पिता की इकलौती संतान थे। इनके ताया जी श्री चुन्नीलाल शर्मा के एक बेटा शशिकांत शास्त्री और एक बेटी राजरानी है। यह संयोग ही है कि शशिकांत जी की पत्नी का नाम भी शशि कला है।

## कुछ अलग

# सियासी सूखे में खड़ी किश्तियां

**सत्ता** में सरकार की दरकार और सरकार में सत्ता की पुकार के बीच हिमाचल की अटकलें दिल्ली दरबार की चाकरी में मशरूफ हैं। अभी सत्ता के शुभ लक्षणों के लिए शिमला के महापौर और उप महापौर की शिनाख्त के बीच कांग्रेस शिमला से दिल्ली तक संतुलन की डोर पर चल रही है। इसी के साथ राजनीति के दरियाओं में मंत्री पद की किश्तियां अभी भी सूखे में खड़ी हैं। ये रिक्तियां अचंभित करती हैं और दिल्ली के कानों में खुसर-फुसर भी करती हैं। बजीरों की परेड एक बात है और मंत्रियों की बुलंदी दूसरी तरह का एहसास है। अपने पांचवें महीने में सुक्खू सरकार ने प्रशासनिक तौर पर जो पाया, वह भी कहीं केंद्रीय कमान के खूंटे पर लटका है। हिमाचल ने कांग्रेस का पक्षधर होने का बिगुल पिछली सरकार के समय में चार उपचुनावों में बजाया था और उसके बाद सत्ता का द्वार खोलकर स्वागत किया था। इसी लय में शिमला नगर निगम चुनावों की परिणति ने कांग्रेस को सुशासन करने के लिए जगह व जिरह दी है। यही जगह व जिरह बहुत ही महीन होकर लगातार सरकार के बीच ऐसी भूमि तलाश रही है, जिसके सदके सत्ता का अवलोकन पूरे हिमाचल की महत्त्वाकांक्षा को उठा-उठा कर दिल्ली दरबार ले जा रहा है। ऐसे राजनीतिक अंतर से जो हिसाब पैदा हो रहा है, उसके रिसाव को समझना होगा, वरना सामने भाजपा अपनी दीवारों पर नई संभावनाओं के पोस्टर चस्पां कर रही है। शिमला के महापौर और उप महापौर पर फैसला करना जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक जज्बाती होकर राहों पर खड़े राजनीतिक सन्नाटे पूछ रहे हैं कि यह कौनसा दो जमा दो है, जो इस वक्त कांगड़ा को निरंतर घटा रहा है। पेंच फसाना अलग बात है, लेकिन अगर कांगड़ा की पेचीदगी के साथ-साथ रूठे सिंहासन की राह पर खड़े बिलासपुर, हमीरपुर या चंबा का सिंहावलोकन नहीं हुआ, तो बिगड़ती तहजीब के विघटन कहीं भीतर से घायल ही निकलेंगे। सत्ता के हर गुण के साथ ऐसे राजनीतिक दोष का उपचार सही से न किया गया, तो आने वाले समय में कई सफलताएं भी कुंद हो सकती हैं। हिमाचल में सरकार को महसूस करने का सबसे बड़ा पड़ाव राजधानी शिमला हो सकती है, लेकिन सत्ता को लाने का हिमाचल का सबसे बड़ा घराना निश्चित रूप से कांगड़ा है। शायद इसलिए मुख्यमंत्री पर्यटन की राजधानी का दर्जा देते हुए इस क्षेत्र को उपकृत कर देते हैं और आईटी पार्क की शिनाख्त में जिला का 'गर्रा-'गर्रा ढूंढा जा रहा है, लेकिन सवाल राजनीतिक रौनक का है। चंबा से कुलदीप पठानिया भले ही विधानसभा अध्यक्ष बना दिए जाते हैं, लेकिन यह सियासी रौनक को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करता। कांगड़ा सत्ता का प्रमुख घराना होने के बावजूद कांग्रेस सरकार की रौनक से महरूम है। ऊना, हमीरपुर, शिमला, सोलन व सिरमौर में लगी रौनकों का एहसास किया जा सकता है, लेकिन बिलासपुर व मंडी के लिए नए अवसर चाहिए। कांग्रेस खुद को सरकार के आवरण में देखने की चेष्टा करे, तो मालूम हो जाएगा कि उसकी हर जीत के पीछे जनता का सीधा एहसास छिपा है। यही एहसास कांगड़ा से उसे लबालब कर देता है, लेकिन बदले में कुछ नेताओं को दो कौड़ी का बना देने का एकतरफा मंतव्य खड़ा हो जाता है। क्या सुधीर शर्मा, यादविंदर गोमा या बिलासपुर के राजेश धर्माणी को दो कौड़ी का बनाकर कांग्रेस सामने खड़ी भाजपा को कड़ा संदेश दे पाएगी। सरकार बनाना जनता के नेतृत्व में भले ही बदलाव का संदेश लेकर आए, लेकिन सरकार को आगे चलकर राजनीति को जीतने के लिए कंधे मजबूत और सीना चौड़ा करना पड़ेगा। अंततः आगामी लोकसभा चुनाव की वैतरणी में उतरने के लिए आगे चलकर सरकार के कंधों का सवाल उठेगा और यह प्रदेश को तय करना है, न कि आलाकमान के नखरों से होगा। कांग्रेस के पास इस समय इतनी राजनीतिक संपत्ति नहीं है कि पार्टी राज्य में कुछ नेताओं की वरिष्ठता को कुंद करके लंबी तान ले। कांग्रेस मंत्रिमंडल का वर्तमान भले ही सरकार के अहम फैसलों का सशक्त चेहरा बनाने का सबब पाले, लेकिन इस फिजां में पतझड़ के आने की आशंका खत्म नहीं होती।

## नागरिक बोध

# सपनों की लक्ष्मण रेखा

**अभी** हमने सिर उठाया भी नहीं, कि उससे पहले ही उन्हें खतरा पैदा हो गया, कि ये लोग सिर उठायेंगे तो जीने की राह मांगेंगे। पीठ भरने का वसीला मांगेंगे। खोई हुई जानों का हिसाब मांगेंगे। इसलिए इससे क्या बेहतर नहीं कि ये सिर उसी प्रकार झुके रहें, और अपनी जान और माल की खैर खैरीयत हमसे मांगते रहें। आप पूछ सकते हैं, कौन सी जान और कौन सा माल? किस माल की हिफाजत करने की बात कहते हैं आप? सुना नहीं है क्या, जर, जोरू और जमीन पर कब्जा ताकत वाले का होता है। ताकत तो अपने वंश दर वंश हवेलियों वालों को सौंप दी। रजवाड़ाशाही खत्म हो गई। देश के करोड़ों बांके नौजवानों ने एक लम्बी लड़ाई लड़ कर सामंतवाद को नेस्तनाबूद कर दिया है। इतिहास ने बताया। फिर यहां बदल कर कहां से नये रजवाड़े और नये सामन्त आ गये? ये नाम जनता के राज का लेते हैं और पहले तो उम्र भर अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते, फिर वंशगत परम्परा में उनके वारिसों आने वाले सब वारिसों की वोटों की वसीयत अपने नाम करवा लेते हैं। इस जमाने का कोई भरोसा नहीं है, साब। जाने कब करवट बदल ले। जाने किस दांव अपना हाथ बदल अपनी हार को जीत में बदल दे। वैसे भी जीत का लड्डू हमेशा ही ऊपर वालों के हाथ रहता है। तब भी जब वोटें पडने का मौसम करीब आया, और आपने युगों से लम्बित अच्छे दिनों का सपना साकार होने का एक ट्रेलर हमें दिखा दिया और पूरी फिल्म दिखाने का सपना भविष्य के कंधों पर लाद दिया। लेकिन याद रखिये कल, आज और कल में जो बीत गया वह कल तो कभी मुडक़र आता नहीं और आने वाला कल कभी मिलता नहीं, जब भी मिलेगा, वह यही आज बन कर ही मिलता है। वही रंग उतरा आज जिसमें आने वाले दिनों में अच्छे दिन दे देने के वायदों को दोहराया जाता है। उन लोगों ने दोहराया है, जो बरसों बाद आपका और भी निर्जीव होता चेहरा पहचानने चले आये थे। नये वायदों के कनकौओं के साथ, एक बार फिर से आकाश में उडने का एहसास दे रहे हैं। यह वे एहसास हैं जो काम किये बिना देश के आत्मनिर्भर हो जाने की तस्वीर बनाते हैं। आंकड़ों के ऐसे खेल दिखाते हैं कि गिरावट की ओर सरपट भागती अर्थव्यवस्था का शेयर सूचकांक बल्लियों उछलने लगता है। इन्होंने पूरा विश्व एक मंडी बना देने का वायदा किया था न। लीजिये पूरे विश्व में पेट्रोल और डीजल की कीमतें प्रति लीटर सैकड़ा पार कर गयीं। अपना देश कुछ अधिक तरक्की पसंद है, इसलिए एक-दो नहीं यहां पूरे आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में इनका दाम सौ से ऊपर चला गया। इससे केन्द्रीय और राज्य के राजस्व खजाने की बहार लौट आयी, पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं तो बढने दो, आखिर इस गिरते हुए माहौल में कुछ तो बढना चाहिए। जनता की हायतौबा की चिन्ता करना, उनके लिए हम घर-घर बिजली चालित कार ले आने का सपना बांट देंगे।



# इमरान की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई : पाकिस्तान में सिंध छोड़ बाकी 3 राज्य फौज के हवाले; पीटीआई के कई बड़े नेता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।**

अल कादिर ट्रस्ट घोटाले में पूर्व पाकिस्तानी पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इमरान की पार्टी पीटीआई ने खान की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस पर इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने अरेस्ट को लीगल बताया था। इसके बाद पीटीआई सु्प्रीम कोर्ट पहुंची। अब SC में 3 जजों की बेंच इस पर फैसला सुनाएगी।

वहीं पाकिस्तान में बढ़ती हिंसा के बीच सिंध प्रांत को छोड़कर पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आर्मी तैनात कर दी गई है। हिंसा भड़काने के आरोप में पीटीआई लीडर फवाद चौधरी को देर रात और शाह महमूद कुरैशी को अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस ने अब तक इमरान की पार्टी के करीब 1900 नेता-कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

9 मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 290 लोग जख्मी हो गए हैं। इमरान खान को 8 दिन के लिए नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो की रिमांड पर भेज दिया गया। हिंसा पर फौज ने पहला ऑफिशियल रिएक्शन दिया। कहा, पाकिस्तान के इतिहास में काले अध्याय के तौर पर देखा जाएगा।

**बिलावल बोले- मामला और न बढ़ाए पीटीआई** - कराची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा- 9 मई पाकिस्तान के इतिहास का एक और काला दिन है। किसी भी राजनेता की गिरफ्तारी देश के लिए बड़ा नुकसान है। पीटीआई को देशभर में चल रहे हिंसक प्रदर्शन खत्म करते हुए कानून का पालन करना चाहिए। जो होना था हो चुका है, अब उन्हें मामले को और नहीं बढ़ाना चाहिए। इससे उनके लिए मुश्किलें बढ़ेंगी।

**लाहौर में शाहबाज शरीफ के घर पर हमला** - इमरान खान के समर्थकों ने पीएम शाहबाज शरीफ के लाहौर स्थित घर पर हमला किया। 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों ने शरीफ के घर के बाहर खड़े वाहनों को आग लगा दी। घर पर पेट्रोल बम भी फेंके। बाद में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो प्रदर्शनकारी भाग गए। हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस हमले की पुष्टि नहीं की है। सरकार के मुताबिक खान जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने लैंड माफिया मलिक रियाज को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाया। लंदन में उसके 40 अरब जब्त कराए।

## न्यूज ब्रीफ

### कराची शिपयार्ड में चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश नाकाम, सुरक्षा बलों ने संदिग्ध को मार गिराया



**कराची।** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में एक शिपयार्ड में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर घातक हमले की साजिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। सुरक्षा बलों ने हमले की साजिश को नाकाम करते हुए एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना हुई जब सुरक्षा बलों के अधिकारियों को पता चला कि एक संदिग्ध व्यक्ति कराची के पोर्ट कासिम में शिपयार्ड में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर आत्मघाती हमले की की योजना बना रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हसन सरदार ने कहा कि जवानों ने संदिग्ध आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने कहा कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि एक प्रतिबंधित संगठन ने आतंकवादी हमले की साजिश रची है जिसके बाद विदेशी कामगारों की सुरक्षा बढ़ाई गई और इस दौरान आतंकवादी को मार गिराया गया। सरदार के अनुसार, संदिग्ध को जब शिपयार्ड में विदेशी नागरिकों की ओर बढ़ते हुए देखा गया तो सुरक्षा बलों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन मुठभेड़ के दौरान संदिग्ध ने गोली भी चलाई। बाद में जवानों ने उसे मार गिराया गया। पुलिस को संदिग्ध के शव के पास से आत्मघाती हमले में इस्तेमाल होने वाली जैकेट, विस्फोटक, एक डिटोनेटर और कालाश्निकोव राइफल और कारतूस मिले।सरदार ने कहा, आतंकवादी ने भी गोली चलाई जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना के बाद सरदार ने कहा कि चीन और पाकिस्तान की सरकारें विदेशी नागरिकों की सुरक्षा और निगरानी के लिए 24 घंटे खुफिया-आधार पर निगरानी बढ़ाने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों को आतंकवादियों और अलगाववादियों द्वारा निशाना बनाए जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले अप्रैल 2022 में बलूचिस्तान के एक अलगाववादी संगठन की महिला आत्मघाती हमलावर ने कराची विश्वविद्यालय में तीन चीनी शिक्षकों को लेकर जा रहे वाहन पर आत्मघाती हमला कर दिया था। गौरतलब है कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के लिए पाकिस्तान में सैकड़ों चीनी कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों में चीनी इंजीनियर भी शामिल हैं। सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट को चीन के झिंजियांग प्रांत से जोड़ता है।

### आतंकी पर बैन से चीन को दिक्कत: पठानकोट-पुलवामा हमले में आरोपी है रउफ; ड्रैगन ने यूएन में भारत के प्रस्ताव पर अड़ंगा लगाया



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर के भाई अब्दुल रउफ अजहर को ब्लैकलिस्ट करने की दोबारा मांग उठाई। लेकिन चीन ने इस पर आपत्ति जता दी। पड़ोसी देश ने भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अलकायदा प्रतिबंधित सूची में रउफ अजहर को शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले पिछले साल अगस्त में भी भारत और अमेरिका ने अब्दुल रउफ को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव पेश किया था। तब भी चीन ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर इसे रोक दिया था। चीन के एक प्रवक्ता ने कहा था, हमने मामले को समझने के लिए समय चाहिए। इस कारण इस प्रस्ताव को रोका गया है। हालांकि, प्रपोजल को यूएनएससी के बाकी 14 मेंबर्स का समर्थन हासिल था।

### भारत की अध्यक्षता में सर्वाधिक रही अफ्रीकी भागीदारी, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास

**न्यूयॉर्क** । यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी भागीदारी अब तक सर्वाधिक रही है। उन्होंने कहा, भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता में अफ्रीका पर हाल के वर्षों में सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आवाज तथा चिंताओं के बीच भारत के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए यह अध्यक्षता अनूठी है। रुचिरा कंबोज ने 2023 के विकास के लिए ईसीओएसओसी फोरम में बोलते हुए कहा कि भारत में आयोजित की जा रही जी-20 बैठकें ग्लोबल साउथ और सामान्य रूप से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा, भारत अपने 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' और अन्य उपायों के साथ, अफ्रीकी क्षेत्र के मुद्दों, चिंताओं और आकांक्षाओं का एक बड़ा प्रतिनिधित्व प्रदान करने में कामयाब रहा है।

# बाइडन सरकार ने पेश किया नागरिकता अधिनियम, एच-1बी वीजा में बदलाव की मांग

**वाशिंगटन।**

अमेरिका में रह रहे भारतीयों और दूसरे देशों के अप्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अमेरिकी संसद में अमेरिका की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी नागरिकता अधिनियम पेश किया। यह एक विधायी विधेयक है। इसमें जरिये रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए किसी देश के प्रवासियों की संख्या सीमित करने पर पूर्व में लगाई गई रोक खत्म करने की और एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव करने की मांग की गई है। कानून बनने के बाद एच-1बी वीजा धारकों के आश्रितों को भी यहां काम करने की अनुमति मिलेगी। अमेरिकी नागरिकता अधिनियम-2023 डेमोक्रेटिक महिला सांसद लिंडा सेंचेज ने पेश किया।



### अमेरिकी नागरिकता पाने का सपना होगा पूरा

इस विधेयक के पास होने के बाद यहां प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले हजारों भारतीयों को भी इसका फायदा होगा। संसद के दोनों सदनों में विधेयक के पारित हो जाने और राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद कानून बनने से देश में बिना दस्तावेज के रह रहे और वैध तरीके से आए लाखों लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता खुल जाएगा।

### 1.1 करोड़ अप्रवासियों को होगा लाभ

इस विधेयक में अमेरिका की नागरिकता पाने के सपने देखने वाले सभी 1.1 करोड़ गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है। इसमें टीपीएस धारकों और कुछ फार्मवर्कर्स

को तत्काल नागरिकता देने की बात कही गई है। इसमें पांच साल तक अमेरिका में रहने वाले गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों जिन्होंने पृष्ठभूमि की जांच पास कर ली हो और करों का भुगतान करते हो उन्हें भी देश से निकाले जाने के डर के बिना नागरिकता देने की बात कही गई है। इस विधेयक के तहत अमेरिका में रोजगार आधारित लंबित वीजा को मंजूरी दी जाएगी। प्रत्येक देश पर वीजा के लिए लगाई गई सीमा भी खत्म की जाएगी और प्रतीक्षा समय को घटाया जाएगा।

### विधेयक में ये प्रावधान शामिल

विधेयक में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के एसटीईएम विषय (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के डिग्री धारकों के लिए अमेरिका में रहने की राह को आसान बनाने का भी प्रावधान है। बता दें कि एसटीईएम विषयों में डिग्री के लिए अमेरिकी विश्वविद्यालयों में सबसे ज्यादा छात्र भारत के ही हैं। इसके अलावा उद्योगों में कम वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए ग्रीन कार्ड तक पहुंच में सुधार करने, एच-1बी धारकों के आश्रितों को काम करने की अनुमति देने और एच-1बी धारकों के बच्चों को इस प्रणाली से बाहर होने से रोकने का प्रावधान शामिल है।

इस विधेयक में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम बनाने की भी मांग की गई है और यह गैर-आप्रवासी, ज्यादा-कुशल वीजा धारकों के लिए ज्यादा वेतन को प्रोत्साहित करता है ताकि उन्हें अमेरिकी श्रमिकों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके।

नागरिकता अधिनियम में पिछले वर्षों के वीजा को फिर से प्राप्त करके बैकलॉग को खत्म करने के लिए परिवारों को एक साथ रखने के लिए परिवार-आधारित आव्रजन प्रणाली में सुधार का प्रस्ताव है। इसमें परिवार के सगे सदस्यों के रूप में ग्रीन कार्ड धारकों शामिल हैं और परिवार-आधारित आप्रवासन के लिए प्रति-देश कोटा को बढ़ाने की मांग की गई है। यह विधेयक परिवारों के साथ होने वाले भेदभाव को भी समाप्त करता है। इसके साथ ही अनाथों, विधवाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है और अनुमोदित परिवार-प्रायोजन याचिकाओं वाले अप्रवासियों को अस्थायी आधार पर ग्रीन कार्ड नहीं मिलने के बावजूद अमेरिका में रहने वाले परिवार में शामिल होने की अनुमति देता है।

डेमोक्रेटिक सांसद सांचेज ने कहा कि मेक्सिको के अप्रवासी माता-पिता की बेटी के रूप में मुझे एक साहसिक, परिवर्तनकारी ढांचा बनाने के लिए अमेरिकी नागरिकता अधिनियम को पेश करने पर गर्व हो रहा है। यह विधेयक हमारी टूटी हुई आव्रजन प्रणाली को ठीक करने में मदद करेगा। डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीस ने अमेरिका के निर्माण में अप्रवासियों की भूमिका पर जोर दिया और उन्होंने आव्रजन कानून में बदलाव का आह्वान किया।

### फिनलैंड की पीएम ने तोड़ा अपना 19 सालों का रिश्ता, शादी के तीन साल बाद ही लेंगी तलाक

**हेल्सिंकी।** फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन ने अपने पति से मार्कस रायकोनेन के साथ तलाक के लिए अर्जी दे दी है। दोनों ने यह जानकारी अपने इंस्टाग्राम के जरिए दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट करते हुए कहा- हम 19 साल से एक साथ थे और अपनी प्यारी बेटी के लिए हम आभारी रहेंगे। हम एक अच्छे दोस्त बने रहेंगे। मारिन और रायकोनेन दोनो एक वेंचर कैपिटल फर्म में काम करते थे। दोनों ने साल 2020 में कोविड महामारी के दौरान सादी की थी। मरिन और रायकोनेन की एक पांच साल की बेटी भी है। रायकोनेन से शादी करने के बाद मारिन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कहा- हमने एक साथ जवानी गुजारी है अब हम व्यस्क जीवन में साथ में प्रवेश कर रहे हैं और अपनी बेटी के लिए माता-पिता बन गए हैं। मरिन 2019 में फिनलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त हुई थी, तब वह महज 37 साल की थी और दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री थी। मारिन और उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी पिछले महीने दक्षिणपंथी राष्ट्रीय गठबंधन पार्टी और राष्ट्रीय फिन्स पार्टी से संसद चुनाव हार गई थी।

## मोदी के लिए डिनर होस्ट करेंगे बाइडेन

# व्हाइट हाउस ने जारी किया बयान; जून में अमेरिका दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी



**वॉशिंगटन।**

नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी के लिए 22 जून को ऑफिशियल डिनर होस्ट करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने एक बयान में दी। व्हाइट हाउस ने कहा- मोदी के इस दौरे से भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत होंगे। दोनों देश स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं और हमें उम्मीद है कि दुनिया के दो महान लोकतंत्र एक नए युग की शुरुआत करेंगे।

### हिंद महासागर पर फोकस

बयान में कहा गया है कि मोदी के इस दौरे से हिंद महासागर में सिक्योरिटी के लिहाज से एक नई शुरुआत होगी। इस दौरे पर टेक्नोलॉजी और डिफेंस से जुड़ी बेहद अहम बातचीत हो सकती है। अमेरिका चाहता है कि एजुकेशन और क्लाइमेट चेंज जैसे अहम ग्लोबल इश्यूज पर भी दोनों देश मिलकर काम करें। इसके अलावा पीपुल टु पीपुल कॉन्टैक्ट्स भी बढ़ाया जाना चाहिए। इसके लिए भी पॉलिसी तैयार की जा रही है।

न्यूयॉर्क में पीएम मोदी यूएन मुख्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम के शामिल होंगे। इसके बाद शिकागो में भारतीय समुदाय के साथ मोदी एक बड़े कम्युनिटी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

इस मीटिंग से पहले पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन मई में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली क्वाड मीटिंग के दौरान भी मिलेंगे। क्वाड देशों की इस बैठक में जापान और ऑस्ट्रेलियाई लीडर्स भी मौजूद रहेंगे। वहीं 9-10 सितंबर में भारत त्त-20 समिट भी होस्ट करने वाला है, जिसमें बाइडेन भी शामिल होंगे।

### 5 बार मिल चुके हैं पीएम मोदी-राष्ट्रपति बाइडेन

पीएम मोदी इससे पहले 5 बार अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से मुलाकात कर चुके हैं। उनकी पहली मुलाकात सितंबर 2021 में अमेरिका में हुई थी। तब दोनों नेताओं ने व्हाइट हाउस में करीब 90 मिनट तक बातचीत की थी। इसके बाद मोदी और बाइडेन अक्टूबर में इटली में जी-20 समिट के दौरान मिले थे। दोनों नेताओं की अगली मुलाकात मई 2022 में समिट के दौरान हुई थी। फिर दोनों जून 2022 में जी-7 समिट के दौरान जर्मनी में मिले थे।

# अफगान महिला कर्मियों का उत्पीड़न हुआ और बनाया गया था बंधक

**जिनेवा।**

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाली महिलाओं पर तालिबान के प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से संयुक्त राष्ट्र द्वारा नियुक्त कुछ अफगानी महिलाओं को बंधक बनाया गया, उनका उत्पीड़न किया गया और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अफगानिस्तान के तालिबान शासकों ने पिछले महीने के शुरू में संयुक्त राष्ट्र को सूचित किया था कि संयुक्त राष्ट्र मिशन में नियुक्त अफगान महिलाएं अब काम पर नहीं जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक दक्षिण एशियाई देश में मानवाधिकार की स्थिति पर एक रिपोर्ट में कहा कि अफगानिस्तान में सार्वजनिक एवं दैनिक जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं एवं लड़कियों की भागीदारी को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करने के मकसद से वहां के शासकों की भेदभावपूर्ण एवं गैर कानूनी कार्रवाइयों की कड़ी में यह ताजा घटना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान शासकों ने इस साल विरोध करने वाले कई लोगों विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर बोलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में मार्च में शिक्षा तक पहुंच एवं कार्य करने की मंजूरी को लेकर काबुल में प्रदर्शन कर रही चार महिलाओं की गिरफ्तारी और फिर अगले दिन उन्हें रिहा किए जाने का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में लड़कियों के स्कूलों को फिर से खोलने की मांग को लेकर अभियान चलाने वाले नागरिक संगठन 'पेनपाथ' की प्रमुख मतिउल्ला वेसा की गिरफ्तारी का भी जिक्र है। रिपोर्ट में फरवरी में उत्तरी ताखार प्रांत में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और उनके भाइयों को गिरफ्तार किए जाने का भी हवाला दिया गया है। जारी एक अलग रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में शासन में आने के बाद से सार्वजनिक रूप से मृत्युदंड देने, दंडित करने और पत्थरबाजी करने के लिए तालिबान की कड़ी निंदा की।



# हम बहुत से लोगों को खो देंगे : जेलेंस्की ने रूस पर जवाबी हमले की बताई वास्तविकता, कहा- अभी और समय चाहिए

**कीव।**

**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश को रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू करने के लिए और समय चाहिए क्योंकि कीव को अभी भी वादा की गई पश्चिमी सहायता की आवश्यकता है। एक विदेशी मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से यह जानकारी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि जो हमारे पास है उसके साथ हम आगे बढ़ सकते हैं और सफल हो सकते हैं। लेकिन हम बहुत से लोगों को खो देंगे।**

मुझे लगता है कि यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, इसलिए हमें अभी इंतजार करने की जरूरत है। हमें अभी भी थोड़ा और समय चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना को अभी भी कुछ चीजों की आवश्यकता है, जिसमें बख्तरबंद वाहन भी शामिल हैं जो खेपों में आ रहे थे। जेलेंस्की ने यूक्रेनी सेना पर विश्वास व्यक्त करते हुए उसकी प्रशंसा की, लेकिन लंबे समय से चल रहे संघर्ष के जोखिमों को लेकर चेतावनी भी दी, जो रूस की तरफ से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध को लेकर हर किसी के पास एक विचार होगा। लेकिन, वे आत्मसमर्पण करने वाले क्षेत्रों में यूक्रेन पर दबाव नहीं डाल सकते। उन्होंने सवाल किया कि दुनिया का कोई भी देश पुतिन को अपनी जमीन क्यों दे



2024 में राष्ट्रपति जो बाइडन के दोबारा नहीं चुने जाने पर अमेरिकी समर्थन खोने की आशंकाओं को खारिज करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें अभी भी अमेरिकी संसद में दोनों दलों का समर्थन हासिल है। उन्होंने कहा कि कौन जानता है कि अमेरिका में जब चुनाव होगा उस वक्त हम कहां होंगे उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हम तब तक जीत जाएंगे।

रूस के खिलाफ लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों के समर्थन में जेलेंस्की ने कहा कि प्रतिबंधों का मॉस्को के रक्षा उद्योग पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके गोदामों में अभी भी बहुत कुछ है लेकिन... हम पहले से ही देख रहे हैं कि उन्होंने कुछ क्षेत्रों में प्रति दिन गोलाबारी कम कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि मॉस्को ने कुछ उपायों को बायपास करने के तरीके ढूंढ लिए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने पिछले सप्ताह क्रेमलिन पर एक कथित ड्रोन हमले के कीव के खिलाफ रूस के आरोपों को भी खारिज कर दिया, जिसे मॉस्को ने राष्ट्रपति पुतिन की हत्या के प्रयास के रूप में वर्णित किया था।

## इजराइल के हमले में 25 फिलिस्तीनियों की मौत

# इस्लामिक जिहाद का टॉप मिसाइल कमांडर मारा गया, आतंकियों ने इजराइल पर दागे 507 रॉकेट

**तेल अवीव/गाजा।**

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच पिछले 3 दिन से लगातार हमले जारी हैं। 9 महीनों की सबसे बड़ी लड़ाई में अब तक करीब 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जबकि 64 लोग घायल हुए हैं। इसमें 5 महिलाएं और 5 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा इजराइल ने फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद के टॉप मिसाइल कमांडर अली हसन गली उर्फ अबु मुहम्मद को भी मार गिराया है।

गाजा में आतंकवादियों ने इजराइल पर 507 से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इजराइली मिलिट्री के मुताबिक, इनमें से 368 रॉकेट बॉर्डर क्रॉस कर पाए, जबकि बाकी गाजा में ही रह गए। वहीं इजराइल की डिफेंस फोर्स ने गाजा में 158 से ज्यादा इस्लामिक जिहाद के ठिकानों को निशाना बनाया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा- ये लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। हम हमास और फिलिस्तीनियों पर नजर बनाए हुए हैं। वो छिप नहीं सकते। उन पर कब और कहां हमला करना है ये हम तय करेंगे। साथ ही ये लड़ाई कब खत्म होगी इसका फैसला भी इजराइल ही करेगा।



**3 दिन पहले मारे गए थे पीआईजे के 3 कमांडर** - इससे पहले 8 मई को गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में 12 लोगों की मौत हुई थी। इस मिशन को ऑपरेशन शील्ड एंड एरो नाम दिया गया। इजराइल ने फिलिस्तीन इस्लामिक जिहादी मूवमेंट के टॉप 3 कमांडर और उनके परिवार के लोगों को मार गिराया था। गाजा पट्टी पर हमले में फाइटर जेट समेत 40 एयरक्राफ्ट शामिल थे। अटैक से पहले इलाके के 40 किलोमीटर के एरिया में रहने वाले इजराइलियों को बॉम्ब शेल्टर में भेज दिया गया था। गाजा पट्टी में हुआ ऑपरेशन इजराइल की जवाबी कार्रवाई थी। दरअसल, पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीन ने भूख हड़ताल कर इजराइल की जेल में दम तोड़ दिया था। जिसके बाद फिलिस्तीन की तरफ से इजराइल के बॉर्डर वाले इलाके में कई रॉकेट दागे थे। इससे पहले पिछले साल अगस्त में इजराइल और पीआईजे के बीच बड़ी लड़ाई हुई थी। इसमें 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी।

**क्या है फिलिस्तीन का इस्लामिक जिहाद संगठन** - फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद संगठन को 1981 में बनाया गया था। इसकी शुरुआत मिस्त्र में पढ़ने वाले फिलिस्तीनी लड़कों ने की थी। ये वेस्ट बैंक, गाजा और इजराइल के कब्जे वाले इलाकों में फिलिस्तीन का कब्जा चाहता है। इजराइल इस संगठन को ईरान का साथी बताता है। जो इजराइल को तबाह कर देना चाहते हैं। इस्लामिक जिहाद संगठन फिलिस्तीन को आजादी दिलाने वाले दूसरे बड़े संगठनों की तुलना में छोटा है। इसे ईरान से फंडिंग मिलती है।

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद - मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है। गाजा पट्टी इजराइल और मिस्त्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

### टोंगा में आया 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप, अफगानिस्तान में महसूस किए गए झटके

**नुकुअलोफा** । दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने एक ट्वीट में कहा कि टोंगा के हिहिफो से 95 किमी पश्चिम उत्तर पश्चिम में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। जिसका केंद्र पृथ्वी से 210.1 किमी की गहराई में था। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई है। फिलहाल भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अफगानिस्तान के फैजाबाद भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया।

# मुख्यमंत्री पैसे लेने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करें या फिर जनता से माफी मांगे : शेखावत

**जोधपुर/जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने अशोक गहलोत सरकार पर गुरुवार को जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने विधायकों को पैसा लौटाने जैसा वक्तव्य देने की बजाए भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई करनी चाहिए या फिर जनता से माफी मांगनी चाहिए। शेखावत गुरुवार सुबह अपने संसदीय क्षेत्र जोधपुर पहुंचे और एयरपोर्ट पर मीडिया से रू-ब-रू हुए। उन्होंने कहा कि गत दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर के एक सरकारी कार्यक्रम में सरकार के खिलाफ विद्रोह करने वाले विधायकों से कथित रूप से सरकार गिराने की नीयत से लिया गया पैसा लौटाने की अपील की थी। मुख्यमंत्री ने जिस तरह से अपने ही विधायकों के खिलाफ बयान दिया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री को प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराएं 8, 9 और 12 पढ़नी चाहिए। ये धाराएं कहती हैं कि जिसने पैसा लिया, वह प्रथमदृष्ट्या दोषी है। मुख्यमंत्री स्वयं गृह मंत्री भी हैं, उन्हें तुरंत



इस बात पर कार्रवाई करनी चाहिए। ये कानून यह भी कहता है कि यदि किसी को यह पता हो कि उसके मातहत काम करने वाले भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो उसे कार्रवाई करनी पड़ेगी, यदि जानते हुए भी वह भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं कर रहा तो वह भी दोषी हैं। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि जब उन्हें पैसे के लेन-देन का पता है तो उन्हें कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे ? यदि उनकी बात का कोई आधार नहीं है तो उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। शेखावत ने नाथद्वारा में प्रधानमंत्री के सरकारी कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री के बयान को भी दुर्भाग्यपूण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो बातें कहीं, वे व्यापक दृष्टिकोण में कही गई थीं। उस बात को लेकर सीएम ने जो ट्वीट किया, वह गलत है। इस ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को सरकारी कार्यक्रम में राजनीतिक बयान नहीं देना चाहिए। मेरा कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा महंगाई राहत कैंप जैसे सरकारी आयोजन कराए जा रहे हैं। इसमें मुख्यमंत्री गहलोत स्वयं राजनीतिक भाषण दे रहे हैं। शेखावत ने मुख्यमंत्री के सचिन पायलट के खिलाफ कहे गए शब्दों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि तथाकथित शानदार पांच साल के शासन के बाद जो पार्टी 21 सीटों पर सिमट गई थी। उस पार्टी के कार्यकर्ताओं में जिस व्यक्ति ने पूरे प्रदेश में सड़कों पर घूमकर उत्साह का संचार किया। उस व्यक्ति के लिए मुख्यमंत्री के विचार सुनकर के मेरे मन की सारी ग्रंथियां खुल गईं। जब उनके अपने पार्टी के नेता के बारे में ही ऐसे विचार हैं तो मेरे और अमित शाह के प्रति क्या भाव होंगे ? यह अंदाजा लगाया जा सकता है, क्योंकि हमने उनके पुत्र को उनके ही शहर में हरा दिया। कांग्रेस पार्टी को पूरे देश में समेटकर रख दिया। शेखावत ने कहा कि जनाक्रोश यात्राओं के दौरान जनता से मिलकर यह निष्कर्ष निकला है कि राजस्थान की वर्तमान सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है स्थानीय विधायकों से लेकर के राज्य सरकार स्तर पर बैठे लोगों के कारनामे अलग-अलग दिन में अलग-अलग प्रकार से दिखाई देते हैं। ऐसी सरकार पर जब हम भ्रष्टाचार का आरोप लगाएं तो कहा जा सकता है कि ये राजनीति से प्रेरित हैं, लेकिन उन्हीं की सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री अपनी गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए पदयात्रा करने को मजबूर हो जाते हैं तो सारी बातें स्वत: ही स्पष्ट हो जाती है। शेखावत ने जोधपुर के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जोधपुर का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। यहां की संस्थाओं ने इस बार कई नवाचार किए हैं। हम सब को भी यह संकल्प लेना चाहिए कि हमारे यहां शांति और भाईचारे की संस्कृति है, वह बनी रहे। इस संस्कृति पर दाग लगाने के प्रयास पिछले दिनों हुए थे। इन दागों को धोकर वापस अपनी संस्कृति के सभी रंगों को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए।

## संपूर्ण विकास हमारा संकल्प व प्राथमिकता : डॉ. गुप्ता

**हिसार ( हिंस )।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गुरुवार को पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों को लेकर की जा रही बूथ स्तर की बैठकों में कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने सब्जी मंडी मंडल के बूथ नं. 53, 54, 55 व 56 और सेक्टर 9-11 में बूथ नंबर 110, 111, 112, 113 व 114 की बैठक में कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि शहर का संपूर्ण विकास हमारा संकल्प और प्राथमिकता है। पिछले आठ वर्षों में अनेक विकास परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया है और अनेक परियोजनाएं क्रियान्वयन में हैं। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पन्ना प्रमुख संगठन की बहुत महत्वपूर्ण इकाई है। इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी किसी न किसी पन्ना के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि 21 मई को आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में तीन हजार पन्ना प्रमुख अपनी भागीदारी करेंगे। इस सम्मेलन में केवल हिसार विधानसभा के कार्यकर्ता ही भाग लेंगे।

## पंजाब पुलिस के कांस्टेबल ने गोली मारकर की आत्महत्या



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस के अश्वनी कुमार नामक एक कांस्टेबल ने बुधवार की रात मोहाली के होटल में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसका पता लगने पर होटल स्टाफ तुरंत कांस्टेबल के कमरे में पहुंचा और उसे चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित अस्पताल में लेकर गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अश्वनी कुमार परिवार का इकलौता बेटा था। उसने करीब 7 साल पहले शादी की थी। उसके परिवार में मां-पिता, पत्नी और 6 वर्षीय बेटी है। पारिवारिक जानकारों से पता लगा कि अश्वनी 10 मई की सुबह सेक्टर-26 में ही मौजूद था। कुछ लोगों से उसकी मुलाकात भी हुई। इसके बाद वह ड्यूटी जाने की बात कहकर घर से चला गया लेकिन ड्यूटी के बजाए होटल जा पहुंचा। अश्वनी के पिता ईश्वर भी चंडीगढ़ पुलिस में एएसआई के पद पर सेक्टर-19 के पुलिस थाने में तैनात हैं। कांस्टेबल अश्वनी ने आत्महत्या से पहले एक फोन किया। उसने फोन अटेंडेंट को बताया कि वह सुसाइड करने जा रहा है। अश्वनी किसी बात को लेकर काफी परेशान था। पुलिस अश्वनी के परिवार से पूछताछ करने सहित उसके फोन कॉल रिकॉर्ड से यह पता लगाने में जुटी है कि उसने आखिरी कॉल किसे की है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री ने यमुनानगर में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन



**यमुनानगर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को यमुनानगर में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन किया। उन्होंने भिवानी जिले के देवी मेघराज सिविल अस्पताल, सिवानी और करनाल के 50 बेड वाले अस्पताल सहित 17 जिलों में 229 करोड़ रुपए की 46 स्वास्थ्य संस्थानों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसके साथ फतेहाबाद, रोहतक, कैथल, फरीदाबाद, पलवल, सिरसा, हिसार, गुरुग्राम, नारनौल, पंचकूला, चरखी दादरी, जींद, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में 15 उप स्वास्थ्य केंद्रों, 15 स्वास्थ्य व कल्याण केंद्रों, 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 1 शहरी स्वास्थ्य केंद्र और 4 हेल्थ वैलनेस सेंटर का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने यहां 100 करोड़ रुपए की लागत से नागरिक अस्पताल में बनी 200 बेड वाली नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस मौके पर हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवरपाल, यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर मदन चौहान विशेष रूप से शामिल रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अस्पतालों में 550 से अधिक दवाइयां मरीजों को मुफ्त मिलती हैं। मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड की तरह चिरायु कार्ड 14 लाख से अधिक बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मरीज के स्वस्थ रहने के लिए उसकी दिनचर्या और खानपान सही होना जरूरी है।

## पंजाब के धमाकों की गुत्थी सुलझी, पांच गिरफ्तार

**अमृतसर ( हिंस )।** श्री हरमिंदर साहिब के पास पिछले छह दिन में तीन धमाकों के मामलों की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। इन विस्फोटों को लेकर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक किलो से अधिक विस्फोट भी बरामद किया है। गुरुवार को पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि तीनों धमाकों के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी यादव ने बताया कि इनकी पहचान आजाद वीर सिंह, अमरीक सिंह, साहिब सिंह, हरजीत सिंह और धर्मिंदर सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आजादवीर सिंह और अमरीक सिंह ने आईईडी प्लांट किया था। आजादवीर के पास से 1.1 किलो विस्फोटक बरामद किया है, जबकि अमरीक सिंह की पत्नी से पूछताछ की जा रही है। हाल ही में श्री हरमंदिर साहिब के पास हेरिटेज स्ट्रीट में पहला धमाका 6 मई और दूसरा 8 मई को हुआ था। डीजीपी गौरव



यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस सतर्क थी और लगातार सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही थी। दो धमाकों के बाद पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच गई थी। इसी बीच 10 मई की रात करीब 12 बजे तीसरा धमाका हुआ। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पांच लोगों को दबोच लिया गया। उन्होंने दावा किया कि गिरफ्तार लोगों ने प्रारंभिक जांच में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उन्होंने ही पहले भी विस्फोट किए हैं। साथ ही कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आजाद वीर सिंह निवासी गांव वडाला कलां, जिला अमृतसर ग्रामीण, अमरीक सिंह निवासी गुरदासपुर, साहब सिंह निवासी गेट हकीमा अनगढ़ अमृतसर और धर्मिंदर व हरजीत निवासी 88 फुट रोड, अमृतसर के हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आजाद वीर सिंह बुधवार की रात करीब 12 बजे सराय के बाथरूम में गया और उसके पीछे पार्क में बम विस्फोट कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने मिलकर पहले पांच हजार रुपए में पटाखा बनाने की सामग्री खरीदी और उसमें पत्थर डालकर ट्रायल किया। सफलता मिलने पर उन्होंने और बम तैयार किए। पुलिस ने पांचों लोगों के पास से 1100 ग्राम विस्फोटक सामग्री, रसायन और कुछ कट्टरपंथी साहित्य भी बरामद किया गया है।

## खिलाड़ियों के पक्ष में आंखों पर काली पट्टी बांध कर मनाया ब्लैक-डे

**जींद ( हिंस )।** उचाना उपमंडल कार्यालय में चल रहे संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा के धरने पर गुरुवार को ब्लैक-डे मनाया गया। धरने पर पहुंचे महिला, पुरुषों द्वारा आंखों पर काली पट्टी बांध कर ब्लैक डे मनाया गया। यह ब्लैक डे दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रही कुश्ती खिलाड़ियों के पक्ष में मनाया गया। धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि दो घंटे तक धरने पर आए पुरुषों, महिलाओं द्वारा आंखों पर काली पट्टी बांध कर ब्लैक डे मना कर आंखे बंद की हुई केंद्र सरकार की आंखे खोलने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जंतर-मंतर पर वो खिलाड़ी धरना दे रहे है जिन्होंने ओलंपिक, एशिया खेलों में गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया



है। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तार दिल्ली पुलिस नहीं कर रही है। इससे साफ है कि दिल्ली पुलिस किसी दबाब में काम कर रही है। पोस्को एक्ट लगने के बाद भी गिरफ्तार नहीं हो रही है। पालवां ने कहा कि किसान आंदोलन की तरह खिलाड़ियों के इस आंदोलन को भी एक प्रदेश, एक जाति का आंदोलन बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कोई भी कोशिश, षड्यंत्र कामयाब नहीं होंगे। पहले सरकार ने किसानों फिर जवानों और अब पहलवानों को रूलाने का काम किया है। आज पूरा देश खिलाड़ियों के सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ा है। दिल्ली खिलाड़ियों के धरने पर जाकर भी वो समर्थन देकर आए थे। निरंतर धरने पर उचाना क्षेत्र से लोग जा रहे है।

## युवक ने रचाया प्रेमविवाह तो परिवार समाज से बहिष्कृत

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के निकटवर्ती जाजीवालकलां स्थित बोरावास के एक युवक ने प्रेम विवाह रचाया था। अब परिवार को जान के साथ अर्थ दंड की धमकियां मिल रही है। परिवार को भी पंचों ने मिलीभगत कर समाज से बहिष्कृत कर दिया। पीड़ित ने न्यायालय की शरण लेकर अब बनाड़ थाने में पंचों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने जांच आरंभ की है। बनाड़ पुलिस थाने में बोरावास जाजीवालकलां निवासी भागीरथ पुत्र सेवाराम मेघवाल की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसके छोटे भाई मनोहर ने 19 नवंबर 19 को एक लड़की से प्रेमविवाह किया था। प्रेमविवाह आर्य समाज में किया गया। जिस बात को लेकर उसके समाज के सरपंच धनाराम पुत्र आदूराम, आदूराम पुत्र कलाराम, सोहनलाल, जगदीश और मोहनराम आदि ने मिलकर 21 लाख अर्थ दंड के साथ जान की धमकियां दे रहे है। इन लोगों ने 4 मार्च 23 को उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत भी कर दिया। उसके परिवार के समाज के लोगों से मिलने भी नहीं दिया जाता और ना ही धार्मिक स्थानों पर प्रवेश दिया जाता है। समाज के उक्त लोग छुआछूत सा व्यवहार कर रहे है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि घटना में मामला दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम जांच एएसआई जीवणराम की तरफ से की जा रही है।

## नर्सेज बोलीं...मरीजों को मानसिक मजबूती, भावुकता से सेवा करने का दूसरा नाम है नर्सिंग

**गुरुग्राम ( हिंस )।** विश्वभर में 12 मई को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नर्सिज दिवस पर हम ऐसे वॉरियर्स को सेल्यूट करें, जो कि एक गंभीर परिस्थिति के भी मरीज के जीवन को बचाने में उसकी आखिरी सांस तक पूरे समर्पण भाव से काम करते हैं। कोरोना महामारी में लाखों लोगों की हमारे देश में मौत हुई थी। इस दौरान करोड़ों कोरोना संक्रमितों की जान भी बचाई गई। इसका श्रेय जाता है नर्सिंग ऑफिसर्स को। कोरोना संक्रमितों का उपचार करते-करते नर्सिंग ऑफिसर्स स्वयं भी संक्रमित हुए, लेकिन संक्रमण पर जीत करके उन्होंने फिर से कोरोना संक्रमितों का जीवन बचाने का काम किया। नर्सिंग दिवस की पूर्व संध्या पर बातचीत में नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि नर्सिंग के पेशे में कठोर नहीं कोमल ह्दय वालों की जरूरत है। एक नर्स के तौर पर कभी भी ड्यूटी खत्म नहीं होती। नर्सिंग का काम राह चलते भी करना पड़ सकता है और घर-परिवार में रहकर भी। नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय ने कहा कि अस्पताल में उपचार करते समय मरीजों को तकलीफ भी होती है। उन्हें दर्द भी होता है। मरीजों को गुस्सा भी आता है। ऐसे में जरूरी है कि एक नर्सिंग अधिकारी भावनात्मक रूप से काम करे, ना कि मरीज के गुस्से रिएक्शन करे। कई बार मरीज मानसिक रूप से काफी



परेशान होते हैं। उन्हें मानसिक मजबूत बनाना नर्सिंग अधिकारी का फर्ज है। नर्सेज कठोरता को त्याग कोमलता से काम करें। ऐसा करके मरीजों की आधी बीमारी बिना दवाई दूर कर सकते हैं। नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला ने कहा कि नर्सिंग का पेशा अपने आप में बहुत ही संवेदनशील होता है। किसी के जीवन को बचाना ही एक नर्सिंग अधिकारी के जीवन का उद्देश्य होता है। नर्सिंग के प्रोफेशन को चुनने वाले महिला या पुरुष का संवेदनशील होना, भावुक होना बहुत जरूरी है। हर नर्सिंग अधिकारी को यही चाहिए कि वह व्यक्तिगत जीवन की कठिनाइयों को दरकिनार करके अपने प्रोफेशन और मरीजों के साथ इंसाफी करे। हमारे भीतर नि:स्वार्थ सेवा करने की भावना बहुत जरूरी है। नर्सिंग ऑफिसर सुमन बाला ने कहा कि बीमारी में अपने भी साथ छोड़ देते हैं, ऐसे समय में एक नर्सिंग ही है जो बिना किसी रिश्ते के मरीजों का इंसानियत को सबसे अहम मानती हैं। एक नर्स ही है जो बिना किसी नुस्खे के आराम, करुणा और देखभाल करती है। एक नर्स ही है जो माता-पिता, भाई-बहन की तरह एक मरीज का ख्याल रखती है। सगे-संबंधी एक समय में मरीज से दूर हो जाते हैं, फिर भी एक नर्स उस मरीज की अपनों से बढ़कर देखभाल करती है।

## राजस्व अधिकारी ग्रेड द्वितीय एवं अधिशासी अधिकारी ग्रेड चतुर्थ परीक्षा 14 को

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 14 मई को राजस्व अधिकारी ग्रेड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी ग्रेड चतुर्थ परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक दो पारियों में आयोजित की जाएगी। जयपुर जिले में पहली पारी में 64 हजार 41 अभ्यर्थी एवं द्वितीय पारी में भी 64 हजार 41 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 12 मई एवं 13 मई की सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक एवं 14 मई की सुबह 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरांत परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीएसएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## एनआईए ने लगातार तीसरे दिन कश्मीर में कई स्थानों पर मारे छापे

**श्रीनगर ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर में कई स्थानों पर छापे मारे। तलाशी के दौरान संदिग्धों के परिसरों से विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की सहायता से एनआईए के अधिकारियों ने कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। हंजूरा बडगाम गांव में एनआईए ने गुलाम हसन मीर के बेटे बिलाल अहमद मीर के घर पर छापा मारा। एनआईए की टीम वागम में गुलाम मोहम्मद नजर के पुत्र खजीर मोहम्मद नजर के घर की तलाशी ले रही है। स्वर्गीय गुलाम कादिर वानी के बेटे मोहम्मद अशरफ वानी के नामतेहल बडगाम में एक आवासीय घर की भी तलाशी ली जा रही है। इसी तरह एनआईए ने जिले के डहरमुना सोइबुग निवासी अब्दुल गफ्फार मलिक के पुत्र मोहम्मद यूसुफ मलिक के घर और जिले के ज्वालापोरा निवासी गुलाम मोहम्मद के पुत्र मोहम्मद शफी डार के घर में तलाशी ली। एनआईए की एक अन्य टीम ने बडगाम जिले के फॉलचिल गांव निवासी गुलाम मुस्तफा गनी पुत्र स्वर्गीय गुलाम हसन गनी के आवासीय मकान की तलाशी ली। एजेंसी के अधिकारियों ने धर्मुना में अब्दुल गफ्फार मलिक के बेटे मोहम्मद यूसुफ मलिक के घर और ज्वालापोरा बडगाम निवासी गुलाम मोहम्मद डार के बेटे मोहम्मद शफी डार के घर में भी छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि गुरुवार को तलाशी के दौरान संदिग्धों के परिसरों से विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है। यह छापेमारी पूरी होने के बाद विस्तारपूर्वक विवरण साझा किया जाएगा। एनआईए ने बुधवार को भी पुलवामा लिथपोरा में सीआरपीएफ शिविर पर हुए हमले में जैश तथा हिज्ब से जुड़े तीन आरोपियों की संपत्ति को कुर्क किया था।

## एक सीमा तक विवाद बढ़ाएं खिलाड़ी : सीएम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली में चल रहे पहलवानों के धरने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह इस मामले को एक सीमा से आगे न बढ़ाएं। कुछ लोग अब इस मुद्दे पर राजनीति करने लग गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार की सुबह चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहलवानों के मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उनकी मांग पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। वह खिलाड़ियों से अपील करते हैं कि इस विषय को एक सीमा से आगे न बढ़ाएं। मनोहर लाल ने कहा कि खिलाड़ियों का मामला हरियाणा सरकार के संज्ञान में है लेकिन यह मामला हरियाणा से जुड़ा हुआ नहीं है, इसलिए सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर सकते।

## द केरल स्टोरी हरियाणा में टैक्स फ्री

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने चर्चित फिल्म द केरल स्टोरी को टैक्स फ्री कर दिया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारों द्वारा इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जा चुका है। हरियाणा में द केरल स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करने से पहले मुख्यमंत्री ने कमेटी का गठन किया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खुद इसकी जानकारी साझा की थी। कमेटी की सिफारिश के बाद ही इस पर फैसला लिया गया। बुधवार को देर रात सीएम ने इस बारे में घोषणा की। हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में इस फिल्म को टैक्स फ्री किए जाने को लेकर चर्चा की गई थी। उसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के बाद आबकारी एवं कराधान विभाग ने भी इस संबंध में अधिसूचना जारी करके प्रदेश के सभी डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर को जानकारी भेज दी है। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश




धनखड़ ने प्रदेश के तीनों महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, मोहनलाल बडोली और पवन सैनी के साथ द *केरल स्टोरी* फिल्म देख चुके हैं। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सत्य घटनाओं पर आधारित मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली फिल्म है।




# रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर भारत ने बचाए 40,965 करोड़ रुपये, पश्चिमी देशों ने लगाए हैं प्रतिबंध

**नई दिल्ली।**
भारत ने रूस से कच्चे तेल (क्रूड) की खरीदी पर पिछले वित्त वर्ष में 5 अरब डॉलर (करीब 40,965 करोड़ रुपये) की रकम बचाई है। यूक्रेन युद्ध के कारणपश्चिमी देशों की ओर से मास्को पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद रूस इस समय दुनिया में सबसे सस्ता तेल बेच रहा है। इसका फायदा उठाते हुए भारत ने 2022-23 में रूस से जमकर तेल की खरीदारी की। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 में भारत ने 162.1 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा है। उस पूरे वित्त वर्ष में कच्चे तेल की कीमतें 75 से 130 डॉलर प्रति बैरल थीं। भारत ने शीर्ष चार देशों से औसत 685 डॉलर प्रति टन के भाव से क्रूड खरीदा था। अगर इसमें से रूस की खरीदी हटा दें तो यह कीमत 704 डॉलर प्रति टन हो जाती है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने रूस से 615 डॉलर प्रति टन के भाव से तेल खरीदा है। नाइजीरिया से 790 डॉलर और इराक से 636 डॉलर के भाव से खरीदा है। इस तरह से रूस के सस्ते तेल से भारत ने 5 अरब डॉलर की बचत की। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में यूक्रेन युद्ध से पहले रूस सबसे महंगा तेल देता था। लेकिन युद्ध के बाद इसकी कीमतें काफी कम हो गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015-16 में दुनिया में कच्चे तेल की औसत कीमत 324 डॉलर प्रति टन थी जबकि रूस में यह कीमत 483 डॉलर पर थी। 2016-17 में यह भाव 329 और 578 डॉलर जबकि 2017-18 में यह 401 और 394 डॉलर प्रति टन हो गया। 2018-19 में दुनिया में औसत कीमत 504 डॉलर प्रति टन जबकि रूस में 533 डॉलर प्रति टन रही। 2019-20 में यह 465 और 489 डॉलर प्रति टन के भाव रही।

**रुपये में कारोबार नहीं चाहता रूस** - हाल में रूस व भारत के बीच रुपये में कारोबार को लेकर मामला टल गया है। रूस के पास रुपयों का अंबार लग गया है, जो उसके लिए समस्या बन गया है। रूस के लिए रुपये को दूसरी मुद्रा में बदलने की लागत बढ़ती जा रही है, इसलिए वह रुपये में भुगतान लेने से इन्कार कर रहा है।

**वैश्विक भाव से कम रहीं रूस की कीमतें** - आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में दुनिया भर में औसत कीमत 315 डॉलर प्रति टन रही तो रूस में यह 342 डॉलर प्रति टन रही। 2021-22 में भी यह ज्यादा रही।

## न्यूज ब्रीफ

### जीएसटी चुकाने के लिए 31 मईतक समय, जीटीए के पास सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर भुगतान का विकल्प



**मुंबई ।** सरकार ने माल परिवहन एजेंसियों के लिए चालू वित्त वर्ष में सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी देने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मई कर दी है। माल ढुलाई से जुड़ी एजेंसियों (जीटीए) के पास सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी संग्रह और भुगतान का विकल्प है। अदाणी समूह 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहा है। वह बदायूं से प्रयागराज तक 464 किमी के निर्माण को मूर्त रूप दे रहा है इसका निर्माण उन्नत मशीनों और तकनीक से लैस कुशल इंजीनियरों की मदद से किया जा रहा है। बजाज फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज दरों में 0.40 फीसदी वृद्धि की है। कंपनी ने बताया, नई दरें 36 से 60 माह तक की परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर बढ़ाई गई हैं। अब वरिष्ठ नागरिकों को 44 माह की विशेष अवधि की जमा पर 8.60 फीसदी ब्याज मिलेगा। लगातार छह तिमाहियों तक बिक्री में गिरावट के बाद गांवों में एफएमसीजी उत्पादों की बिक्री में मार्च तिमाही में तेजी आई है। कुल एफएमसीजी बिक्री में गांवों का योगदान 35 फीसदी है। इसमें सुधार की उम्मीद है। शहरी इलाकों में इसी दौरान 5.3 फीसदी की वृद्धि रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच गांवों में एफएमसीजी की बिक्री 0.3 फीसदी बढ़ी है। अप्रैल-जून, 2021 में गांवों में बिक्री में तेजी देखी गई थी।

### सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल पर जून तक नहीं लगेगा आयात शुल्क, गिर सकता है पाम तेल का इंपोर्ट



**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने जून तक कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल से आयात शुल्क हटाने का फैसला लिया है। सरकार ने आयात शुल्क में देने वाली छूट को लेकर स्पष्ट किया है कि 31 मार्च से पहले भेजे जाने वाले सोया तेल और सूरजमुखी तेल के आयात को मुफ्त रखा जाएगा क्योंकि आयात नियमों को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई थी, जिससे सैकड़ों हजारों कार्गो बंदरगाहों पर फंस गए थे। गौरतलब है, इस साल की शुरुआत में वनस्पति तेलों के दुनिया के सबसे बड़े आयातक ने 1 अप्रैल से शुरू होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए 2 मिलियन टन कच्चे सूरजमुखी तेल और सोया तेल के आयात शुल्क में देने वाली छूट को समाप्त कर दिया था। डीलरों का कहना था कि इस कदम से भारतीय बंदरगाहों पर करीब 90 हजार टन माल से लदे कार्गो फंस गए थे, जिन्हें 31 मार्च से पहले लोड किया गया था। वनस्पति तेल ब्रोकरेज और कंसल्टेंसी फर्म सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से कुछ कार्गो बंदरगाहों पर अटके हुए थे। अब सरकार के नए आदेश के बाद ये देश में प्रवेश कर सकते हैं। बता दें, भारत मुख्य रूप से अर्जेंटीना, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका से सोया तेल और रूस व यूक्रेन से सूरजमुखी का आयात करता है।

### तीन सरकारी बीमा कंपनियों में प्रदर्शन के आधार पर डाली जाएगी 3000 करोड़ रुपये की पूंजी





**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर चालू वित्त वर्ष में 3,000 करोड़ की पूंजी डालने पर निर्णय करेगा। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने पिछले साल तीनों बीमा कंपनियों नेशनल इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से कारोबार के बजाय मुनाफे पर ध्यान देने को कहा था। साथ ही, बेहतर मूल्यांकन के साथ सिर्फ अच्छे प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया था। सूत्रों ने कहा, इन कंपनियों को अपनी अनुमानित देनदारी में सुधार और नियामकीय व्यवस्था के तहत 150 फीसदी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कहा गया है। न्यू इंडिया एश्योरेंस को छोड़कर अन्य सरकारी साधारण बीमा कंपनियों की अनुमानित देनदारी 2021-22 में नियामकीय जरूरत का 150प्रतिशत से कम है। जानकारी के मुताबिक, सरकार ने पिछले साल तीनों साधारण बीमा कंपनियों को 5,000 करोड़ रुपये की पूंजी उपलब्ध कराई थी।

## चैटजीपीटी का कॉम्पिटिटर बार्ड 180+ देशों में लॉन्च

# हिंदी सहित 40 भाषाओं को सपोर्ट करेगा, अपने आइडिया को इमेज में बदल सकेंगे

**कैलिफोर्निया।**
टेक कंपनी गूगल ने कैलिफोर्निया में हुए अपने सबसे बड़े इवेंट गूगल में एआई चैटबॉट बार्ड को लॉन्च कर दिया है। बार्ड अब भारत सहित 180 देशों में अवेलेबल हो गया है। इससे पहले यह सिर्फ यूके और यूएस में अवेलेबल था। गूगल का ये चैटबॉट ओपन एआई के चैटजीपीटी को कॉम्पिटिशन देगा।

बार्ड को पहले सिर्फ टेक्स्ट के साथ लॉन्च किया गया था, लेकिन अब गूगल ने इसमें बेहतर रिस्पॉन्स के लिए विजुअल्स को भी जोड़ा है। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कोई यूजर मुंबई ट्रैवल कर रहा है और वो मुंबई में मुझे कहां यात्रा करनी चाहिए प्रॉम्प्ट का उपयोग करता है, तो बार्ड अपने रिस्पॉन्स में टेक्स्ट के अनुरूप विजुअल्स को भी शामिल करेगा।




### गूगल का नया चैटबॉट इस्तेमाल कैसे करें

सबसे पहले पर जाकर अपने गूगल अकाउंट में लॉग इन करें जो नया पेज ओपन होगा उसमें नीचे की तरफ दाएं कोने पर ट्राय मी ऑप्शन क्लिक करें पेज के बॉटम में आई अग्री पर क्लिक करके बार्ड की प्राइवेसी पॉलिसी एक्सेप्ट करें बार्ड पर कोडिंग सबसे ज्यादा पॉपुलर गूगल ने हाल ही में बार्ड को पीएएलएम 2 में शिफ्ट किया है, जो ज्यादा सक्षम और बड़ा लैंगवेज मॉडल है। पाम 2 पर शिफ्ट होने से बार्ड की एडवान्स्ड मैथ्स, रीजनिंग स्किल और कोडिंग कैपिसिटी बढ़ गई है। पिछले कुछ हफ्तों में बार्ड, कोडिंग सबसे ज्यादा पॉपुलर चीजों में से एक बन गई है। लोग इसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। बार्ड में गूगल लेंस को भी ऐड किया किया गया है। इससे इमेज को देखकर बार्ड डिटेल्स देगा।

### आइडिया को इमेज में बदल सकेंगे

एक्सपीरिएंस को बेहतर करने के लिए गूगल बार्ड को डॉक्स, ड्राइव, जीमेल, मैप्स और अन्य प्रोडक्ट के साथ इंटीग्रेट करेगा। यानी डॉक्स, ड्राइव, जीमेल में भी आप बार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके अलावा एडोब फाइरफ्लाई जैसी बाहरी पार्टनर्स के एक्सटेंशन के साथ भी बार्ड इंटीग्रेट हो सकेगा। इससे आप आसानी से और जल्दी से अपने क्रिएटिव आइडिया को हाई-क्वालिटी इमेजेज में बदल सकेंगे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बदलेगा फ्यूचर -

इवेंट की शुरुआत कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने बार्ड और गूगल के कई अपकमिंग फीचर्स की डिटेल्स शेयर की। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बात की और बताया कि यह फ्यूचर को कैसे बदलने वाला है। पिचाई ने बताया कि आने वाले समय में किस तरह से गूगल सर्च में जनेरेटिव एआई का इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आप केवल गूगल सर्च बार में अपनी इमैजिनेशन के बारे में लिखे और एआई की मदद से गूगल सर्च आपको बेस्ट रिजल्ट देगा। वहीं चैटबॉट हिंदी, बांग्ला सहित 40 लैंग्वेज में काम करेगा। हालांकि अभी ये केवल इंग्लिश, जापानी और कोरियन भाषा में काम करता है। इसमें यूजर्स विजुअल के माध्यम से भी सवाल पूछ सकेंगे।

### गूगल शीट में मिलेगा एआई सपोर्ट

अब गूगल शीट में डालकर एआई की मदद से शीट तैयार कर सकेंगे। आपको अगर एक ऐसी शीट चाहिए, जिसमें एम्पलॉइज की सारी डिटेल हो तो इसके लिए आप शीट के सर्च बॉक्स में दे देगें तो शीट तैयार हो जाएगी। गूगल ने एआई बेस्ड चैटबॉट बार्ड में नए टूल्स का सपोर्ट देने का ऐलान किया है। बार्ड यूजर्स की सिक्योरिटी और प्राइवेसी का ख्याल रखेगा।

### डूइट एआई से रियल टाइम कोड जनरेट होगा

गूगल ने क्लाउड के लिए डूइट एआई का भी ऐलान किया है। ये एप्लिकेशन डेवलपर्स और डेटा इंजीनियरों जैसे क्लाउड यूजर्स के लिए,ड्ड-ड्रिवन कोड असिस्टेंस प्रदान करता है। यह रियल टाइम में टाइप करते ही कोड रिकमेंडेशन देता है। पूरे फंक्शन और कोड ब्लॉक जनरेट करता है और फिक्सेज सजेस्ट करते हुए कोड में एरर की पहचान करता है।

### गूगल फोटोज में मिलेगा एआई सपोर्ट

पिचाई ने बताया कि इस साल के अंत में गूगल फोटोज में एआई पावर्ड एडिटिंग टूल्स मिलेंगे। इन टूल्स की मदद से फोटो एडिट आसान हो जाएगा। मैजिक इरेजर टूल एआई की मदद से बैकग्राउंड को इफेक्ट किए बिना किसी भी ऑब्जेक्ट को इरेज कर देगा। इसके साथ ही गूगल फोटोज में मैजिक टूल मिलेगा, जो फोटो में ऑबजेक्ट को मूव करने (री-पोजिशनिंग) पर ब्लैंक एरिया को रीक्रीएट करेगा। नीचे दिए गए इमेज में देख सकते हैं।

## मैनकाइंड फार्मा के नई दिल्ली ऑफिस पर आईटी का छापा

# कंपनी का शेयर 5प्रतिशत से ज्यादा गिरा, 2 दिन पहले ही मार्केट में किया था सक्सेसफुल डेब्यू




**नई दिल्ली।**
इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने फार्मास्युटिकल कंपनी मैनकाइंड फार्मा के नई दिल्ली ऑफिस पर छापा मारा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी सूत्रों ने बताया है कि आईटी डिपार्टमेंट टैक्स चोरी के आरोपों के चलते मैनकाइंड फार्मा के ऑफिस की तलाशी ले रहा है।

### 2 दिन पहले ही शेयर मार्केट में हुआ था सक्सेसफुल डेब्यू

दो दिन पहले ही मैनकाइंड फार्मा का शेयर मार्केट में सक्सेसफुल डेब्यू हुआ था। हालांकि, आईटी रेड की खबर से मैनकाइंड फार्मा के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। इसका शेयर 1प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 1365 रुपए के आस-पास कारोबार कर रहा है। वहीं सुबह इसके शेयर में 5.5प्रतिशत की गिरावट आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी डिपार्टमेंट कंपनी के दिल्ली ऑफिस में दस्तावेजों की जांच और लोगों से पूछताछ भी कर रहा है। हालांकि, कंपनी और आईटी डिपार्टमेंट की ओर से अब तक इस खबर पर कोई बयान सामने नहीं आया है।

### लिस्टिंग वाले दिन 32प्रतिशत चढ़ा था मैनकाइंड फार्मा का शेयर

मैनकाइंड फार्मा के शेयर की 20प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 1,300 रुपए के ऊपर पर लिस्टिंग हुई थी। फिर उसी दिन इसका शेयर करीब 32प्रतिशत चढ़कर 1,430 रुपए के ऊपर बंद हुआ था। हालांकि 10 मई को इसका शेयर गिरकर 1,375 रुपए पर बंद हुआ था।

### कंपनी का ओवरऑल 15.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था

फार्मा कंपनी के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग को इन्वेस्टर्स से काफी अच्छा रिस्पांस मिला था। इसका ओवरऑल 15.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था। मैनकाइंड फार्मा का आईपीओ 25 से 27 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ था। मैनकाइंड फार्मा के आईपीओ का प्राइस बैंड कंपनी ने 1,026-1,080 रुपए प्रति शेयर रखा गया था। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 6.97 बिलियन डॉलर यानी 5.72 हजार करोड़ रुपए का है।

# टीटी के भरोसे नहीं रहेंगे वेटिंग टिकट वाले रेल यात्री: चार्ट बनने के बाद मोबाइल पर मिलेगी खाली बर्थ की जानकारी, बुकिंग भी कर सकेंगे

**नई दिल्ली।**
ट्रेन में वेटिंग लिस्ट (प्रतीक्षा सूची) के यात्री जल्दी ही चार्ट बनने के बाद आसानी से यह पता कर सकेंगे कि किस श्रेणी की बोगी में कितनी सीटें खाली हैं। खाली सीटों की सूची यात्रियों को मोबाइल पर देने के लिए आईआरसीटीसी की साइट में नया फीचर जोड़ने की प्रोसेस शुरू हो रही है। रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक 3 महीने में यह व्यवस्था शुरू हो सकती है।



नई व्यवस्था में जो यात्री आईआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक कराते हैं उन्हें टिकट बुक करते समय ही गेट ट्रेन चार्ट के ऑप्शन को चुनने का मौका मिलेगा। इसके बाद आईआरसीटीसी के मैसेज से प्राप्त लिंक को खोलने के बाद यात्रियों को पता चल सकेगा कि वह जिस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं उसमें किस श्रेणी में कितनी सीटें खाली हैं। लिंक पर जो यात्री पहले क्लिक करेंगे उनको उपलब्धता के आधार पर सीट मिलेगी।

सूत्रों का कहना है कि अगर इस सुविधा का कोई शुल्क लिया जाता है तो 5-10 रुपए से ज्यादा नहीं होगा। अभी खाली सीट का ब्योरा भेजने की सुविधा नहीं अभी तक आईआरसीटीसी के साइट पर जाकर गेट ट्रेन चार्ट के जरिए खाली सीट का पता किया जा सकता था। यात्रियों के मोबाइल नंबर पर खाली सीट का ब्योरा भेजने की सुविधा नहीं थी। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्री टीटी पर निर्भर रहते थे, जो ज्यादातर नियम-कायदों से बर्थ न देकर मनमर्जी से काम करते रहे हैं। आईआरसीटीसी की साइट पर टिकट बुक करते समय नीचे दाईं ओर चार्ट/वैकेंसी का ऑप्शन चुनना होगा फिर यात्रा विवरण देने के बाद गेट ट्रेन चार्ट को क्लिक करना होगा। गेट अलर्ट वाया मेल/वाट्सएप के विकल्प को चुनना होगा। इसके बाद यदि टिकट कंफर्म नहीं हुआ तो खाली बर्थों/सीटों का अलर्ट मोबाइल पर मिल सकेगा।

# 84 अरब डॉलर पहुंचा भारत-यूएई व्यापार, द्विपक्षीय कारोबार उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।**
**भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) को लागू हुए एक वर्ष पूरा हो चुका है। समझौते के बाद द्विपक्षीय व्यापार 84 अरब डॉलर पार हो गया है। यह द्विपक्षीय कारोबार का उच्चतम स्तर है। सीईपीए के कार्यान्वयन की पहली वर्षगांठ पर दुबई में अंतरराष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन किया गया।**

इस समारोह भारत की तरफ से वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह व यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के सहायक अवर सचिव




जुमा मोहम्मद अल-कैत शामिल हुए। सिंह ने कहा, व्यापार समझौता द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

**लंदन में भारतीय उच्चायोग को नुकसान ठीक नहीं था : एलिस** - भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त, एलेक्स एलिस ने कहा, लंदन में भारतीय उच्चायोग को नुकसान ठीक नहीं था। अगर ब्रिटेन के एक मिशन में इसी तरह की घटना होती तो वह 'समान रूप से नाराज' होते। एलिस ने एक आयोजन में कहा, जो हुआ उसके बारे में मैं यहां के गुस्से को पूरी तरह से समझता हूं।

**भारत-ईयू का एफटीए व निवेश संरक्षण समझौते पर साझा बयान** - भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश संरक्षण समझौते पर चर्चा करते हुए जोर दिया कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। दोनों पक्षों ने दिल्ली में आयोजित अपनी चौथी रणनीतिक साझेदारी समीक्षा बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जारी एक साझा बयान में कहा गया है कि भारत और ईयू ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की जरूरत को भी रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में स्पष्ट रूप से निंदा की। इसमें सीमा पार हमले भी शामिल हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ ने भारत-इस्राइल व्यापार मंच में समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें इस्राइली निर्माता संघ, निर्यात व अंतरराष्ट्रीय सहयोग संस्थान व इस्राइल-एशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स से समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

# मॉरीशस के मंत्री ने कहा- हमारे यहां अदाणी की फर्जी कंपनी नहीं, हिंडनबर्ग के आरोप झूठे और आधारहीन

**पोर्ट लुइस/नई दिल्ली।**
**मॉरीशस में अदाणी समूह की फर्जी कंपनियों के मौजूद होने का आरोप लगाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री महेन कुमार सीरुत्तन ने संसद में 'झूठा और आधारहीन' बताया। उन्होंने कहा कि मॉरीशस ओईसीडी के निर्धारित कर नियमों का पालन करता है। अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने बीते 24 जनवरी को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अरबपति गौतम अदाणी ने अपनी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी करने के लिए मॉरीशस में बनाई गई फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किया।**





मॉरीशस अपने निम्न कर ढांचे की वजह से विदेशी निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय स्थान बना हुआ है। 'शेल' यानी फर्जी कंपनी उस निष्क्रिय फर्म को कहा जाता है जिसका इस्तेमाल कर कई तरह की वित्तीय धांधलियों को अंजाम दिया जाता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए इस आरोप के बारे में मॉरीशस के एक संसद सदस्य ने सरकार से सवाल पूछा था। उसके जवाब में वित्तीय सेवा मंत्री महेन कुमार सीरुत्तन ने कहा कि मॉरीशस का कानून फर्जी कंपनियों की मौजूदगी की इजाजत नहीं देता है।

सीरुत्तुन ने कहा, मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि मॉरीशस में फर्जी कंपनियों की मौजूदगी के आरोप झूठे और निराधार हैं। कानून के अनुसार मॉरीशस में शेल कंपनियों की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवा आयोग (एफएससी) से लाइसेंस लेने वाली सभी वैश्विक व्यापार कंपनियों को सतत आधार पर जरूरी शर्तों पर खरा उतरना होता है और आयोग इसपर कड़ी निगाह रखता है। उन्होंने कहा, अब तक ऐसा कोई भी उल्लंघन नहीं पाया गया है।

मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री ने कहा कि एफएससी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर गौर किया है लेकिन कानून की गोपनीयता धारा से बंधे होने से इसके विवरण का खुलासा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वित्तीय सेवा आयोग न तो इनकार और न ही पुष्टि कर सकता है कि जांच की गई है या की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक व्यापार कंपनियों के बारे में जानकारी देना वित्तीय सेवा अधिनियम की धारा 83 का उल्लंघन होगा और इसका हमारे अधिकार क्षेत्र की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसके पहले एफएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनेश्वरनाथ विकास ठाकुर ने कहा था कि मॉरीशस में अडाणी समूह से संबंधित सभी इकाइयों के प्रारंभिक मूल्यांकन में नियमों के अनुपालन में कोई खामी नहीं पाई गई है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोप के बाद अदाणी समूह से जुड़ी कथित फर्जी कंपनियों का मामला चर्चा में है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अडाणी समूह और मॉरीशस की दो फर्मों- ग्रेट इंटरनेशनल टस्कर फंड एवं आयुष्मान लिमिटेड के बीच संबंधों का आकलन कर रहा है। इन फर्मों ने अडाणी एंटरप्राइजेज की तरफ से जनवरी के अंत में लाए गए एफपीओ में प्रमुख निवेशकों के तौर पर शिरकत की थी।

सुप्रीम कोर्ट में भी हिंडनबर्ग-अदाणी का मामला सुनवाई के लिए आने वाला है। इस मामले में विनियामक मुद्दों को देखने के लिए न्यायालय ने एक विशेषज्ञ समिति बनाई थी। लेकिन सेबी ने न्यायालय से इस समिति का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने की अपील की है जिस पर विचार किया जाना है। अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी और शेयर की कीमत में हेराफेरी के आरोप लगाए जाने के बाद समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में एक समय 140 अरब डॉलर तक की भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि, अदाणी समूह ने शुरू से ही इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि हिंडनबर्ग के आरोप झूठे और गलत मंशा से लगाए गए हैं।

# सिटाडेल के भारतीय संस्करण में नजर आएंगी सामंथा

## -उनके साथ वरुण धवन भी आएंगे नजर



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही प्राइम वीडियो की स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के भारतीय संस्करण में नजर आएंगी। सामंथा के साथ वरुण धवन भी नजर आएंगे। सामंथा ने प्रशंसकों को याद दिलाया कि भारतीय संस्करण रीमेक नहीं है। समांथा रुथ प्रभु ने प्रशंसक को याद दिलाया कि उनका शो प्रियंका चोपड़ा के इसी नाम के वेब शो का रीमेक नहीं है, बल्कि एक भारतीय संस्करण है। सामंथा ने हाल ही में अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें पोस्ट की हैं। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में, उनके प्रशंसकों में से एक ने लिखा, मेरा एक सवाल है कि प्रियंका के शो सिटाडेल और आपका शो एक ही कहानी है? मैं क्यों पूछ रहा हूं कि प्रियंका के सिटाडेल को सभी भारतीय भाषाओं में डब किया गया है ... इसलिए यदि आप भी इसी शो को बना रहे हैं तो भारतीय दर्शकों के लिए एक ही कहानी तो कई लोग पहले ही इसे देख चुके होंगे। मैं थोड़ा भ्रमित हूं ... क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि यह वही है या अलग है? समांथा ने टिप्पणी का जवाब देते हुए लिखा, यह रीमेक नहीं है! सामंथा के एक अन्य प्रशंसक ने भी यह सब समझाया और लिखा, सिटाडेल मेन सीरीज में विभिन्न देशों में अलग-अलग स्पिन-ऑफ हैं और स्पिन-ऑफ कास्टिंग में से एक में सामंथा और वरुण की जोड़ी है जो भारतीय स्पिन-ऑफ है। इसमें स्पेनिश है, इतालवी और मैक्सिकन स्पिन-ऑफ भी जो मुख्य श्रृंखला के समानांतर चलते हैं और मुख्य श्रृंखला के साथ बहुत कम या कोई विलय नहीं होता है। आशा है कि यह आपके प्रश्न को स्पष्ट करता है!

# आरआरआर ने अब जापान में पूरे किए 200 दिन

**-कमाए 119 करोड़ रुपए**



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के सुपर स्टार एसएस राजामौली की आरआरआर ने अब नाटकीय रूप से 200 दिन पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म पिछले साल अक्टूबर से जापान में निर्बाध रूप से चल रही है। जापान के 44 शहरों और प्रान्तों में 209 स्क्रीनों और 31 आईमैक्स स्क्रीनों पर रिलीज की गई यह फिल्म देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म भी बन गई है। फिल्म ने जापान में 10 लाख से अधिक दर्शकों की संख्या दर्ज की थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर जेपीवाई 2 बिलियन के करीब कमाई की है। राजामौली ने जापान में दर्शकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। अब, फिल्म ने थिएटर में 200 दिन पूरे कर लिए हैं और रिपोर्ट के अनुसार जेपीवाई 2 बिलियन क्लब को तोडने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपने 29वें सप्ताह के अंत में जेपीवाई 195 मिलियन (119 करोड़ रुपये) की कमाई की है। पिछले दिसंबर में, आरआरआर जापान में सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई, जिसने रजनीकांत की मुथु को पछाड़ दिया, जिसने दो दशकों तक रिकॉर्ड कायम रखा। मुथु, जो 24 साल पहले रिलीज हुई थी, जापानी येन 400 मिलियन के बॉक्स ऑफिस संग्रह के साथ जापान में अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी हुई है। मार्च में, आरआरआर मूल गीत श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गयी। ऑस्कर पुरस्कार समारोह में, नाटू नाटू को लाइव प्रदर्शित किया गया और एक स्टैंडिंग ओवेशन अर्जित किया। नातू नातू के लिए ऑस्कर जीतने पर, संगीतकार एमएम केरावनी ने अपने स्वीकृति भाषण में कहा था, मेरे दिमाग में केवल एक इच्छा थी ... आरआरआर को जीतना है ... हर भारतीय का गौरव ... और इसे मुझे रखना चाहिए दुनिया का शीर्ष। आरआरआर 1920 के पूर्व-स्वतंत्र युग में स्थापित एक काल्पनिक कहानी है और यह दो वास्तविक नायकों और प्रसिद्ध क्रांतिकारियों - अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के जीवन पर आधारित है। दीपिका पादुकोण ने प्रदर्शन की शुरूआत की और हर बार जब उन्होंने गाने के नाम का उल्लेख किया तो दर्शकों ने तालियां बजाईं।

# पंकज त्रिपाठी ने शुरू की फिल्म मैं अटल हूं की शूटिंग

## -वाजपेयी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमेगी फिल्म की कहानी




**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में, अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की ओर इशारा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर एक और अपडेट साझा किया। आज, मार्ताओं ने आधिकारिक तौर पर मैं अटल हूं की शूटिंग की घोषणा की। यह फिल्म भारत के प्रिय नेता, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और राजनीतिक करियर के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो एक कवि भी थे। मुंबई में शूटिंग शुरू करते हुए, टीम के पास हमारे देश के विभिन्न हिस्सों जैसे मुंबई और लखनऊ को कवर करने के लिए 45 दिनों से अधिक का लंबा शेड्यूल होगा। शूटिंग शुरू होने पर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि, यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि मुझे हमारे महान नेता अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने का मौका मिला। उनकी जीवन शैली और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को समझने के लिए हमने कठोर पठन सत्र आयोजित किए। मैं आज बहुत खुश हूं क्योंकि हम मैं अटल हूं की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। निर्देशक रवि जाधव ने कहा, मैंने पंकज जी को अटल जी को जानने और समझने की प्रक्रिया में शामिल होते देखा है। मुझे यकीन है कि इस तरह के कुशल व्यक्तित्व को निभाने के लिए पंकज जी से बेहतर कोई और नहीं हो सकता था। हमारी फिल्म के साथ वही जादू पैदा करने की उम्मीद है जो अटल जी ने अपने जीवन और हमारे देश के लिए अपनी दृष्टि के साथ बनाया था। इस अवसर पर निमार्ता विनोद भानुशाली व संदीप सिंह ने कहा, मैं अटल हूं एक विशेष फिल्म है। फिल्म से जुड़ा हर व्यक्ति इसे हमारे दर्शकों के लिए बेहतरीन अनुभवों में से एक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। हमने अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए फर्श पर आने से पहले कहानी से लेकर हमारे हर किरदार के लिए लोकेशन, लोकेशन तक के लिए काफी शोध किया है। यह एक अविश्वसनीय अनुभव की शुरूआत है। टीमों के साथ अनंत मुलाकातों, पूरे क्रू की कड़ी मेहनत और हमारे अविश्वसनीय कलाकारों के साथ, मुझे अपनी फिल्म मैं अटल हूं की शूटिंग शुरू करने में खुशी हो रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक रवि जाधव द्वारा निर्देशित, मैं अटल हूं में पंकज त्रिपाठी को हमारे देश के तीन बार के प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में दिखाया गया है। फिल्म को ऋषि विरमानी और रवि जाधव ने लिखा है, संगीत सलीम-सुलेमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत मैं अटल हूं विनोद भानुशाली, संदीप सिंह, सैम खान और कमलेश भानुशाली द्वारा निर्मित है और भावेश भानुशाली, ईशान दत्ता, जीशान अहमद और शिव शर्मा द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में उतरेगी। बता दें कि हाल ही में अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक मैं हूँ अटल से अपना पहला लुक जारी किया था, जिसने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की थी।

# फिल्म द केरल स्टोरी को जारी रहेगी सीजीएसटी में छूट

## छूट के बराबर की राशि की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी




**भोपाल (ईएमएस)।** द केरल स्टोरी फिल्म को मध्यप्रदेश में टैक्स से छूट जारी रहेगी। सिनेमाघर संचालकों को छूट के बराबर की राशि की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। राज्य सरकार ने फिल्म को प्रदर्शन अवधि छह मई से पांच जून 2023 तक राज्य माल और सेवा कर (सीजीएसटी) से छूट दी है। वाणिज्यिक कर आयुक्त लोकेश कुमार जाटव ने स्पष्ट किया है कि छह मई को जारी आदेश यथावत है। टैक्स की छूट यथावत रहेगी। दरअसल, संशय की स्थिति विभाग के उस कथित आदेश से बनी, जिसमें छह मई के आदेश को निरस्त करने की बात कही गई। बुधवार को वाणिज्यिक कर विभाग का एक आदेश इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें द करेल स्टोरी फिल्म को टैक्स से दी गई छूट संबंधी आदेश को निरस्त करने की बात कही गई। इसको लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने ट्वीट किया कि यह निर्णय सामाजिक हित में है। मैंने इसको लेकर सार्वजनिक आपत्ति भी की थी। वहीं, विभागीय अधिकारियों ने इस आदेश को लेकर तो चुप्पी साध ली है पर देर शाम यह स्पष्ट जरूर किया कि जो छूट दी गई थी, वह यथावत है। उसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है। कमिश्नर शहडोल, कलेक्टर इंदौर और रायसेन का कहना है कि उन्हें टैक्स में छूट समाप्त करने का आदेश नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छह मई को प्रदेश में द केरल स्टोरी फिल्म को टैक्स से छूट दिए जाने की घोषणा करते हुए कहा था कि यह फिल्म लव जिहाद, मतांतरण और आतंकवाद के षड्यंत्र को उजागर करती है। क्षणिक भावुकता में जो बेटियां लव जिहाद के जाल में उलझ जाती हैं, उनकी कैसे बबार्दी होती है, यह फिल्म बताती है। यह फिल्म हमें जागरूक करती है। इसे पालकों, बच्चों और बेटियों को भी देखना चाहिए, इसलिए इसे टैक्स से छूट देने का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश के बाद कुछ और राज्यों ने फिल्म को टैक्स से छूट देने का निर्णय लिया। वहीं फिल्म पर दो राज्यों केरल एवं पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन पर बेन भी लगा दिया गया है।

**द केरला स्टोरी, जैसी एक कहानी ब्रिटेन से आई थी -** भारत में इन दिनों बॉलीवुड मूवी द केरला स्टोरी ने एक राजनीतिक बहस छेड़ दी है। कुछ राज्यों ने फिल्म की स्क्रीनिंग पर बैन लगा दिया है, जबकि कुछ भाजपा शासित राज्यों ने इसे दर्शकों के लिए टैक्स फ्री कर दिया है। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित द केरला स्टोरी में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी और सिद्धि इदनानी ने एक्टिंग की है। फिल्म जबरन धर्मांतरण के बारे में है। फिल्म में आरोप है कि केरल में लगभग 32 हजार महिलाओं का इस्लाम में धर्मांतरण किया गया था और कई को आईएसआईएस शासित सीरिया में आतंकवादी समूह में भर्ती के लिए भेज दिया गया।

रिपोर्टों के अनुसार हालांकि बाद में 32 हजार महिलाओं से फिल्म का प्रारंभिक विवरण बदलकर चार महिलाएं कर दिया गया था। एक इंटरव्यू में अदा शर्मा, निर्देशक सुदीप्तो सेन और निमार्ता विपुल शाह ने कहा कि फिल्म पूरे मुस्लिम समुदाय के बजाय आतंकवादियों को लक्षित करती है। विदेशों से विशेष रूप से यूके से आईएसआईएस भर्ती के खतरे को कुछ रिपोर्टों में उजागर किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी संगठन शुरू में 2013 में भारतीय खुफिया अधिकारियों के संज्ञान में आया, जब सीरिया की रिपोर्टों से पता चला कि आईएस लड़ाकों के रैंकों के भीतर कुछ भारतीय थे। द केरला स्टोरी जैसी एक कहानी ब्रिटेन से सामने आई थी, जिसमें 3 लड़कियों ने इस्लामिक स्टेट को जॉइन करने के लिए अपना देश छोड़ दिया था। यूके से संभावित मानव तस्करी के मामले में अत्यधिक चर्चा में एक नाम शमीमा बेगम का है। 24 वर्षीय शमीमा एक ब्रिटिश मूल की महिला है, जो चरमपंथी समूह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट में शामिल होने के लिए 15 साल की उम्र में सीरिया चली गई थी। दूसरा नाम आमिरा अब्बास और तीसरा नाम कदीजा सुल्ताना का है। तीनों बेथनल ग्रीन ऐ-केडमी की छात्रा थीं। इसलिए इन्हें बेथनल ग्रीन ट्रायो के नाम से भी जाना जाता है। तीनों फरवरी 2015 में सीरिया भाग गई थीं। तीनों लड़कियों का ब्रेनवॉश पाकिस्तानी मूल की ब्रिटिश नागरिक अक्सा महमूद ने किया था।


अक्सा साल 2013 में इस्लामिक स्टेट में शामिल हुई थी और अलग-अलग माध्यमों से लड़कियों को आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए प्रेरित करती थी। माना जाता है कि अक्सा महमूद की मौत फरवरी 2019 में लड़ाई के दौरान हो गई। इस्लामिक स्टेट के इलाके में प्रवेश करने के बाद तीनों की शादी आतंकी संगठन के लड़ाकों से कर दी गई थी। बाद में तीनों अपने पतियों के साथ इस्लामिक स्टेट की राजधानी रक्का आ गईं। बाद में लड़ाई के दौरान आमिरा और कदीजा के पतियों की मौत हो गई। वहीं शमीमा का पति फिलहाल कैद में है। माना जात है कि कदीजा ने भागने की कोशिश की थी, इसी दौरान मई 2018 में एक एयरस्ट्राइक में वह मारी गई। पति की मौत के बाद आमिरा वापस ब्रिटेन आना चाहती थी, लेकिन ब्रिटिश सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। फिलहाल वह किस हालत में है इसकी कोई जानकारी नहीं है। शमीमा भी एक डिटेंशन कैंप में अपने कैदी पति से कुछ ही दूरी पर रहती है।

# आदिपुरुष के ट्रेलर लांच पर लगें जय श्री राम के नारे



बालीवुड की बहुचर्चित फिल्म आदिपुरुष के ट्रेलर लॉन्च से पहले मुंबई के जुहू इलाके में एक मल्टीप्लेक्स में फैंस ने जय श्री राम के नारे लगाए और भगवा झंडा लहराया। मीडिया भी ट्रेलर रिलीज के लिए इंतजार कर रहा था। इस दौरान पारंपरिक परिधान में हाथ में भगवा झंडे लिए आए फैंस ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने श्री राम लक्ष्मण जानकी, जय हनुमान की का नारा लगाया। लोगों की धार्मिक भावनाओं को देखते हुए शो के व्यवस्थापकों ने भी नारे लगाए। लोगों के हाथों में तख्तियां थी, जिसमें कमोबेश इसी तरह के नारे लिखे हुए थे। जैसे-जैसे ट्रेलर रिलीज का समय करीब आ रहा था, नारे तेज होते जा रहे थे। इससे पहले, फिल्म के डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर ने हाई-वोल्टेज कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की कांग्रेस की पेशकश की आलोचना की थी। आदिपुरुष, 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# आईफा रॉक्स को को-होस्ट करेंगे राव



अबू धाबी के यस आइलैंड में अपकमिंग आईफा रॉक्स 2023 को बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव को-होस्ट करते नजर आएंगे। इवेंट 26 मई से शुरू होगा और 27 मई को मुख्य आईफा अवॉर्ड कार्यक्रम होगा। आईफा रॉक्स भारतीय सिनेमा के म्यूजिक और फैशन पर प्रकाश डालता है। इस कार्यक्रम में कुछ बेहतरीन अभिनेता एक साथ आएंगे और मस्ती से भरे कार्यक्रम के लिए शीर्ष बॉलीवुड नंबरों पर प्रदर्शन करेंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो, राव अगली बार स्त्री 2 में दिखाई देंगे।

वह शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर के साथ भी नजर आएंगे। राजकुमार राव के फैंस को इवेंट के प्रसारण का बेसब्री से इंतजार है।

# करण देओल की शादी की चर्चा जोरों पर

## -अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड के साथ जून में रचा रहे शादी




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के हीमेन धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी की चर्चा जोरों पर है। करण देओल अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड के साथ जून में शादी रचा रहे हैं। खबर है कि सनी देओल के बेटे करण देओल बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। करण अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड दृशा आचार्या के साथ जून में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं और अब डेट्स भी सामने आ चुकी है। परिवार के किसी करीबी ने बताया कि करण और दृशा 16 जून से 18 जून के बीच मुंबई में शादी रचाने जा रहे हैं। कहा गया है कि दोनों करीब 6 साल से इस कमिटेड रिलेशनशिप में हैं। इस साल की शुरूआत में दुबई में वैलंटाइंस डे सेलिब्रेट करने के बाद दोनों ने 18 फरवरी को सगाई कर ली थी। उन्होंने बताया कि दृशा और उनकी फैमिली अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट हैं और इसलिए शादी को लेकर भी कोई शोर-शराबा नहीं चाहते। दृशा फेमस फिल्ममेकर बिमल रॉय की परनातिन हैं और उनके पिता सुमित आचार्य हैं। बताया जा रहा है कि दृशा रॉय ट्रैवल इंडस्ट्री में काम करती हैं। हालांकि दृशा फिल्मों में काम नहीं करती हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि वह फिल्मी इंडस्ट्री के परिवार का ही हिस्सा हैं।

# अनाम फिल्म के लिए एकता और रिया फिर साथ-साथ!

फिल्म निमार्ता एकता कपूर और रिया कपूर ने एक बार फिर से एक अनटाइटल्ड फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जो 22 सितंबर, 2023 को रिलीज होने वाली है। प्रोजेक्ट का विवरण तैयार हो रहा है। अभी तक अनटाइटल फिल्म बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और अनिल कपूर फिल्म कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित है। करीना कपूर खान, स्वरा भास्कर, शिखा तलसानिया और सोनम कपूर अभिनीत 2018 की फिल्म वीरे दी वेडिंग के लिए दोनों पहले ही हाथ मिला चुके हैं। उनका दूसरा कोलैबोरेशन अपकमिंग फिल्म द क्रू के लिए है, जिसमें तब्बू, करीना, दिलजीत दोसांझ और कृति सेनन हैं।राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित यह फिल्म मार्च 2023 के अंत तक फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है।

# शानू को अपनी बेटी के एक्टिंग डेब्यू के बारे में नहीं था पता



प्लेबैक सिंगर कुमार शानू को अपनी बेटी शैनन के. फिल्म चल जिंदगी में एक्टिंग की शुरूआत के बारे में पता ही नहीं था। शैनन के संजय मिश्रा, मीता वशिष्ठ और विवेक दहिया के साथ डेब्यू के बार में वे अनजान थे। तेरे दर पर सनम के हिटमेकर अपनी बेटी के एक्टिंग डेब्यू से अनजान थे, जब तक कि उन्होंने वास्तव में साइन नहीं किया और फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं की। हालांकि, वह अब उसके फैसले से खुश हैं। उन्होंने आगे कहा, वह अपने काम के फैसले खुद लेती है। माता-पिता के रूप में हमने उसे स्वतंत्र होने के लिए पाला है। वह बहुत आज्ञाकारी बच्ची है और अपनी मां के साथ सब कुछ साझा करती है। मैं थोड़ा सख्त हूं इसलिए वह कभी-कभी घबरा जाती है।

उसने फिल्म चुनी, जिससे मुझे उस पर गर्व है। उन्होंने कहा, शैनन मुंबई आईं और मुझे बाद में खबर बताई, जब कुछ दिनों की शूटिंग हो गई। वह वास्तव में मुझे बताने से पहले सब कुछ सुनिश्चित करना चाहती थी।

## सूडोकु नवताल- 6428

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6427 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्दजाल - 7175

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | ग | म | गा | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| ट | रा | र | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ला | ती | झ़ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | म | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'हट' शब्द लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

छटपटाहट, जगमगाहट, चिकनाहट, झिलझिलाहट, चहचहाहट, चरमराहट, चिड़चिड़ाहट, तड़पाहट, बौखलाहट, बुलाहट

### शब्दजाल - 7174 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | प | गो |
| न | का | क | म | इं | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अं | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | का | जा | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6128


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 1 | | 5 |
| 7 | 30 | | 25 | 2 | 34 | |
| 4 | | 1 | | 6 | | 2 |
| | 28 | 5 | 35 | | 39 | |
| | 2 | 4 | | 7 | | |
| 5 | 30 | 3 | 42 | | 34 | 7 |
| | | | 6 | | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6127 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 34 | 2 | 31 | 2 | 28 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 30 | 3 | 29 | 5 | 39 | 6 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 28 | 5 | 36 | 3 | 38 | 7 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# पाकिस्तान का वर्ल्ड कप के लिए भारत आना तय नहीं : पीसीबी ने अब तक नहीं दिया है लिखित आश्वासन, सरकार देगी इजाजत

**मुंबई।**
भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में करीब 5 महीने ही बाकी हैं, पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इसमें भाग लेने को लेकर कोई लिखित आश्वन नहीं मिला है। इससे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के आने पर संशय है। वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने की संभावना है। फाइनल 19 नवंबर को होना है। उम्मीद है कि पाकिस्तान 15 अक्टूबर को वर्ल्ड कप में लीग के दौरान भारत से भिड़ सकता है। हालांकि आईसीसी की ओर से अधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। भारत का पाकिस्तान आना और पाकिस्तान का भारत जाना बीसीसीआई या पीसीबी पर निर्भर नहीं करता है। इसलिए पीसीबी वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी के बारे में आईसीसी को कोई आश्वासन नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की तरह यहां भी पाकिस्तान सरकार स्वीकृति देगी, सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही पीसीबी फैसला कर सकता है।

**पाकिस्तान के मैच बेंगलुरु और चेन्नई में हो सकते हैं** – सुरक्षा कारणों से वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के अधिकांश मैच बीसीसीआई दक्षिण भारत में कराने की योजना तैयार की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो भारत-पाक के मैच अहमदाबाद में हो सकते हैं और पाकिस्तान के बाकी मैच बेंगलुरु और चेन्नई में करवाया जा सकता है।

**पीसीबी ने कोलकाता और चेन्नई कराने का किया है अनुरोध** – वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अपने सभी मैच सुरक्षा कारणों से कोलकाता का ईडन गार्डन और चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेलने का अनुरोध किया है।

**12 वेन्यू किए गए हैं शॉर्ट लिस्ट** – बता दें कि वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 12 वेन्यू शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं। बाकी 10 वेन्यू अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, राजकोट, बेंगलुरु, दिल्ली, इंदौर, गुवाहाटी, हैदराबाद और धर्मशाला हैं।

**वर्ल्ड कप के लिए 8 टीमें डायरेक्ट क्वालिफाई** – वर्ल्ड कप में इस बार 10 टीमें भाग लेंगी। इनमें से आठ टीमों ने 13 देशों के 2020 जुलाई से 2023 मई तक हुए सुपर लीग के आधार डायरेक्ट क्वालिफाई किया है। साउथ अफ्रीका क्वालिफाई करने वाली आठवीं टीम बनी है। इसके अलावा भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वेस्टइंडीज की पुरुष टीम विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए 3 एकदिवसीय मैचों में यूएई से भिड़ेगी

मुंबई। वेस्टइंडीज आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए शारजाह में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ अगले महीने के शुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के साथ तैयारी करेगा।



मैच 5 जून, 7 जून और 9 जून को खेले जाएंगे। तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जिसके बाद दोनों टीमें 18 जून को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की शुरूआत के लिए जिम्बाब्वे रवाना होंगी। यह पहली बार होगा जब वेस्टइंडीज एक द्विपक्षीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा और यह कैरेबियाई टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वे अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। दो बार के विश्व कप चैंपियन आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग के दौरान इस साल के टूर्नामेंट के लिए स्वतः योग्यता स्पॉट से बाहर रहे और जून और जुलाई के दौरान जिम्बाब्वे में क्वालीफायर में शीर्ष दो स्थान पर रहने पर ही उन्हें विश्व कप में जगह मिलेगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा, इन प्रमुख वार्म-अप मुकाबलों में वेस्ट इंडीज एक और टीम से भिड़ेगा, जो क्वालीफायर में शामिल होगी, जिसमें यूएई ने हाल ही में आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालीफायर प्लेऑफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। वेस्टइंडीज के दिग्गज और क्रिकेट के वर्तमान निदेशक जिमी एडम्स का मानना है कि तीन मैचों की श्रृंखला क्वालीफायर टूर्नामेंट से पहले उनकी टीम के लिए उत्कृष्ट तैयारी प्रदान करेगी और विंडीज भविष्य के दौरों के लिए आने वाले वर्षों में अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। एडम्स के हवाले से क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ हमारा पहला द्विपक्षीय दौरा है और हम इस ऐतिहासिक तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला पर सहमत होने से प्रसन्न हैं क्योंकि यह हमारे खिलाड़ियों को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से पहले कुछ तैयारी करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करेगा।

### मुंबई नाइट एफसी के सामने अंतिम ग्रुप मैच में गोकुलम केरला एफसी की कड़ी चुनौती




अहमदाबाद। ग्रुप ए तालिका में चौथे स्थान पर खिसकने के बाद मुंबई नाइट्स एफसी को भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) 2023 के अपने अंतिम ग्रुप मैच में मौजूदा चैंपियन गोकुलम केरला एफसी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मुंबई नाइट्स को अपने पिछले मैच में हॉप्स एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा और अन्य परिणामों के साथ उनकी हार का मतलब है कि वे ग्रुप ए तालिका में पांच मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। मुंबई नाइट्स ने कहानी एफसी और माता रुक्मणी एफसी के खिलाफ बैक-टू-बैक 1-0 की जीत के साथ अपने आईडब्ल्यूएल 2023 अभियान की प्रभावशाली शुरूआत की। उन्होंने मिसाका यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ किया और फिर ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ 4-2 से हार गए। उन्हें स्पोर्ट्स ओडिशा के खिलाफ एक प्रभावशाली जीत मिली जहां उन्होंने 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की।

### ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास मैच नहीं खेलने से लीमन नाराज

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेरेन लीमन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के फैसले को गलत बताया है। लीमन ने कहा कि टीम ने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला से पहले भी कोई अभ्यास मैच नहीं खेला था जिसका उसे नुकसान हुआ था। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन का कहना था कि तेज गेंदबाजों के अनुकूल विकेट पर खेलने का कोई अर्थ नहीं बनता है क्योंकि भारत में उसे स्पिन को सहायता देने वाले विकेटों पर खेलना है। लीमन के अनुसार विदेशी धरती पर खेलने से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलना नुकसानदेह हो सकता है। उन्होंने कहा, ''हालातों से तालमेल के लिए अभ्यास मैच खेलना जरूरी है। इससे खेल में लय के साथ ही दबाव से निपटना भी आता है। इस पूर्व कोच ने कहा, ''अभ्यास मैच नहीं खेलना सही तरीका नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि टीम को इससे नुकसान नहीं होगा पर अगर यह प्रयोग असफल रहा तो सवाल उठेगा ही। ऑस्ट्रलियाई टीम सात जून से भारतीय टीम के खिलाफ डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलेगी।



आईपीएल 2023 में महंगे खिलाड़ी फेल, सस्ते सुपरहिट

# 16.25 करोड़ के स्टोक्स 15 रन ही बना सके, 50 लाख के रहाणे ने बनाए 266 रन

**मुंबई।**
इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन में 55 मैच खेले जा चुके हैं। अब तक हुए खेल में महंगी कीमत पर बिके कई स्टार खिलाड़ी फेल रहे हैं। वहीं, बेस प्राइस या इससे आस-पास की कीमत पर नीलाम हुए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्टोरी में ऐसे 5 क्रिकेटर्स पर चर्चा करेंगे जो ऑक्शन में महंगे बिके, लेकिन टीम के लिए कुछ खास नहीं कर सके। साथ ही उन 5 खिलाड़ियों के बारे में भी जानेंगे जो सस्ते बिके पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।




### शुरुआत इस सीजन के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम करन से...

**सैम करन, पंजाब किंग्स ( 18.5 करोड़ रुपए )** – आईपीएल 2023 के सबसे महंगे खिलाड़ी इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन का प्रदर्शन पंजाब किंग्स के लिए अब तक औसत रहा है। सैम पर पंजाब की टीम ने 18.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने सिर्फ एक मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। सीजन के 31वें मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अर्धशतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सैम ने इस सीजन के 11 मैचों में एक अर्धशतक की मदद से 196 रन बनाए हैं। इस दौरान सैम का स्ट्राइक रेट 137.06 रहा। उनके नाम सात विकेट हैं। उन्होंने 9.55 इकोनॉमी से रन दिए हैं।

**कैमरून ग्रीन, मुंबई इंडियंस ( 17.5 करोड़ रुपए )** – ऑस्ट्रेलिया के इस स्टार ऑलराउंडर का आईपीएल में यह पहला सीजन ही है। ग्रीन को मुंबई ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। अब तक हुए मुकाबले में ग्रीन बल्ले और गेंद दोनों से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अब तक 11 मैच खेले हैं और इस दौरान कुल 274 रन बनाए। ग्रीन का सर्वश्रेष्ठ आईपीएल स्कोर 64 रन रहा है। उन्होंने 6 विकेट भी लिए हैं। बॉलिंग में उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 41 रन देकर 2 विकेट लेना रहा है। आगामी मैचों में उनसे बेहतर परफॉर्मेंस की उम्मीद होगी।

**बेन स्टोक्स, चेन्नई सुपर किंग्स ( 16.25 करोड़ रुपए )** – इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2023 की नीलामी में 16.25 करोड़ की भारी भरकम कीमत में खरीदा था। वे टीम की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए हैं। स्टोक्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7 और लखनऊ के खिलाफ 8 रन बनाए। स्टोक्स ने लखनऊ के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में 18 रन खर्च कर दिए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे चोटिल हैं।

**निकोलस पूरन, लखनऊ सुपरजायंट्स ( 16 करोड़ रुपए )** – लखनऊ सुपर जायंट्स ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने अब तक खेले गए अपने 11 मैचों में 24.80 की औसत से 248 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका 160.00 का स्ट्राइक रेट रहा है। उन्होंने 19 गेंदों पर 62 रनों की तूफानी पारी खेली थी। इस सीजन उनके बल्ले से 246 रन निकले हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि उन्होंने अब तक लखनऊ को निराश नहीं किया है। हालांकि, टीम उनसे आगे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

**हैरी ब्रूक, सनराइजर्स हैदराबाद ( 13.25 करोड़ रुपए )** – सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 13.25 करोड़ रुपए में बिके हैरी ब्रुक का बल्ला अब तक खामोश ही रहा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी अब तक टीम के लिए कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। हैरी का यह डेब्यू सीजन है। अगर ब्रूक की चयक्र के खिलाफ शतकीय पारी को छोड़ दें, तो उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। अभी तक खेले गए 9 मुकाबलों में हैरी ने 121.64 स्ट्राइक रेट से 163 रन ही बनाए हैं। टीम ने पिछले मैच में ब्रूक को प्लेइंग-11 में भी नहीं रखा था। उनके प्रदर्शन को देख कर कहा जा रहा है कि वह अभी तक फ्लॉप ही रहें हैं।

**सुयश शर्मा, कोलकाता नाइट राइडर्स ( 20 लाख रुपए )** – सुयश शर्मा पहली बार आईपीएल में खेल रहे हैं। उनकी उम्र 19 साल है। वह लेगब्रेक गेंदबाजी करते हैं और दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। आईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में चयक्र ने इस इंडियन मिस्ट्री स्पिनर पर दांव लगाया था। टीम ने उन्हें बेस प्राइज में 20 लाख में खरीदा था। इससे पहले सुयश कोई लिस्ट ए, फर्स्ट क्लास या टी-20 मैच नहीं खेला था। उन्होंने अब तक कोलकाता के लिए 8 मैच में 10 विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 8.06 का है। वहीं सुयश ने कई मुकाबलों में मैच जिताऊ पारी खेली।

**साई सुदर्शन, गुजरात टाइटंस ( 20 लाख रुपए )** – 21 साल के साई सुदर्शन को इस सीजन में चोटिल केन विलियमसन की जगह टीम में खेलने का मौका मिला। आईपीएल 2023 में गुजरात ने साई को बेस प्राइस 20 लाख में ही रिटेन किया। साई ने पिछले साल आईपीएल में डेब्यू किया था। इस ऑलराउंडर ने इस सीजन में पांच मैचों में 176 रन बनाए हैं, इसमें दो अर्धशतक भी शामिल है।

वनडे विश्व कप 2023

# इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा विश्व कप का ओपनिंग मैच




**नई दिल्ली।**
वनडे विश्व कप 2023 की मेजबानी इस साल भारत कर रहा है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले क्रिकेट के इस महाकुंभ12 स्थानों पर खेला जाएगा। बता दें कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 का उद्घाटन और फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 5 अक्टूबर को वनडे विश्व कप की शुरुआत होगी, जहां गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच ओपनिंग मैच खेला जाएगा। 19 नवंबर को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खबर के अनुसार भारत अपने अभियान की शुरुआत पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कर सकता है। यह मुकाबला चेन्नई में होने की उम्मीद है। फिर 15 अक्टूबर भारत और चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच मुकाबला होने की उम्मीद है। बीसीसीआई जल्द ही वर्ल्ड कप के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उम्मीद की जा रही है कि आईपीएल 2023 समाप्त होने के बाद बीसीसीआई वर्ल्ड कप कार्यक्रम की घोषणा करेगा और तब तक वो सभी से मंजूरी ले चुका होगा। बीसीसीआई ही टूर्नामेंट के कार्यक्रम पर मुहर लगाएगा। खबर के मुताबिक पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत का दौरा करने को तैयार है। हालांकि, एशिया कप की मेजबानी का विवाद अब तक समाप्त नहीं हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भारतीय टीम के खिलाफ मैच को लेकर अपने आरक्षण हैं और शायद इसी कारण पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी पिछले कुछ दिनों में दुबई में आईसीसी के ऑफिस गए थे। पीसीबी प्रमुख ने पाकिस्तान के मैचों के लिए स्थानों में बदलाव का पूछा है। हालांकि, यह जानकारी मिली है कि अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंची तो उसका अहमदाबाद में खेलना तय है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान अपने मैच अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु में खेलना चाहता है।

# हमें बेहतर होने पर काम करना होगा : शेन वाटसन

**नई दिल्ली।**

**हाल ही में एक पुनरुत्थान जिसने दिल्ली कैपिटल्स को पांच में से चार मैच जीतते और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में बेहद खराब शुरूआत के बाद वापसी करते हुए देखा था। दिल्ली ने अपने पहले पांच मैच गंवाए थे।**



हालांकि, उनके पुनरुत्थान को चेन्नई सुपर किंग्स ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में 27 रन की जीत के साथ थाम लिया, जिसके बाद डीसी के सहायक कोच शेन वॉटसन ने कहा कि उन्हें बेहतर होने पर काम करना जारी रखना है और उम्मीद है कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अच्छे परिणाम आएंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने अच्छी लड़ाई लड़ी, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 27 रनों से हारने के बाद 168 रनों के मामूली स्कोर का पीछा करने में चूक गई। दिल्ली कैपिटल्स को 140/8 तक सीमित करने से पहले, चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने 20 ओवरों में कुल 167/8 रन बनाये।

मैच के बारे में बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच शेन वॉटसन ने कहा, हमने सोचा था कि चेन्नई में विकेट पर 167 रन एक पार स्कोर था। हमारे लिए एक अच्छी शुरूआत करना महत्वपूर्ण था, लेकिन दुर्भाग्य से, हम ऐसा नहीं कर सके। पावर-प्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद पुनर्निर्माण करना भी हमारे लिए कठिन था।

वाटसन ने एक विज्ञप्ति में कहा, आरसीबी के खिलाफ सब कुछ वास्तव में अच्छी तरह से क्लिक किया। दुर्भाग्य से, डेवी (कप्तान डेविड वार्नर) पहला ओवर नहीं निकाल पाए। फिर हमने (फिल) साल्ट और (मिशेल) मार्श को भी खो दिया। इसलिए सीएसके के खिलाफ चीजें काम नहीं कर पाईं। आगामी मैचों के लिए टीम को किन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है, इसके बारे में पूछे जाने पर वॉटसन ने कहा कि उन्हें बेहतर होने के लिए काम करते रहना होगा। उन्होंने कहा, हमें बस बेहतर होने पर काम करना होगा। हम सीएसके की अधिकांश पारी के लिए गेंद से उत्कृष्ट थे। हमें लंबे समय तक बल्ले से अपने कौशल को निष्पादित करने का एक तरीका खोजना होगा। अगर हम ऐसा कर सकते हैं कि, जैसा कि हमने टूर्नामेंट के कुछ चरणों में किया है, तब हम अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2023 के अपने अगले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# 15 साल बाद बार्सिलोना से अलग होंगे सर्जियो बुस्केट्स, सऊदी लीग में खेलने की संभावना

**बार्सिलोना।**
बार्सिलोना के मिडफिल्डर सर्जियो बुस्केट्स ने साफ किया है कि इस साल जून के बाद वह इस क्लब से अलग हो जाएंगे। बार्सिलोना के साथ उनका अनुबंध इसी साल जून में खत्म हो रहा है और सार्जियो ने पहले ही बता दिया है कि इस क्लब के साथ उनका अनुबंध आगे नहीं बढ़ेगा। बार्सिलोना के लिए सार्जियो ने एक दशक से ज्यादा समय में शानदार प्रदर्शन किया और कई खिताब भी जीते हैं। इंस्टाग्राम पर बुस्केट्स ने कहा, यह घोषणा करने का समय आ गया है कि यह बार्सिलोना में मेरा आखिरी सीजन है। यह एक अविस्मरणीय यात्रा रही है। यह एक सम्मान, एक सपना, एक गौरव रहा है। इतने सालों से इस बैज का बचाव और प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने के लिए यह सब कुछ रहा है, लेकिन हर चीज की शुरुआत और अंत होता है। हालांकि यह एक आसान निर्णय नहीं रहा है, पर मुझे लगता है कि समय आ गया है। बुस्केट्स ने इस सीजन से पहले आठ मौकों पर बार्सिलोना के साथ ला लीगा और तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। एक बार फिर यह क्लब ला लीगा अपने करने के लिए तैयार है।



अगर बार्सिलोना यह खिताब फिर से अपने नाम करता है तो चार साल में पहली बार यह टूर्नामेंट जीतेगा। 34 वर्षीय सार्जियो 2008 में बार्सिलोना के साथ जुड़े थे। उनके पूर्व कोच पेप गार्डियोला ने इस क्लब के साथ जुड़ने में उनकी मदद की। इसके बाद सार्जियो इस क्लब के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। इस टीम के लिए वह अब तक 700 से अधिक मैच खेल चुके हैं। बुस्केट्स ने यह नहीं बताया कि वह किस क्लब के साथ जुड़ने जा रहे हैं। हालांकि, स्पैनिश रिपोर्टों के अनुसार वह सऊदी अरब में एक टीम में जा सकते हैं। कई रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वह अमेरिकी लीग में खेल सकते हैं और इंट मिलान के साथ जुड़ सकते हैं। बार्सिलोना के कोच जावी हर्नांडेज चाहते थे कि सार्जियो अगले सीजन में भी क्लेब के साथ रहें, लेकिन उन्होंने यहा कि यह सार्जी के ऊपर है कि वह किस क्लब के लिए खेलना चाहते हैं। सार्जियो और हर्नांडेज कई वर्षों तक टीम के लिए मिडफील्ड में साथ खेल चुके हैं। बार्सिलोना के पूर्व फारवर्ड लियोनेल मेस्सी के भी सऊदी लीग में खेलने की बातें सामने आ रही हैं। मेसी और बुस्केट्स करीबी दोस्त हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेसी अगले सीजन से सऊदी लीग में खेलते दिखेंगे। इसी साल रोनाल्डो ने सऊदी लीग का रुख किया है और उन्हें मोटी रकम मिली है। इसके बाद से कई बड़े खिलाड़ियों के इस लीग में खेलने के कयास लगाए जा रहे हैं। बुस्केट्स ने 2010 में स्पेन के लिए विश्व कप और 2012 में यूरोपीय चैंपियनशिप जीती थी। दिसंबर में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास का एलान किया। उन्होंने अपने देश के लिए लगभग 15 साल तक अच्छा प्रदर्शन किया।

जंतर-मंतर पर रेसलर्स ने मनाया ब्लैक-डे

# विनेश बोली- बृजभूषण ने लोकसभा चुनाव में जबरदस्ती करवाया प्रचार, नाबालिग पहलवान के बयान दर्ज

**पानीपत।**
भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने का 19वां दिन है। रेसलर्स ने ब्लैक डे मनाया। सभी पहलवानों ने काली पट्टी बांधी। दोपहर 2 बजे तक काली पट्टी पहनकर प्रदर्शन किया। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बताया कि बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग महिला पहलवान ने मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी 164 के तहत बयान दर्ज कराया है। पुलिस ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को भी नोटिस देकर कुछ टूर्नामेंट की जानकारी मांगी है। महिला पहलवानों ने आरोप लगाया था कि यौन उत्पीड़न की कुछ कथित घटनाएं उन टूर्नामेंट में हुई जहां बृजभूषण भी मौजूद थे। दिल्ली पुलिस ने मामले में जुड़े 15 अन्य गवाहों के बयान भी दर्ज किए हैं। साथ ही ओलिंपिक बॉक्सर मैरीकॉम की अध्यक्षता वाली ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट भी मांगी है। इस कमेटी ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के आरोपों की जांच की थी। मामले में एक अधिकारी ने कहा कि वैसे तो समिति की रिपोर्ट में पहलवानों के बयान थे, लेकिन उसे अलग से दर्ज करवा लिया गया था, ताकि कोर्ट में दिक्कत न हो।

इससे पहले विनेश फोगाट ने खुलासा कि जब बृजभूषण का बेटा विधायक पद पर इलेक्शन लड़ा था, तो जबरदस्ती लखनऊ कैंप से खिलाड़ियों को ले जाया गया। बेटे के विधानसभा क्षेत्र में कैंपेन करवाया गया। घर-घर वोट मंगवाई गई।

उन्होंने कहा कि ये बात शायद 2014 या 2016 की है। मैं खुद भी प्रचार करने



गई थी। मैंने मना भी किया था, फिर कोच मेरे पास आया और कहा कि ये नेता का स्पेशल ऑर्डर है। जाना तो पड़ेगा ही। जो नहीं जाएगा, वो अंजाम भुगतेगा।

जबरदस्ती घर बुलवा कर खिलाता था खाना, फिर फोटो करता पोस्ट: विनेश विनेश ने कहा कि 2018 में मुझे नेशनल प्रतियोगिता में जाना था। हम अपनी टिकट से जा रहे थे। मगर हमारे साथ जबरदस्ती की गई कि नहीं इसका खर्चा हम देंगे। फ्लाइट की टिकट बुक करवा देता था। लखनऊ एयरपोर्ट से मुझे व मेरे पति को पिक किया गया, हमें सीधा बृजभूषण के घर ले गए। जहां हमें 2 घंटे बैठाए रखा। हमें लगा था कि शायद सीधा गोंडा ही ले जा रहे हैं। गोंडा में प्रतियोगिता हो तो जबरदस्ती गाड़ी भिजवा कर अपने घर बुलवाता था। वहां खाना खिलाता था। फिर फोटो खिंचवाता था। फिर उन फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिखाता था कि हम कितने क्लोज हैं। बजरंग ने कहा कि हम इतने कायर नहीं हैं कि बहन-बेटियों के इस तरह के मुद्दे को लेकर राजनीति करेंगे। इतना तो भगवान का आशीर्वाद है कि जिस भी पार्टी में जाएंगे, वहां अवसर मिल जाएगा। ऐसा तो नहीं है कि हमें कोई न पूछे। कह रहे कि हम दीपेंद्र हुड्डा के नजदीक है, ये धरना कांग्रेस का है। जबकि हमारी फोटो तो बीजेपी वालों के साथ भी है। प्रधानमंत्री से लेकर तमाम नेताओं के साथ फोटो हैं। जनवरी में जब हम धरने पर बैठे थे, तो बृजभूषण ने एक डॉक्टर के जरिए मेरे साथ रहने वाले एक लड़के को मेरे लिए पैसों की पेशकश भी रखी थी। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवान 23 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं। पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पहलवानों की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर हैं।

## प्राकृतिक तरीके से हाई ब्लड प्रेशर को कैसे नियंत्रित करें

उच्च रक्तचाप के रोगी जीवन शैली में पोषण का समावेश करके अप्रत्याशित लाभ ले सकते हैं। फल और सब्जियों की मात्रा बढ़ाकर वह न केवल अपने रक्त चाप को सामान्य कर सकते हैं बल्कि अपने वजन को भी कम कर सकते हैं जो रक्त चाप को समान्य रखने में और मदद करेगा।

**प्रोसेस्ड बनाम अनप्रोसेस्ड:** उच्च रक्तचाप के रोगी को प्रोसेस्ड चीजो के बजाय अनप्रोसेस्ड और अनरिफाईन्ड, ताजा तथा पूर्ण चीजो का सेवन करना चाहिए। कम नमक और हाई पोटासियम वाला आहार लेना चाहिए। अधिकतर लोग यह जानते हैं कि नमक की मात्रा कम करने से रक्तचाप को कम करने में मदद मिलती है लेकिन यह बात कम लोग जानते हैं कि इसके साथ अगर पोटासियम की मात्रा को आहार में बढ़ा दिया जाए तो ज्यादा लाभ मिलता है। डेयरी उत्पादों, तली हुई चीजें, जंक फूड, कॉफी इत्यादि का सेवन कम से कम करना चाहिए। प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पिएं।

## डायबिटिक के लिए बेहतर है साइकिल चलाना!

स्वस्थ रहने के लिए हमें शारीरिक रूप से सक्रिय रहना होता है। साइकिल चलाना एक सक्रिय, लो-इंपैक्ट व्यायाम है, जिसका आनंद सभी उम्र के लोग ले सकते हैं और यह टाइप-2 मधुमेह पीड़ितों के लिए टहलने से भी ज्यादा बेहतर व्यायाम है। बाइक्स ने एक बयान में कहा कि काम पर या मार्केट जाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल करके आप अपनी दिनचर्या में इस व्यायाम को शामिल कर सकते हैं।



# बालों के लिए आजमाएं ये आयुर्वेदिक तेल



आज आकर्षक व्यक्तित्व की चाह सभी को होती है और बाल हमारे व्यक्तित्व को खासतौर पर प्रभावित करते हैं। स्वस्थ और घने बालों के साथ व्यक्तित्व में निखार अपने आप आ जाता है। हालांकि आज की जीवनशैली अेर प्रदूषण भरे वातावरण में बालों की सुंदरता को कायम रखना मुश्किल हो गया है। लेकिन यह इतना भी मुश्किल नहीं है क्योंकि आयुर्वेदिक तेलों से बालों से मसाज कर, आप अपने बालों को खूबसूरत बना सकती है। आइए इस लेख के माध्यम से बालों को खूबसूरत बनाने वाले ऐसे ही कुछ आयुर्वेदिक तेलों के बारे में जानते हैं। आयुर्वेदिक तेल सिर में जा कर बालों की जड़ों को मजबूत करने का काम करते है! यहां ऐसे ही कुछ तेलों की जानकारी दी गई है जो बालों की जड़ों और बालों को मुलायम करने के लिए, बालों का झड़ना रोकने के लिए, रुसी के लिए, बालों को सफेद होने से बचाने के लिए और बालों को चमक व चिकना करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है!

### गुडहल का तेल



गुडहल का तेल पुराने समय से प्रयोग होता आ रहा है। इस तेल को लगाने से बाल काले और सुंदर हो जाते हैं। साथ ही यह तेल असमय सफेद बालों को बचाता है और उसमें ब्लैक शाइन लाता है। इसके अलावा गुडहल का तेल बालों को पतला होने और झड़ने से भी रोकता है।

**कैसे बनाए गुड्हल का तेल:** गुड्हल का तेल बनाने के लिए आपको 3 से 4 गुड़हल के फूल और मुट्ठीभर पत्तियां, एक चम्मच मेथी दाना और लगभग 250 ग्राम नारियल के तेल की जरूरत होती है। तेल बनाने के लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल और पत्तियों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसे एक बर्तन में लेकर इस पेस्ट में नारियल का तेल मिलाकर गर्म करें। इस पेस्ट को लगातार चलाते रहें। फिर इसमें मेथी दाना डालकर एक मिनट के लिए गर्म करें। ठंडा होने पर तेल को बोतल में भर लें। तेल का प्रयोग जब भी करें, हल्का गर्म जरूर कर लें।

### आंवले का तेल



बालों के झड़ने, असमय सफेद होने और बालों की अन्य समस्याओं के लिए आंवले का तेल बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों के लिए सबसे अच्छा आयुर्वेदिक उपचार है। आंवला तेल में मौजूद विटामिन सी और आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व बालों और स्कैल्प को हेल्दी रखने में मदद करते है। पहले की महिलाएं आंवला को एक प्राकृतिक डाई के रूप में प्रयोग करती थी। आंवले का तेल सफेद हो रहे बालों को काला करने में मदद करता है।

**कैसे बनाए आंवले का तेल:** इस तेल को बनाने के लिए थोड़े से आंवले लेकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने हेयर ऑयल या फिर नारियल के तेल में मिलाकर बोतल के ढक्कन को कस के बंद कर दें। आंवले के तेल को अच्छे से मिक्स होने के लिए एक हफ्ते का समय लगेगा। एक हफ्ते के बाद तेल को छानकर किसी साफ बोतल में भर लें। इस तेल को आप अपने बालों में हफ्ते में एक या दो बार जरूर लगाएं। अपनी उंगलियों के पोरों को सिर पर हल्के-हल्के घुमाते हुए तेल लगाए। सिर धोने से 40 मिनट पहले यह तेल लगाएं।

### भृंगराज तेल



आयुर्वेद में बालों के लिए भृंगराज को बहुत उपयोगी माना जाता है। इसे बालों का राजा कहा जाता है। आपके बाल झड़ रहे हो या आप रूसी की समस्या से निजात पाने चाहते हैं तो भृंगराज का इस्तेमाल आपके लिए अचूक औषधि साबित होगा। रोजाना भृंगराज तेल से बालों में मालिश करने से बाल काले और घने होते हैं। इससे बालों का झड़ना बंद हो जाता है। इसे लगाने से बालों में रुसी भी कम होती है। यह सिर को ठंडक भी पहुंचाता है।

**कैसे बनाए भृंगराज का तेल:** इसके लिए आप सबसे पहले भृंगराज के पत्तों का रस निकाल लें और उसमें उतनी ही मात्रा में नारियल का तेल मिलाकर धीमी आंच पर थोड़ी देर के लिए रख दें। केवल तेल रह जाए तो उसे उतार कर ठंडा कर लें। अगर धीमी आंच पर रखने से पहले आंवले का रस मिला लिया जाए तो तेल और भी अच्छा बनता है। इसके अलावा अगर बालों में रूसी हो या फिर बाल झड़ते हों तो इसके पत्तों का रस 15-20 मिलीग्राम लें। इस तेल का प्रयोग काफी फायदेमंद होता है।

## जौ का पानी अमृत से कम नहीं

**जौ** का पानी पीने से हमारे स्वास्थ्य को बहुत लाभ होते हैं। इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक पाई जाती है। आज हम आपको जौ के पानी के होने वाले स्वास्थ्य को होने वाले फायदों के बारे में बताएगें। इसका सेवन करने से मधुमेह, शरीर में सूजन, कब्ज की दिक्कत, गठिया आदि समस्याएं ठीक होती हैं। यह पानी जौ को पानी में उबाल कर तैयार किया जाता है।

### जौ के पानी के स्वास्थ्य लाभ

- जौ के पानी में बीटा और ग्लूकेन पाया जाता हैं, जिसे पीने से आंतें साफ रहती है और कब्ज की दिक्कत दूर होती है।
- यह हमारे शरीर में से जहरीले पदार्थों को मल द्वारा बाहर निकालता है।
- गर्मियों के मौसम में इसे पीने से ठंड़क मिलती है। अगर आपने तेज मसालेदार खाना खाया है जिसके कारण आपको पेट में जलन हो रही हो तो इसे दूर करने के लिए आप जौ के पानी का सेवन करें।
- अगर किसी को गठिया की दिक्कत और जोड़ों में दर्द रहता है तो रोज इस पानी का सेवन करें।
- यह हमारे शरीर में ग्लूकोज की तरह ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखता है। इसे पीने से शुगर लेवल को नियंत्रण में रखा जा सकता है।



- शरीर में फाइबर की कमी को ठीक करने के लिए इस का सेवन करें।
- इसे पीने से हमारा दिल स्वस्थ रहता है और शरीर में कोलेस्ट्रॉल के लेवल कम होता है।
- अगर किसी की किडनी में पथरी है तो उसे रोज एक गिलास जौ के पानी का सेवन करने से पथरी शरीर से बाहर निकल जाती है।
- गर्भावस्था के दौरान महिला के पैरों में सूजन हो जाती है, ऐसे में सूजन को कम करने के लिए महिला को जौ का पानी पीने के लिए दें।

### इस तरह बनाएं जौ का पानी

- इसे बनाने के लिए पहलें एक सौस पैन में 2 टेबल स्पून जौ और पानी को मिलाएं।
- इसे तब तक उबालें जब तक यह नरम न हो जाए।
- जब यह नरम हो जाएं तो एक जालीदार कपड़ा लेकर उसमें से छान लें और पीने के लिए दें।

**ध्यान में रखें** आप छिलके वाले और बिना छिलके वाले दोनों में से किसी भी तरह के जौ का इस्तेमाल कर सकते हैं। छिलके वाले जौ में फाइबर ज्यादा होता है, जिसके कारण इसे पकने में समय ज्यादा लगता है।

## कुत्ते को न करें किस हो सकती है बीमारी



**आजकल** बहुत से लोग घर में कुत्ता रखने का शौंक रखते हैं, उन्हें बता दें कि खेल खेलते समय अपना मुंह कुत्ते के मुंह के साथ न जोड़े क्योंकि इसे आपको एक गंभीर बीमारी हो सकती है। आपके साथ कुछ ऐसा हो सकता हैं जिसके बारे में आप ने सोचा भी नहीं होगा।

एक शोध में बताया गया हैं कि जब हम कुत्ते के साथ किस करते है तो उसके मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया हमारे मुंह में चले जाते हैं। ज्यादातर कुत्ते पेरियोडोंटाइटिस बीमारी से पीड़ित होते हैं। इस हानिकारक बैक्टीरिया के कारण हमें पेरियोडोंटाइटिस बीमारी हो सकती है। यह मसूढ़ों की खतरनाक बीमारी है। ऐसे में पालतू को किस करना बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकता है। यह जानकारी जापान में पालतू कुत्तों के दांतों के स्वास्थ्य पर स्टडी करने के बाद दी गई कि दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले यह माइक्रोब्स इंसानों में नहीं बल्कि कुत्तों में पाएं जाते हैं। स्टडी करने के बाद पता चला है कि 16 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो कुत्तों से अपना मुंह चटवाते हैं जिसके कारण उनमें यह बीमारी पाई गई हैं। इसलिए वेटनरी मेडिसिन कॉलेज के डॉ. पॉल माजा का कहना है कि कुत्तों को किस नहीं करनी चाहिएं।

# गाना गाने से दूर होगी सांस की बीमारी

**फेफड़ों** संबंधी बीमारियों का इलाज अब उतना कठिन नहीं रहा, जितना पहले रहा करता था। अस्थमा हो या फिर एम्फीसिमा, ये सांस की बीमारियां अब छोटे-छोटे नुस्खों से ही दूर हो सकती हैं। हालांकि इसके साथ डॉक्टरी परामर्श की जरूरत तो होती है, लेकिन कुछ नुस्खे ऐसे हैं जिन्हें आप दवा के साथ अजमाएं, तो बीमारी से जड़ से छुटकारा पा सकते हैं।

**काफी फायदेमंद साबित होगा गाना:** सांस से जुड़ी हुई कोई भी बीमारी हो, तो उसके इलाज के लिए सबसे कारगर तरीका है गाना गुनगुनाना, आपको शायद यह फिजूल लगे, लेकिन रिसर्च में इस बात की पुष्टि की गई है। इसमें पता चला है कि गाना गाने से अस्थमा, ब्रोनचिटिज और एम्फीसिमा जैसी बीमारियों के इलाज में काफी फायदा मिलता है। रिसर्च के मुताबिक, अपने पसंदीदा गाना गाने से सांस की परेशानी में काफी हद तक आराम मिलता है। इसके साथ ही जीवन स्तर भी सुधरता है।

**मरीजों पर अपनाया जाता है यह नुस्खा:** इंडिया में भले ही अभी इसे खास तवज्जो न मिली हो, लेकिन ब्रिटेन जैसे देश के टॉप हॉस्पिटलों में यह तरीका आजमाया जाने लगा है। रॉयल ब्रॉम्ट्आपकन हॉस्पिटल में कंसल्टेंट रेसपिरेटरी फिजीशियन निकोलस हॉपकिन्स का कहना है कि, यह नुस्खा काफी मददगार साबित हो रहा है। गाने में वही टेकनीक अपनाई जाती है, जो साइकोथेरेपिस्ट लोगों को क्रॉनिक रेसपिरेटरी समस्याओं से निपटने के लिए सिखाए जाते हैं।



**सांस लेने का यह तरीका गलत:** निकोलस का यह भी कहना है कि कई लोग पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन लेने के लिए सांस लेने का अपना अलग ही तरीका ईजाद कर लेते हैं। लेकिन अगर इसको सही ढ़ंग से नहीं किया गया, तो यह समस्या को और बढ़ा देता है। ऐसे में कुछ लोग छोटी और उथली सांस लेने लगते हैं जो नुकसानदेह होती है। फिलहाल इससे बचने के लिए गाने की वर्कशॉप मददगार साबित हो सकती है।

**कैसे मिलेगी राहत:** रिसर्च में यह सिखाया जाता है कि, अपनी पेट की मांसपेशियों को कैसे राहत पहुंचाई जाती है। और सांस लेने के लिए उसी मांसपेशी का इस्तेमाल करते हुए हवा को शरीर के पूरे ऊपरी हिस्से में बहने दिया जाता है। इसके अलावा बाहर निकलने वाली सांस की गति को धीमा करने का तरीका बताया जाता है। इससे शरीर अधिक मात्रा में ऑक्सीजन अब्जॉर्व करता है। इसमें शामिल हुए मरीजों को यह भी सिखाया जाता है कि गाने का अर्थ पहली ही सांस में सारी ताकत लगा देना नहीं है, बल्कि हवा को सभी स्वर तंत्रों में जाने देना है। इसके साथ ही सही पॉश्चेर भी सही नोट लगाने में मदद करता है।

### *स्किन टोन के हिसाब से करें बेस सिलेक्शन*

# समर सीजन में भी दमकेगी आपकी त्वचा

हर काम की शुरुआत उसके बेस से होती है। बेस जितना स्ट्रांग होगा, काम उतना ही अच्छा होगा। परफेक्ट बेस का यह नियम मेकअप की दुनिया में भी लागू होता है। आमतौर पर हम सभी अपने चेहरे के लिए बेस का सिलेक्शन अपनी स्किन और उसके टोन के मुताबिक करते हैं, लेकिन क्योंकि मौसम का मिजाज आपकी स्किन को बदल देता है, ऐसे में यह जरूरी है कि मेकअप की इस नींव का सलेक्शन मौसम के भी अनुसार हो। अगर आपका बेस सेलेक्शन ही सही नहीं होगा तो मेकअप टिकने का सवाल ही नहीं पैदा होता। समर सीजन में बेस सिलेक्शन जहां आपकी सुंदर में चार चांद लगा देगा, वहीं गलत सिलेक्शन आपकी सारी मेहनत पर पानी फेर देगा। तो आइए हम आपको बताते हैं कि समर सीजन में मेकअप करते वक्त आपका बेस सिलेक्शन कैसा हो और आप किस तरह का मेकअप अपनी त्वचा पर इस्तेमाल करें?



### टू-वे केक और अल्ट्रा बेस

गर्मियों के आते ही फेस से ऑयल निकलने की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में मेकअप को देर तक टिकाने के लिए हमें जरूरत होती है, एक वाटरप्रूफ बेस की। टू-वे केक एक वाटर-प्रूफ बेस है। इसे आप अपने पर्स में आसानी से कैरी कर सकती हैं और कहीं भी खुद को टचअप दे सकती हैं।

### मूज और टिंटिड मॉइश्चराइजर का प्रयोग

समर सीजन में मिनिमल मेकअप के साथ स्पॉटलेस और फ्लोलेस स्किन टेक्सचर पाने के लिए साथ ही फेस को मैट लुक देने के लिए मूज का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। मूज चेहरे पर लगाते ही पाउडर फॉर्म में तब्दील हो जाता है जिस कारण पसीना नहीं आता। ये एक्स्ट्रा ऑयल रिमूव करके आपके फेस को मैट फिनिश और लाइट लुक देता है। टिंटड माइश्चराजर लाइट बेस होने के कारण यह इस मौसम में बेस्ट रहता है। यदि आपकी त्वचा साफ, बेदाग और निखरी हुई है तो आप बेस बनाने के लिए केवल टिंटिड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये एसपीएफ यानि सन प्रोटेक्शन फैक्टर के साथ भी आता है, जिसके कारण यह आपकी त्वचा को सुरक्षा प्रदान कर सकता है। इसके अलावा यह हमारी स्किन को तेज हवा और अन्य वजह से होने वाली ड्राइनेस से बचाकर मॉइश्चराइज भी करता है।

## रेसिपी

### पनीर मक्खनी



**समाग्री**

पनीर- 200 ग्राम, टमाटर सॉस- 1 कप, लाल मिर्च पाउडर- स्वादुनसार, मक्खन- 3 टीस्पून, जीरा पाउडर- थोड़ा सा, कसूरी मैथी- थोड़ी सी, क्रीम- 1/3 कप, चीनी- स्वादनुसार, नमक- स्वादनुसार, गरम मसाला- थोड़ा सा


**विधि**

सबसे पहले तो एक कढ़ाई में मक्खन डालकर मक्खन गरम कीजिए। अब उसमें टमाटर सॉस, चीनी, जीरा पाउडर, नमक, लाल मिर्च पाउडर, कसूरी मेथी डालकर धीमी आंच पर लगभग 8 मिनट तक पकने के लिए छोड़ दें। उसके बाद पनीर के छोटे-छोटे टुकड़ों और क्रीम को डालकर अच्छे से मिलाएं और 1 कप पानी डालकर पांच मिनट तक पकाएं। अब थोड़ा सा गरम मसाला डालकर उसमें 1 चम्मच मक्खन डालकर 5 मिनट और पकाएं फिर गैस बंद कर दें। और बस तैयार है आपका पनीर मखनी।

### *अखरोट में नाड़ी तंत्र की रक्षा करने वाले यौगिक मौजूद*

# ब्रेन फूड बनाएगा आपके दिमाग को और तेज

आमतौर पर हमेशा हमारा जोर ऐसे खाने पर रहता है, जिससे हम अपने दिमाग को और भी तेज बना सकें। ऐसे में हम ड्राई फ्रूट्स खाने पर ज्यादा जोर देते हैं। इसके अलावा दूध का भी लोग खूब इस्तेमाल करते हैं। मगर शायद आपको नहीं मालूम कि दिमाग के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद कौन सी चीज होती है? तो आइए आज हम आपको बताते है उस ब्रेन फूड के बारे में, जिससे आप अपने दिमाग को और भी तेज बना सकते हैं।



### डीजेनरेशन को कम करता है

यदि भोजन की दिखावट और यह शरीर के लिए क्या करता है, इन दोनों में कोई संबंध है तो अखरोट जिसे ब्रेन फूड कहा जाता है, वह इस मामले में सबसे पहले आता है। विशेषज्ञों के अनुसार मानवीय दिमाग को उच्च क्वालिटी फैट्स जैसे ओमेगा थ्री फैटी एसिड्स की जरूरत होती है ताकि यह सही ढंग से काम कर सके। अखरोट में नाड़ी-तंत्र की रक्षा करने वाले कई यौगिक शामिल होते हैं जैसे विटामिन ई, फोलेट, मैलाटोनिन, ओमेगा-3 फैटी एसिड्स तथा एंटी ऑक्सीडैंट्स। यह सब उम्र बढ़ने के साथ-साथ कोग्नीटिव लाइन की डीजेनरेशन को कम करने के लिए जाने जाते हैं।

### बढ़ाता है मैलाटोनिन का स्तर

इनके साथ ही मैगनीका, कॉपर, आयरन, फास्फोरस, मैगनीशियम तथा कैल्शियम भी अखरोटों में पाए जाते हैं जो रक्त में मैलाटोनिन के स्तर को बढ़ाने में सहायक होते हैं। मैलाटोनिन का स्तर शरीर में निद्रा को नियंत्रित करने वाले हार्मोन्स का मुख्य कारक है। अच्छी नींद यकीनन अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बारे में जानकार कहते हैं। अधिकतर मेवों की तरह अखरोट कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने तथा हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होता है। प्रतिदिन 3 या 4 अखरोटों का सेवन आपके शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इन्हें रात भर भिगो कर रखा जाए और फिर इनका सेवन किया जाए।

### मूंगफली कबाब



**सामग्री**

200 ग्राम मूंगफली के दाने, 3 आलू, उबले हुए 4 से 6 ब्रेड स्लाइस, प्याज, बारीक कटा हुआ लाल मिर्च (स्वादनुसार), धनिया पाउडर गरम मसाला (पिसा हुआ), कटा हरा धनिया 2 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई, तेल नमक स्वादानुसार

**विधि**

मूंगफली के कबाब बनाने के लिए सबसे पहले तो मूंगफली के दाने को भूनकर उनका छिलका उतार लें और उन्हें मिक्सी में डालकर थोड़ा दरदरा पीस लें। अब उबले हुए आलूओं को छीलकर मैश करें। अब एक कटोरे में मूंगफली के पीसे दाने, मैश किए हुए आलू, प्याज, हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर सबको अच्छी तरह मिलाएं। अब ब्रेड के स्लाइस को पानी में भिगो कर हाथ से निचोड़ कर इस मिश्रण में मिला दें। अब तैयार कबाब के मिश्रण में नमक और सभी मसाले डालकर मिलाएं और इस मिश्रण के छोटे-छोटे कबाब बना लें। अब नॉन-स्टिक पैन में तेल डालकर गरम करें। इसके बाद तैयार कबाब को धीमी आंच में हल्का भूरा होने तक पैन पर तल लें। बस इसी तरह सारे कबाब बनाएं। और इन्हें अपनी पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**